e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 207

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
30.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110


**सुविचार**
निर्णय लेने और असफल हो जाना, इससे एक बात तो स्पष्ट है कि आप उस भीड़ का हिस्सा नहीं हैं, जो असफल होने के डर से निर्णय ही नहीं ले पाए हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26




## पांकी विधान सभा क्षेत्र में मुमताज खान ने फूंका चुनावी बिगुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** 21 जुलाई को भीम आर्मी के स्थापना दिवस के अवसर पर पांकी विधान सभा क्षेत्र में विधानसभा चुनाव का शंखनाद कर दिया गया। पूरे विधान सभा क्षेत्र में 21 जुलाई से लेकर 28 जुलाई तक आजाद समाज पार्टी के झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष और पांकी विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी मुमताज खान के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया। इस दौरान उन्होंने चुनाव लडने को लेकर अपने कार्यकर्ताओं से राय मशविरा किया। साथ ही आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी का पांकी प्रखंड कमिटी का गठन किया। पांकी प्रखंड कमेटी में गुलशन अंसारी को आजाद समाज पार्टी का अध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह जगजीवन राम, अजय भुइंया, सुनील राम और सरवन कुमार को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी दी गई। खादिल अंसारी महासचिव, सिकंदर राम और राजन कुमार को सचिव बनाया गया। इस कमिटी में 25 लोगों को जगह दी गई है। इसी तरह भीम आर्मी के लिए 18 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। गठित कमेटी में अजय राम अध्यक्ष नियुक्त किए गए। कमेटी में नौशाद आलम, अलमुद्दीन अंसारी, अमरेश उरांव, रोहन उरांव, बच्चू प्रजापति आदि शामिल हैं।मुमताज खान ने कहा कि पिछड़ा, अल्पसंख्यक, हरिजन व आदिवासी आजाद समाज पार्टी में तेजी से जुड़ रहे हैं। यूपी मॉडल की तर्ज पर झारखंड में भी पार्टी का विस्तार किया जायेगा। मुमताज खान ने कहा कि पार्टी में उच्च और नीच से मतलब नहीं है। उच्च जाति के लोग भी पिछड़े हैं। वे भी असहाय हैं। धर्म और जाति के आधार पर कोई भेद नहीं किया जायेगा। उन्होंने पांकी विधानसभा क्षेत्र की चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधि ने यहां की जनता को छलने का काम किया है। इस क्षेत्र में पेयजल का घोर अभाव है। इस वर्ष गर्मी के मौसम में हनुमान और बंदर पानी के अभाव में मर गए। यहां पेयजल की घोर किल्लत है। स्वास्थ्य सुविधा का भी घोर अभाव है। शिक्षा सुविधा भी चौपट है। बेरोजगारी चरम पर है। आजाद समाज पार्टी के उपाध्यक्ष मुमताज खान ने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधि ने मुंगेरीलाल का सपना दिखा कर चुनाव तो जीत गए। लेकिन एक भी वादा उन्होंने पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पांकी में विकल्प की तलाश है। लोग पूर्व और वर्तमान जनप्रतिनिधि से ऊब गए हैं। मुमताज खान ने कहा कि अगर पांकी विधानसभा क्षेत्र के लोगों का साथ मिला तो शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन करेंगे। जनता अंचल और प्रखंड का चक्कर लगाते थक गई। जनता के काम के लिए गांव गांव में कैंप लगाएंगे। जरूरतमंदों का हर काम पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी का वार्ड स्तर पर कमिटी बनाया जायेगा। पंचायत स्तर का दौरा एक से 31 अगस्त तक करके कमिटी का गठन किया जायेगा।

## लाखों की लागत से बने सामुदायिक शौचालय में लटक रहा है ताला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** मेदिनीनगर स्थित नगर निगम चैनपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 34 में नगर निगम से लगभग 47 लाख की लागत से दो सामुदायिक शौचालय बना हुआ है जो कि लगभग पांच वर्ष से उसमे ताला लटका हुआ है जबसे शौचालय बनकर तैयार हुआ है तब से वर्तमान तक शौचालय ग्रामीणों के लिए चालू नहीं किया गया और शौचालय का कुछ भाग क्षतिग्रस्त हो गया हैं लेकिन शौचालय का सुद्दी लेने वाला कोई भी नहीं हुआ। इस संदर्भ में नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन ने कहा कि चैनपुर में दो सामुदायिक शौचालय बना है जो मेरे संज्ञान में है वहीं उन्होंने कहा लगभग दस से बारह शौचालय का लिस्ट तैयार है रिपेयरिंग के लिए, वो दोनों शौचालय भी हम जांच करा लेते है जल्द ही सामुदायिक शौचालय चालू करा दिया जाएगा।

## जनता से किए वादे पर खरा नही उतरे वर्तमान एवं पूर्व के विधायक : देवेंद्र



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जन क्रांति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह वरिष्ठ समाजसेवी देवेंद्र कुमार प्रजापति ने आगामी विधानसभा का चुनाव झारखंड जन क्रांति मोर्चा के बैनर तले लड़ने का फैसला लिया है। वे पिछले कई वर्षों से 81 विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कई जन मुद्दों को उठाने के साथ समाजसेवी के रूप में एक अलग पहचान बनाया है। भावी विधायक प्रत्याशी देवेंद्र कुमार प्रजापति ने शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा के प्रति ग्रामीणों के साथ अग्रणी भूमिका निभाने का कार्य करते रहे हैं।वही चुनावी गलियारे से 81 विधानसभा में चर्चा यह है की पूर्व में जो विधायक आये वह अपने वादों पर खरा उतरने का कार्य नहीं किया है। जिससे यहा कि जनता निश्चित तौर पर पुराने विधायकों से अब उब चुकी है। क्षेत्र की जनता नया युवा चेहरे को तलाश कर रही हैं। जो इस क्षेत्र को पलायन से मुक्ति दिलाए साथ ही शिक्षा,स्वास्थ्य,कृषि के क्षेत्र में बदहाली से गुजर रहे 81विधानसभा क्षेत्र को मुक्ति दिलाए।ज्ञात हो की झारखंड राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग सक्रिय भूमिका में होकर लगातार वरीय पदाधिकारी के साथ बैठक कर रही हैं। साथ ही सूत्रों के हवाले से राज्य में अगस्त के लास्ट सप्ताह में आचार संहिता लग जाने का भी कयास लगाया जा रहा है। ऐसे में राष्ट्रीय पार्टी के साथ-साथ स्थानीय विभिन्न सभी पार्टियां आगामी विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारने को लेकर सक्रिय भूमिका में दिख रही है। इसी क्रम में झारखंड जनक्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने भी अपनी उम्मीदवार को लेकर फील्ड विजिट के साथ-साथ अपनी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठकों का सिलसिला जारी कर दिया है।

## कमलापुरी समाज के स्थानीय कमिटी का किया गया गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय अनिकेत पैलेस में रविवार को अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य प्रादेशिक सभा की बैठक कर कमलापुरी समाज के स्थानीय कमिटी का गठन किया गया। कमलापुरी समाज के स्थानीय कमिटी के लिये बिरेन्द्र कमलापुरी को अध्यक्ष, प्रमोद कुमार को सचिव, कमलेश कुमार को कोषाध्यक्ष, दीपक कमलापुरी को संगठन मंत्री, अरविन्द कुमार व उमाशंकर प्रसाद को उपाध्यक्ष, सुदामा प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, विनोद प्रसाद, जवाहर प्रसाद, गोपाल प्रसाद, ईश्वरी प्रसाद, राम प्रसाद, शिव साह, मंदीप प्रसाद, भुवनेश्वर प्रसाद व शिवशंकर प्रसाद को संरक्षक तथा प्रमोद कुमार, राजू कमलापुरी, राधेश्याम प्रसाद, संतोष कुमार, आनन्द प्रकाश,मनोज भाई जी, राहुल कुमार, विकास कुमार, रविशंकर प्रसाद, रमेश कुमार, उमेन्द्र प्रसाद तथा अक्षयवर प्रसाद को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया। बैठक में उपस्थित झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष राजमणी गुप्ता ने बुजुर्ग अभिभावकों, अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने जाने पर हृदयानंद कमलापुरी तथा रमेश कमलापुरी को बधाई देते हुये माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया वहीं सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर व बुके देकर सम्मानित किया गया। बैठक में अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य सभा के झारखंड प्रदेश के सह संयोजक काशी प्रसाद, जितेन्द्र कमलापुरी, धीरज कमलापुरी, शिव प्रसाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, रमेश कमलापुरी, रामकेश साह, शम्भू प्रसाद, हजारी प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, गोपाल प्रसाद, जवाहर प्रसाद, सरयू साव, ईश्वरी प्रसाद, मनदीप प्रसाद, अशोक प्रसाद, रवि प्रसाद, रामखेलावन प्रसाद, ललन प्रसाद सहित गढ़वा, मझिआंव, केतार, पचाडुमर, खरसोता, मोरबे, चैनपुर से बड़ी संख्या में कमलापुरी समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हृदयानंद कमलापुरी ने किया।

## हेमंत सरकार डाल्टनगंज से सौतेला व्यवहार बंद करे : विधायक आलोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विधायक आलोक चौरसिया ने चैनपुर थाना रोड के पुनर्निर्माण के लिए हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। यह सड़क झारखंड और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसकी दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है। विधायक आलोक चौरसिया का यह संघर्ष न केवल उनके निर्वाचन क्षेत्र के लिए बल्कि दोनों राज्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विधायक आलोक चौरसिया ने अप्रैल महीने में ही चैनपुर थाना रोड के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव विभाग के माध्यम से कैबिनेट को भेजा था। इसके बावजूद, कैबिनेट ने अभी तक इस प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दी है। सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि इसे केवल मरम्मत करने से कोई लाभ नहीं होगा। इसे पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। सड़क की दुर्दशा के कारण स्थानीय जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक आलोक चौरसिया ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाते हुए सरकार पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह रवैया उनके विधानसभा क्षेत्र के प्रति अन्यायपूर्ण है। स्थानीय जनता, जिनकी समस्याओं को विधायक ने हमेशा प्राथमिकता दी है, अब उनके साथ इस संघर्ष में खड़ी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विधायक आलोक चौरसिया इस मुद्दे को न उठाते तो शायद सरकार इस सड़क की दुर्दशा को नज़रअंदाज़ कर देती।

## बिजली की तार के चपेट में कभी भी आ सकते हैं स्कूली बच्चे



**पिपरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत पिपरा के ग्राम अंधारीबाग खुर्द के उत्क्रमित मध्य विद्यालय से सटे हुए पिछले 10 दिनों पहले ही बिजली का तार टूट कर गिरा हुआ है जिसमें करंट चालू है। विद्यालय के शिक्षक रणधीर कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि पिछले 10 दिनों से बिजली विभाग के सहायक अभियंता और बिजली मिस्त्री से संपर्क किया जा रहा है उनके द्वारा बस आश्वासन दिया जा रहा है कि आज ठीक हो जाएगा ऐसा बोलते बोलते 10 दिन बीत गया है विद्यालय में नन्हे मुन्ने बच्चे आते हैं कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है इस गंभीर समस्या का निदान जल्द से जल्द निकला जाए। वही संवाददाता ने कहा कि वैसे प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो जगह पर बिजली के तार पोल की स्थिति ठीक नहीं है कहीं 11 हज़ार वोल्ट के तार मात्र जमीन से 10 ऊपर है तो कहीं किसी के घर से महज़ 5 फीट की दूरी पर है दर्जनों जगह तार की स्थिति को देखकर लगता है कि कभी भी टूट कर गिर सकता है पूरे पिपरा प्रखंड के बिजली के तार पोल की जर्जर स्थिति को बिजली विभाग द्वारा सर्वे कराकर दुरुस्त करना चाहिए। आए दिनो इन तारों की चपेट में आकर किसानों के जानवरों की जान जाती है। जिसका उन्हें उचित मुआवजा भी नहीं मिल पाता है। इस समस्या को गंभीरता से लेने की जरूरत है नहीं तो किसी दिन कोई बड़ी अप्रिय घटना घटेगी।

## सड़क दुर्घटना में महिला सहित तीन घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पड़वा थाना क्षेत्र के सरैया गांव के तीन व्यक्ति सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों में प्रीति कुमारी 16,स्वेता सिंह 25,अक्षय कुमार का नाम शामिल है।इस घटना के बारे में घायल व्यक्ति अक्षय कुमार ने बताया की सोमवार की सुबह तीनो लोग बाइक पर सवार होकर किसी काम से पाटन जा रहे थे।इसी बीच रास्ते में बटसार गांव के पास एक अज्ञात मोटरसाइकिल ने उन्हे पीछे से उन्हें धक्का मार कर फरार हो गया। जिसमे बाइक से गिरकर तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा तीनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद भी प्रीति कुमारी और स्वेता सिंह की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायलों का इलाज करवा रहे हैं।

### भंडार उच्च विद्यालय में कन्या प्राथमिक विद्यालय का होगा संचालन

## विश्रामपुर बीईईओ ने कन्या प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन को देखते हुए छात्र हित में दिया निर्देश




**आलोक पांडेय @ प्रभात मंत्र**

**विश्रामपुर :** भंडार कन्या प्राथमिक विद्यालय को अपग्रेटेड उच्च विद्यालय में शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया। जहां शैक्षणिक कार्य को ले दो कमरा उपलब्ध कराया जाएगा। इस बावत कार्यालय के ज्ञापांक 284 दिनांक 23 जुलाई को विश्रामपुर बीईईओ महेंद्र प्रजापति के द्वारा दोनों विद्यालय के प्रभारी को पत्र निर्गत कर निर्देश दिया गया है। पत्र में निर्देशित किया गया है कि कन्या प्राथमिक विद्यालय का अपना तीन कमरा है जो पूरी तरह से जर्जर हो गया है। जहां कभी भी अप्रिय घटना हो सकता है। ऐसे छात्रहित को देखते हुए विद्यालय शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया। इसकी जानकारी देते हुए बीईईओ महेंद्र प्रजापति ने बताया कि विद्यालय के जर्जन भवन संबंधित प्रभारी के द्वारा कार्यालय कई बार लिखित शिकायत किया जाता रहा है। जिसके आलोक में बीईईओ के द्वारा 15 जुलाई को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी व प्रखंड साधन सेवी के द्वारा द्वारा विद्यालय की स्थिति की जांच कराई गई। विद्यालय के भवन की अत्यंत जर्जर स्थिति से अवगत कराया गया है। जिसे देखते हुए छात्रहित में 25 जुलाई से उक्त विद्यालय का संचालन 100 मीटर की दूरी पर संचालित अपग्रेटेड उच्च विद्यालय में शिफ्ट करने का आदेश दिया गया है। इस बावत भंडार कन्या प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी को अपने विद्यालय की सामग्री अपग्रेटेड उच्च विद्यालय में ले जाकर शैक्षणिक कार्य करने का निर्देश दिया गया है। वहां दो कमरा उपलब्ध कराया गया है।

## राष्ट्रीय जनता दल के जिला महासचिव बने दिलीप यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के पिंडारकोम ग्राम निवासी दिलीप यादव को राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा का जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय जनता दल के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक यादव के द्वारा जिला महासचिव के रूप में दिलीप यादव को मनोनीत किया गया एवं आशा व्यक्त करते हुए उनसे कहा है कि जिला महासचिव बनने के बाद आप संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए कमिटी के विस्तार एवं अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने में अपनी भूमिका निभाएंगे ।वहीं राजद के युवा मोर्चा जिला महासचिव बनने पर बालूमाथ राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव, पंकज सिन्हा, मनोज यादव श्याम सुंदर यादव समेत कई लोगों ने बधाई दिया है।

## पलामू में चौकीदार भर्ती पर विधायक ने उठाया सवाल



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला में चौकीदार की सीधी भर्ती में अनुसूचित जाति को आरक्षण का लाभ नहीं दिए जाने पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधानसभा में सोमवार को आवाज बुलंद की। वह लगातार इस मामले को लेकर आवाज उठाने का काम कर रहे हैं। मालूम हो की पलामू जिले में चौकीदार के पदों पर सीधी भर्ती के लिए उपायुक्त द्वारा विज्ञापन संख्या 01/2024, दिनांक 02 जुलाई 2024 प्रकाशित किया है, जिसमें चौकीदार के 156 पदों की भर्ती की जानी है। इस विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण को शून्य कर देने पर विवाद उत्पन्न हो गया है। इस मामले को लेकर सोमवार को हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह द्वारा विधानसभा में पूछे गए अल्पसूचित प्रश्न संख्या-26 के उत्तर में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है।पलामू जिले में उपायुक्त के द्वारा चौकीदार के 156 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। आयुक्त, पलामू प्रमण्डल के द्वारा आरक्षण रोस्टर शोधन कोटिवार अनुमोदित किया गया है।

## प्रखंड साधन सेवी व संकुल साधन सेवियों की बैठक बीआरपी की अध्यक्षता में सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में सोमवार को प्रखंड साधन सेवी व संकुल साधन सेवियों की बैठक बीआरपी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बीआरपी ने विभागीय कार्यो की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में बीआरपी ने रुआर कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में होने वाले तमाम गतिविधियों का डे टू डे कार्यक्रम का लिखित प्रतिवेदन बीआरसी को उपलब्ध कराने का निर्देश सभी प्रधानाध्यापकों को दिया। विद्यालय के पोषक क्षेत्र में शत प्रतिशत नामांकन कराने, कोई भी बच्चा अनामांकित न रहे इसकी व्यवस्था करने का निर्देश सीआरपी को दिया. उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रयास कार्यक्रम को गम्भीरता से लागू किया जाय। उन्होंने कहा की सीआरपी प्रधानाध्यापक से यू - डायस में प्रोग्रेशन का काम पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी सीआरपी प्रधानाध्यापक से समन्वय बनाकर छात्रवृत्ति व पोषाक हेतु खाता का डाटा बीआरसी में जमा कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि बच्चों को छात्रवृत्ति व पोषाक की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजा जा सकें। प्रयास-सह-प्रोजेक्ट इंपैक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। रेल प्रोजेक्ट के तहत होने वाले साप्ताहिक टेस्ट का अनुश्रवण करना तथा सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा लिंक भरवाने का निर्देश दिया. एमडीएम के तहत शत प्रतिशत मैसेज, ई विद्या वाहिनी में छात्रों की उपस्थिति, शिक्षक का बायोमेट्रिक उपस्थिति शत प्रतिशत लागू हो। कक्षा-कक्ष कि सफाई, सहित अन्य कार्यों की जानकारी से अवगत कराया और कहा कि ये सभी कार्यक्रम विद्यालयों में शत प्रतिशत लागू हो इसे सीआरपी सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति के योगदान एंव सहयोग से निम्न बिन्दुओं में प्रदर्शन ग्रेडिंग प्रपत्र का सर्वे सभी विद्यालयों में हो यह सुनिश्चित हो। बैठक में बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह,अजय कुमार, प्रशांत कुमार देव, शोभा पांडेय, बिरेन्द्र प्रजापति, सुबोध कुमार केशरी, कम्प्यूटर ऑपरेटर रोहित कुमार सहित सभी सीआरपी उपस्थित थे।


**समाहरणालय, सिमडेगा**
**(जिला सामान्य शाखा)**

**चौकीदार नियुक्ति से**

दिनांक– 26.07.2024 को संपन्न चौकीदार नियुक्ति समिति में लिए गए निर्णय के अनुसार चौकीदार नियुक्ति की लिखित परीक्षा दिनांक– 18.08.2024 को सिमडेगा जिला मुख्यालय के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा के उपरान्त एक सप्ताह के अन्तराल में शारीरिक दक्षता संबंधित जाँच की परीक्षा पुलिस लाईन, सिमडेगा में आयोजित की जायगी।

विश्वासभाजन
प्रभारी पदाधिकारी
जिला सामान्य शाखा,सिमडेगा

PR 331015 District(24-25).D



**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**

**ईच्छा की अभिव्यक्ति 02/2023-24 (3rd call)**
**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**
**(Very Short Term Tender Notice)**

15वें वित्त आयोग द्वारा प्राप्त अनुदान राशि के माध्यम से क्रियान्वयन हेतु 15th FC Tied Grant स्वीकृत योजना अंतर्गत झुमरी तिलैया नगर परिषद् esa Establishment of 100 kg per day Capacity Waste paper/waste cloths Recycling plant and production of value added products from recycled paper/old,used, torn, Damaged clothes हेतु मशीन, उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति, निर्माण कार्य, अधिष्ठापन, प्रशिक्षण, दो (02) वर्ष तक विपणन लिंकेज, संचालन और रख–रखाव (Operation & Maintanance) हेतु Turnkey Basis पर इस क्षेत्र के अनुभवी निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों/अर्द्ध सरकारी संगठनों/निजी कम्पनी/ संस्थानों /फर्म/उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक 05/08/2024 के 05:00 बजे अपराहन तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है। "ईच्छा की अभिव्यक्ति" तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड़ की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े पृथक सीलबंद लिफाफें में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी शर्त एवं दिशा निर्देश कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद् के सूचना पट्ट अथवा वेबसाईट https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बिड को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक 06/08/2024 के 04:00 बजे अपराहन निविदा निस्तारण समिति के द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बिड के सफल प्रस्तावकों द्वारा परियोजना के क्रियान्वयन से संबंधित कार्य योजना का PPT (Power Point Presentation) प्रस्तुति के पश्चात वित्तीय बीड़ खोला जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 6207805284 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक, झुमरी तिलैया नगर परिषद्

PR.NO.331045 Urban Development(24-25):D

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 207

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
30.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

निर्णय लेने और असफल हो जाना, इससे एक बात तो स्पष्ट है कि आप उस भीड़ का हिस्सा नहीं हैं, जो असफल होने के डर से निर्णय ही नहीं ले पाए हैं।

## क्विक न्यूज

### कोचिंग सेंटर हादसा : तीन छात्रों की मौत मामले में अब तक सात गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** नई दिल्ली स्थित राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने राव आईएएस स्टडी सेंटर में हुए हादसे के मामले में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया है, इसमें वह कार चालक भी शामिल है जो बारिश के दौरान सड़क से तेज रफ्तार कार लेकर गया था जिससे कोचिंग सेंटर का गेट टूट गया था, इसके अलावा बेसमेंट के मालिक को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।इन लोगों की गिरफ्तारी के साथ मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या सात हो गई है। पुलिस का कहना है कि हम मामले में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### बारामूला जिले के सोपोर इलाके में विस्फोट, 4 लोगों की मौत

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर इलाके में विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई है। यह घटना उस समय हुई जब शेर कॉलोनी में एक स्क्रैप डीलर ट्रक से सामान उतार रहा था। पुलिस घटना की जांच कर रही है। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई है और पूरे इलाके में चीख पुकार मच गई है। वहीं इस धमाके में एक शख्स घायल भी हुआ है।

### चेक बाउंस मामले में दोषी को एक साल की सजा और 24 लाख जुर्माना


**रांची :** न्यायिक दंडाधिकारी जेनिस मिंज की कोर्ट ने चेक बाउंस के आरोप में दोषी दिए गए अमित कुमार सोनी को एक वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने 24 लाख का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने आदेश में कहा कि जुर्माना की राशि उस पीड़ित को दी जायेगी, जिसे अमित सोनी ने चेक दिया था। यह राशि उस चेक के बदले देय होगी, जो बाउंस हो गया। अमित सोनी ने अजय जैन को पैसों के भुगतान के 19 लाख 85 हजार के दो अलग-अलग चेक दिए थे, जो बाउंस कर गए थे। इसके बाद अजय जैन ने कोर्ट की शरण ली थी। अजय जैन ने सिविल कोर्ट में कंप्लेंट केस दर्ज करवाया था, जिस पर कोर्ट में सुनवाई हुई। अजय जैन की ओर से अधिवक्ता अनंत कुमार विज ने बहस की। यह मामला वर्ष 2021 का है।

### बिहार के हाजीपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को रौंदा, 5 की मौत

**पटना :** बिहार के वैशाली जिले के हाजीपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को रौंद दिया। इस हादसे में 3 महिला सहित 5 लोग की मौत हो गई। 4 की हालत गंभीर है। घायलों को पटना पीएमसीएच में रेफर किया गया है। जहां सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ऑटो में सवार सभी लोग मंदिर से पूजा करके लौट रहे थे। ऑटो में एक ही परिवार के कई लोग सवार थे। साथ ही पड़ोस के रहने वाले लोग भी मंदिर से पूजा करके ऑटो से लौट रहे थे। तभी रास्ते में तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को रौंदते हुए चला गया।

### गैंगस्टर सुजीत सिन्हा, आकाश राय और हरि तिवारी बरी

**मेदिनीनगर(पलामू) :** पलामू सहित झारखंड के गैंगस्टर व अमन साहू के करीबी आकाश राय उर्फ मोनू, कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा एवं अपराधी हरि तिवारी को पलामू जिले की एक नीचली अदालत ने के अभाव में बरी कर दिया। तीनों के खिलाफ मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के दो अलग अलग मामले में मामला दर्ज कराया गया था। न्यायालय में केस चलने के दौरान ठोस गवाह नहीं मिले।सुजीत सिन्हा पर मेदिनीनगर शहर के एलआइसी बिल्डिंग रोड के व्यवसायी पवन केजरीवाल से जनवरी 2017 में 10 लाख रूपए रंगदारी मांगने का आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया गया था।



### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30° |
| न्यूनतम | 24° |

**हेमंत सोरेन को मिली राहत, सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की याचिका खारिज की**

# हाई कोर्ट का अच्छा फैसला है : सुप्रीम कोर्ट

**सुप्रीम कोर्ट ने याचिका की सुनवाई के दौरान कहा,हाई कोर्ट के द्वारा दिया गया ये अच्छा फैसला है. जज ने तर्कसंगत फैसला सुनाया है. हम आदेश में दखल देने के इच्छुक नहीं हैं.**

**तो आप मुश्किल में पड़ सकते हैं**

सुनवाई के दौरान जस्टिस गवई ने कहा,हाई कोर्ट ने सभी बयानों पर सही तरीके से विचार किया है. हम और कुछ नहीं कहना चाहते. अगर हम कहेंगे तो आप मुश्किल में पड़ सकते हैं. जज ने बहुत ही तर्कसंगत फैसला सुनाया है. सीजेआई ने बेंगलुरु में एक बयान दिया कि जब जमानत देने का सवाल आता है, तो ट्रायल कोर्ट सुरक्षित स्थान पर होते हैं.

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत देने के हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को 'बेहद तर्कपूर्ण बताया है.ये तर्क देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय की याचिका को खारिज कर दिया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देने के हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी. सुप्रीम कोर्ट ने याचिका की सुनवाई के दौरान कहा,हाई कोर्ट के द्वारा दिया गया ये अच्छा फैसला है. जज ने तर्कसंगत फैसला सुनाया है. हम आदेश में दखल देने के इच्छुक नहीं हैं. हालांकि हाईकोर्ट की टिप्पणियों का ट्रायल पर कोई असर नहीं होगा.जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच का ये फैसला है.



### ईडी ने रखा था ये तर्क

झारखंड के मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन को हाई कोर्ट से मिली जमानत पर रिहाई के खिलाफ दाखिल ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की. ईडी ने हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए कहा है कि हाई कोर्ट का आदेश गैर कानूनी है यानी जमानत के लिए पीएमएलए एक्ट के प्रावधानों के खिलाफ है. साथ ही जमानत के आदेश में हाईकोर्ट की टिप्पणियां अवांछित और पूर्वाग्रह वाली हैं. हाई कोर्ट का ये कहना गलत है कि इस मामले में प्रथम दृष्टया हेमंत सोरेन के खिलाफ कोई मामला बनता ही नहीं है. इसके अलावा हाई कोर्ट के आदेश में कई प्रक्रियागत चूक और अनदेखी हुई है. ईडी ने कहा कि हाई कोर्ट की टिप्पणियां पक्षपातपूर्ण हैं.

### हाई कोर्ट के आदेश को ईडी ने दी थी चुनौती

सोरेन की जमानत याचिका का विरोध करते हुए ईडी ने आरोप लगाया था कि उन्होंने राज्य की राजधानी में बड़गाम अंचल में 8.86 एकड़ जमीन अवैध रूप से हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री के अपने पद का दुरुपयोग किया था। ईडी ने दावा किया था कि जांच के दौरान हेमंत सोरेन के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद ने स्वीकार किया था कि पूर्व मुख्यमंत्री ने उन्हें उक्त भूखंड के स्वामित्व में बदलाव करने के लिए आधिकारिक आंकड़ों से छेड़छाड़ करने का निर्देश दिया था। ईडी ने कहा था कि भूखंड पर जब कब्जा किया जा रहा था, तब उसके असली मालिक राजकुमार पाहन ने शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन उस पर कभी कार्रवाई नहीं हुई। हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए ईडी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

### यूपीएससी छात्रों की मौत पर नहीं होनी चाहिए राजनीतिः प्रधान



**नई दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि कोचिंग संस्थानों को नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि दिल्ली के एक कोचिंग संस्थान में पानी भर जाने के कारण तीन यूपीएससी छात्रों की मौत पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। 27 जुलाई को दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर में एक यूपीएससी कोचिंग सेंटर में तीन छात्रों की मौत पर राज्यसभा में एक संक्षिप्त चर्चा के दौरान भाग लेते हुए मंत्री ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। प्रधान ने कहा कि शोक संतप्त परिवारों को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता।उन्होंने कहा कि हमें जिम्मेदारी तय करनी चाहिए, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। उन्होंने कहा कि कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। लापरवाही हुई है और किसी को जिम्मेदारी लेनी होगी, ताकि समाधान निकाला जा सके। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि शिक्षा केंद्र के साथ-साथ राज्य की भी जिम्मेदारी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने 2017, 2019, 2020 और 2024 में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कोचिंग सेंटरों से संबंधित गाइडलाइन भेजी थी। प्रधान ने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने जनवरी 2024 में राज्यों को एक गाइडलाइन भेजी थी। यह पहले से ही सार्वजनिक है। अगर राज्य सरकारों ने इसका पालन किया होता तो यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना नहीं होती। इसे लागू करना राज्यों का कर्तव्य है। राज्यसभा में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के लिए अपनी जिम्मेदारियों से पीछे हटना उचित नहीं होगा।



## दूसरी सोमवारी : शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**रांची के पहाड़ी मंदिर में लगभग 80 हजार भक्तों ने बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक किया।सुबह अहले तीन बजे पूरे सनातनी विधि-विधान से रुद्रा अभिषेक कर सेक्रेटरी मनीष रंजन, उपायुक्त राहुल सिन्हा आदि ने संयुक्त रूप से पूजा किया गया।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में सुबह से लेकर रात तक सावन की दूसरी सोमवारी पर भक्तों का भीड़ रही। रांची के पहाड़ी मंदिर में लगभग 80 हजार भक्तों ने बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक किया।सुबह अहले तीन बजे पूरे सनातनी विधि-विधान से रुद्रा अभिषेक कर सेक्रेटरी मनीष रंजन, उपायुक्त राहुल सिन्हा आदि ने संयुक्त रूप से पूजा किया गया। पूजा के बाद अरघा लगा कर सभी भक्तो के लिए पट खोला गया। बोलबम के जयकारों से पहाड़ी मंदिर गूंज उठा। पहाड़ी बाबा तक जाने वाले मार्ग में सभी भक्तो के लिए कूलर लगाया गया था। पूरे मंदिर परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया गया। समिति के सचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि भक्तो के बीच महाप्रसाद को लेकर काफी उत्साह था, सभी भक्त कतारवध हो कर महाप्रसाद ले रहे थे।सभी भक्तो से प्रसाद को लेकर सुझाव भी लिया गया। रांची पहाड़ी विकास समिति के प्रवक्ता बादल सिंह ने बताया कि लगभग 10 मोबाइल के चोरी की सूचना मिला। मंदिर समिति के तत्परता से सात मोबाइल फोन को प्राप्त कर फोन मालिक को सौप दिया गया। सभी भक्तो से अनुरोध किया कि मंहगे आभूषण पहन कर भीड़ भाड़ में ना आये। पहाड़ी मंदिर में अरघा से भक्तों ने जलाभिषेक किया। संध्या में पहाड़ी बाबा का विशेष श्रृंगार और छप्पन भोग के साथ महाआरती किया गया। इस दौरान सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

**लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा, कहा**

# देश में है डर का माहौल



एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किसान, पेपर लीक, देश में फैले डर, बजट और टैक्स से जुड़े मुद्दों पर मोदी सरकार को घेरा. राहुल ने बोलते हुए कहा कि देश में डर का माहौल है, यह डर पूरे देश में फैला हुआ है.

बीजेपी के अंदर लोग डरे हुए हैं, मंत्री डरे हुए हैं और देश के किसान डरे हुए हैं. राहुल गांधी ने इसके बाद अभिमन्यु से जड़ी प्राचीन घटना का जिक्र करते हुए सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि हजारोंबी साल पहले हरियाणा में अभिमन्यु को 6 लोगों ने चक्रव्यूह में मारा था. चक्रव्यूह के अंदर डर और हिंसा होती है और अभिमन्यु को उसमें फंसाकर 6 लोगों ने मारा.उन्होंने कहा कि मैंने चक्रव्यूह के बारे में रिसर्च की और पता लगा कि इसका एक दूसरा नाम होता है- पद्मव्यू,जो कमल के फूल के आकार का होता है. राहुल गांधी ने आगे कहा कि इक्कीसवीं सदी में एक नया चक्रव्यूह आया है, वो भी कमल के आकार का है. जिस चक्रव्यूह में अभिमन्यु को फंसाया गया था, वहीं हिंदुस्तान की जनता के साथ हो रहा है. वही हिन्दुस्तान के युवाओं, किसानों, माताओं-बहनों, स्माल और मीडियम बिजनेस के साथ किया जा रहा है. इस चक्रव्यूह का चिन्ह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी छाती पर लेकर चलते हैं. महाभारत वाले चक्रव्यूह को 6 लोग द्रोणाचार्य, कर्ण, कृपाचार्य, कूतवर्मा, अश्वधामा और शकुनी कंट्रोल कर रहे थे और आज भी 6 लोग कंट्रोल कर रहे हैं, जिसमें नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह जी, मोहन भागवत जी, अजित डोवाल जी, अंबानी और अडानी जी हैं.

**विधानसभा के बाहर सत्ता पक्ष व विपक्ष ने किया प्रदर्शन**

# बीजेपी ने तुष्टिकरण व सत्ता पक्ष ने राज्य को बांटने की साजिश का लगाया आरोप




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मानसून सत्र के दूसरे दिन सदन के बाहर एक ओर जहां भाजपा के विधायक बांग्लादेशी घुसपैठ और डेमोग्राफिक चेंज के मुद्दे पर सरकार को घेरने में लगे थे. वहीं दूसरी ओर सत्ताधारी दल कांग्रेस और झामुमो के कई विधायक और शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर हाथ में तख्ती बैनर लेकर निशिकांत दुबे के उस बयान का विरोध कर रहे थे जिसमें उन्होंने संथाल परगना, कोसी प्रमंडल और पश्चिम बंगाल के दो जिले मालदा और मुर्शिदाबाद को मिलाकर केंद्र शासित प्रदेश प्रदेश बनाने की बात लोकसभा में की थी.सत्ताधारी दल की ओर से विधायक पूर्व मंत्री मथुरा महतो, समीर मोहंती, रामदास सोरेन सहित कई विधायक शामिल थे. झामुमो विधायक और पूर्व मंत्री मथुरा महतो ने कहा कि राज्य की जनता और झारखंड मुक्ति मोर्चा झारखंड के किसी भाग को अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने की साजिश के विरोध में मजबूती से खड़ा है. उन्होंने कहा भाजपा राज्य का माहौल खराब करना चाहती है. धार्मिक उन्माद फैलाकर राज्य को अस्थिर करना चाहती है. इसलिए आज हम सबको भाजपा का विरोध करना पड़ रहा है.नेता प्रतिपक्ष अमर बाऊरी ने कहा कि हम सदन के बाहर और सदन के अंदर जनता के मुद्दों पर सरकार का जवाब चाहते हैं. आज सहायक पुलिस, पंचायत स्वयंसेवक और अन्य अनुबंधकर्मी आंदोलन पर हैं.

राज्य के स्नातक और स्नातकोत्तर बेरोजगार आज भी बेरोजगारी भत्ता के इंतजार में हैं, राज्य की विधि व्यवस्था चौपट है, हत्या लूट की हर दिन वारदातें हो रही हैं. इस पर हम सरकार से पांच साल का हिसाब चाहते हैं. अमर बाउरी ने कहा कि सरकार के अब गिनती के दिन बचे हैं, वह अपने पांच साल के काम का हिसाब दे या फिर राज्य की जनता से माफी मांगें.

# चीन से हमारे रिश्ते खराब, लेकिन किसी तीसरे की दखल मंजूर नहीं : जयशंकर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत-चीन सीमा मुद्दे पर कहा है कि चीन के साथ हमारा एक मुद्दा है और इसका समाधान हम दोनों को ही निकालना है। हम भारत और चीन के बीच वास्तविक मुद्दे को सुलझाने के लिए अन्य देशों की ओर नहीं देख रहे हैं।विदेश मंत्री ने भारत-चीन सीमा विवाद में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से इनकार करते हुए सोमवार को कहा कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच मुद्दे का समाधान उन्हीं दोनों को निकालना है। टोक्यों में संवाददाता सम्मेलन में कई सवालों के जवाब में



उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच वास्तविक मुद्दे को सुलझाने के लिए हम अन्य देशों की ओर नहीं देख रहे हैं। जयशंकर ने यह भी कहा कि चीन के साथ भारत के संबंध अच्छे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमारे बीच एक समस्या है या मैं कहना चाहूंगा कि भारत और चीन के बीच एक मुद्दा है। मुझे लगता है कि हम दोनों को इस पर बात करनी चाहिए और समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने इस महीने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ दो बार हुई अपनी बैठक को जिक्र करते हुए कहा कि जाहिर है, दुनिया के अन्य देशों की भी इस मामले में रुचि होगी, क्योंकि हम दो बड़े देश हैं और हमारे संबंधों की स्थिति का बाकी दुनिया पर प्रभाव पड़ता है, लेकिन हम अपने बीच के वास्तविक मुद्दे को सुलझाने के लिए अन्य देशों की ओर नहीं देख रहे हैं।

### जेएनपीए बंदरगाह में साढ़े छह करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त

**मुंबई (एजेंसी):** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने नवी मुंबई के जेएनपीए बंदरगाह से तस्करी कर लाई गई 6.5 करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त की है। इस मामले में कस्टम ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। कस्टम सूत्रों के अनुसार नवी मुंबई के जेएनपीए बंदरगाह पर एक कंटेनर में तस्करी के जरिए विदेशी सिगरेट लाए जाने की जानकारी मिली थी।



## रांची विश्विद्यालय द्वारा आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षा के टॉपर टीचिंग असिस्टेंट को फेलोशिप दिया जाए : अमन अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची जिला एनएसयूआइ प्रतिनिधिमंडल रांची विश्विद्यालय कुलपति डा.अजीत सिन्हा से मिला, वार्ता की एवम ज्ञापन सौपा । एनएसयूआइ जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने बताया कि रांची विश्वविद्यालय द्वारा ८स्र1.हृश्न-श्व× 2747, दिनांक 26/10/2023 के माध्यम से पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा के लिए अधिसूचना निकाला था तथा दिनांक 22 दिसंबर 2023 को इसका आयोजन हुआ था । उसके पांच दिन के बाद 27 दिसंबर 2023 को परिणाम जारी किया गया। इस परीक्षा में लगभग 36 विषयों में प्रवेश परीक्षा ली गई थी। बहुत से छात्र-छात्राएं इस उम्मीद में विश्वविद्यालय के इस परीक्षा में शामिल हुए थे कि वे इस परीक्षा में टॉप करेंगे तो उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा फेलोशिप की सुविधा दी जायेगी । लेकिन विश्वविद्यालय की उदासीनता के कारण वैसे मेधावी टॉपर छात्र- छात्राओं को अभी तक फैलोशिप देने की प्रक्रिया प्रारंभ भी नहीं की गई है । आपसे आग्रह है की टॉपर छात्र- छात्राओं को यथाशीघ्र फैलोशिप देना प्रारंभ किया जाए अन्यथा रांची जिला एनएसयूआई चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी । कुलपति ने आश्वस्त किया की हम इस मामले पर हमलोग जल्द संज्ञान लेंगे और टॉपर छात्र-छात्राओं को फेलोशिप दिया जाएगा । प्रतिनिधिमंडल में जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार, हुसैन अंसारी, इमरान हाशमी, जिला महासचिव तालिब हुसैन, जिला सचिव सरफराज अहमद, एस.एस मेमोरियल कॉलेज अध्यक्ष शाहबान अंसारी, एनामुल अंसारी आदि छात्र नेतागण मौजूद थे ।

## पत्रकार के परिजनों के साथ घटी घटना की निंदा की गई

**इटकी :** रातू के पत्रकार शेख मोजीबुल के परिजनों के साथ मार पीट और दुकान में की गयी तोड़ फोड़ के विरोध में इटकी के पत्रकारों की साहेब मोड़ में एक बैठक हुई। बैठक में घटना की निंदा की गई। साथ ही प्रस्ताव पारित कर कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्र में पत्रकारिता जोखिम भरा कार्य है। पत्रकारों के परिवारों के साथ मारपीट, घर दुकान में तोड़ फोड़ यह चिंता का विषय है। इटकी पत्रकार संघ पुलिस के आला अधिकारियों से घटना में शामिल आरोपियों का शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करती है। साथ ही पत्रकार और उनके परिजनों के सुरक्षा की मांग करती है। बैठक में जमील अख्तर, अभिलाष कुमार सोनू, एमएम राही,नौशाद अख्तर, अब्दुर रशीद सहित अन्य शामिल थे।

## बेड़ो थाना के हवलदार कयूम अंसारी की हुई मौत

**बेड़ो :** बेड़ो थाना क्षेत्र के लमकाना गांव में सड़क बना रही आरकेडी कंपनी के सुरक्षा में तैनात हवलदार क्यूम अंसारी का इलाज के दौरान रांची में सोमवार को निधन हो गया। वे पिछले बीस दिनों बीमार थे जिनका इलाज परिजनों द्वारा रांची में कराया जा रहा था। इधर इनके निधन पर थाना प्रभारी नकुल शाह, एस आई रोशन झा समेत अन्य पुलिस कर्मियों ने शोक प्रकट किया है। क्यूम अंसारी भरनो थाना जिला गुमला के लौंगा गांव निवासी थे। जो काफी मृदु भाषी थे। इनके आकस्मिक निधन पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## शहीद प्रकाश गोप के परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने : शिल्पी नेहा तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि भारत-चीन सीमा पर शहीद हुए भारत तिब्बत सीमा पुलिस की 48वीं बटालियन के शहीद प्रकाश कुमार गोप के परिवार की हर संभव मदद की जायेगी. श्री सोरेन ने कहा कि स्वर्गीय गोप के दोनों बच्चों 8 वर्षीय तनिष्क राज और 4 वर्षीय त्रिशु राज की पढ़ाई अबाधित ढंग से आगे बढ़ती रहे, इसके लिये कोई कसर बाकी नहीं रखी जायेगी. मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने आज शहीद प्रकाश कुमार गोप की पत्नी बेबी कुमारी एवं उनके दोनों बच्चों 8 वर्षीय तनिष्क राज एवं 4 वर्षीय त्रिशु राज के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा कक्षा में उनसे मुलाकात की. उनके साथ पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की भी थे. श्रीमती तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार प्रत्येक शहीद के परिवार के साथ खड़ी है और स्वर्गीय गोप के परिवार की हर संभव सहायता की जायेगी. ज्ञातव्य है कि मांडर विधानसभा क्षेत्र के इटकी प्रखण्ड के निवासी और भारत तिब्बत सीमा पुलिस की 48वीं बटालियन में कार्यरत प्रकाश कुमार गोप पिछले वर्ष 19 अगस्त 2023 को शहीद हुए थे.



## खेल प्रेमियों को खेल सामग्री जर्सी एवं फुटबॉल का वितरण किया है : डॉ. भगत

**मांडर :** पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने अपनी नई पहल के तहत करकरा में खेल प्रेमियों को खेल सामग्री जैसे जर्सी एवं फुटबॉल का वितरण किया है। डॉ. भगत का कहना है कि खेल सामग्री का वितरण न केवल खेल कौशल को बढ़ावा देगा, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और सामाजिक समर्थन को भी प्रोत्साहित करेगा। इस पहल से स्थानीय खिलाड़ियों को खेलने के लिए आवश्यक सामग्री की सहायता मिली। मौके पर शाहनवाज आलम, दसरत उरांव, सोनू, सकलैन अंसारी, बिमल उरांव, जुबैर अंसारी, राम उरांव, अरबाज अंसारी, रोहित उरांव, अफसर अंसारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

## वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

**इटकी :** प्रखंड के कुर्गी पंचायत सचिवालय में सोमवार को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही ऋण माफी व योजनाओं का लाभ कैसे लें इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी गयी। कार्यक्रम में नाबार्ड बैंक के उप महाप्रबंधक सतीश चंद्र गर्ग, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के जेनरल मैनेजर राजकुमार गुप्ता, एजीएम संजय कुमार, रीजनल मैनेजर मुकेश कुमार वर्मा, सीनियर मैनेजर राजीव राणा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह कुर्गी मुखिया रमेश महली, शाखा प्रबंधक विवेक कुमार उरांव सहित प्रखंड के विभिन्न पंचायत के किसान व ग्रामीण मौजूद थे।

## ऑल इंडिया माइंस सेफ्टी प्रतियोगिता में अशोक परियोजना को मिला दूसरा पुरस्कार

### पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने कोलकाता मे प्राप्त किया पुरूस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोक परियोजना को खान सुरक्षा मे कोल इंडिया स्तर पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है।जानकारी के अनुसार विश्व बंगला कन्वेंशन सेंटर कोलकाता में आयोजित माइंस सेफ्टी आवार्ड 2024 के पुरूस्कार समारोह मे पिपरवार एरिया के अशोक परियोजना खुली खदान को मध्यम ओपनकास्ट खदान में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक संजीव कुमार ओर अशोक परियोजना के खान प्रबंधक एसके सिंह ने यह पुरुस्कार प्राप्त किया है।ज्ञातव्य हो कि यह कंपटीशन भारत सरकार श्रम मंत्रालय की ओर से खान सुरक्षा महानिदेशालय के द्वारा देश के सभी तरह के खदानों जैसे कोयला,लौह,चूना पत्थर, पेट्रोलियम एवं गैस इत्यादि के बीच आयोजित की गई थी एवं सर्वश्रेष्ठ खदानों को पुरस्कृत किया गया,जिसमें सीसीएल के आधीन संचालित खदानों में दो पुरस्कार प्राप्त हुए,जिसमें एक अशोक ओसीपी भी सम्मिलित है।इधर अशोक परियोजना को पुरस्कार मिलने पर पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार और अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।साथ ही सुरक्षा मानको का पालन करते हुए आगे भी कोयला उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है।



## पिपरवार के शिवालयों में सावन की दुसरी सोमवारी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में सोमवार से सावन माह की दुसरी सोमवारी पर कोयलांचल क्षेत्र के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई।बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर प्रांगण में अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी।श्रद्धालु भक्त मंदिर प्रांगण जाकर विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया।इस दौरान भगवान भोलेनाथ के जयकारे से पूरा इलाका गूंज उठा।इधर बेंती शिव मंदिर के प्रांगण में सावन माह के दुसरी सोमवारी पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।इस दौरान श्रद्धालु भक्त मंदिर प्रांगण जाकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और जलाभिषेक किया।साथ ही क्षेत्र की अमन चैन और खुशहाली की प्रार्थना की।इस मौके पर मंदिर समिति के सभी लोग मौजूद थे।इधर बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर के प्रागंण में देर शाम को मंदिर समिति के द्वारा सभी श्रद्धालुओं के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया।



## पिपरवार पुलिस ने अभियान चलाकर सात हाईवा डम्पर को किया जब्त

## आक्रोशित गाड़ी मालिको ने 16 घंटे बन्द रखा सीएचपी से बचरा साईडिंग की कोयला ढुलाई



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में हो रही कोयला ढुलाई के काम में सड़क सुरक्षा सहित अन्य मानको का पालन कराने को लेकर विशेष अभियान चलाया।सिमरिया एसडीओ के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में चलाये गये इस अभियान में करीब सात कोयला लदे हाईवा डंपरों को जप्त किया गया है।पिपरवार पुलिस का यह अभियान सीएचपी/सीपीपी से बचरा साइडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई के ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर चलाया गया।इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात पिपरवार पुलिस ने सिमरिया एसडीओ के निर्देश पर पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा झूला पुल स्थित किशोर गैरेज के समीप अभियान चलाया,इस दौरान बिना तिरपाल और ओवरलोड के साथ कोयला ढुलाई कर रहे कुल सात हाईवा डंपरों को जप्त किया गया।इस दौरान कई गाड़ियों में संबंधित कागजात की भी कमी पाई गई।जब्त सभी वाहनो को सड़क किनारे ही खड़ा कर दिया गया।इस सबंधं मे थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि तिरपाल ढक कर कोयला ढुलाई करने,अंडर लोडिंग कोयला ढुलाई एवं गाड़ी से संबंधित सभी कागजात साथ में रखने और सुरक्षा मानको को सख्ती से पालन करने को लेकर सिमरिया एसडीओ के निर्देश पर पुलिस के द्वारा यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगी।पुलिस के द्वारा जप्त किये गये वाहनों में जेएच01डीयु-3644,जेएच01बीएन-1473,जेएच01 एडब्ल्यू-7903,जेएच01सीजे-6970,जेएच01एबी-0227,जेएच02एसी-1974 और जेएच01सीके-1705 शामिल है।इधर पुलिस के इस अभियान के बाद सीएचपी से बचरा साईडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई के काम को गाड़ी मालिको ने बन्द करा दिया।गाड़ी मालिको का कहना था कि टंडवा एनटीपीसी से ओभरलोड होकर जहरीले राख की ढुलाई हो रही है, वही आम्रपाली और चट्टी बारियातु से बड़े-बड़े कोल वाहनो का परिचालन ग्रामीण इलाको से हो रहा है,लेकिन इस पर कोई कारवाई नही हो रही है,लेकिन सीएचपी से बचरा साईडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई मे लगे डम्परो पर कारवाई की जा रही है।जिससे गरीब ऑनरो को काफी परेशानी हो रही है।सोमवार की दोपहर जब्त वाहनो के मालिको द्वारा ऑन लाईन जुर्माना देने के बाद सभी वाहनो को छोड़ा गया, जिसके बाद करीब 16 घंटे के बाद कोयला ढुलाई का काम चालु हुआ।

## पिपरवार मे हुई आजसू पार्टी की बैठक मे विधानसभा चुनाव पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** आजसू पार्टी पिपरवार नगर कमेटी की एक आवश्यक बैठक सोमवार को बचरा बाजारटांड़ स्थित पार्टी कार्यालय मे संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह और संचालन उमेश मेहता ने किया।बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने,सदस्यता अभियान चलाने सहित पिपरवार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी पंचायत के बूथ में चूल्हा प्रमुख बनने को लेकर विचार विमर्श किया गया।इसके अलावे बैठक में मुख्य रूप से आगामी विधानसभा चुनाव पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें सर्वसम्मति से पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से जीत दिलाने का संकल्प लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष विनोद सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है।केंद्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर बुथ स्तर पर चूल्हा प्रमुख बनाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बचरा दक्षिणी पंचायत और बचरा उत्तरी पंचायत के सभी बुथो में चूल्हा प्रमुख बनाकर तैयार किया जाएगा।इस बैठक में क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।बैठक मे बिनोद सिंह,उमेश मेहता,उगन महतो,काशीनाथ महतो,राज कमल सिंह सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अधिकार के सवाल पर आक्रोश सभा सितंबर में : एस अली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंडी युवाओं के अधिकार और मुस्लिम समुदाय की न्याय के सवाल पर सितंबर में आक्रोश सभा का आयोजन आमया संगठन के द्वारा किया जाएगा- केन्द्रीय कार्यालय रांची में बैठक को सम्बोधित करते हुए एस अली ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का उद्देश्य, आदिवासी मूलवासी भावना व मांग राज्य में लागू नही हो रहा, सरकारी नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर दूसरे राज्य के लोग बहाल हो रहे है, मॉबलींचिग विधेयक संशोधन कर विधानसभा से पारित करने का मामला दो वर्षो से लटका है। झारखंड आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मुस्लिम समुदाय न्याय और अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे, उन्होंने कहा कि सितम्बर में होने वाले आक्रोश सभा के माध्यम से स्थानीय नीति व नियोजन नीति लागू करने, 4401उर्दू सहायक शिक्षक के बैकलॉग 3712 पदों को झारखंड अल्पसंख्यक आयोग वाद संख्या 174/2015 में दिए निर्देश बहाली शुरू करने, +2 विद्यालयों में उर्दू विषय, जनजातीय क्षेत्रीय भाषा सहित अन्य विषयों में शिक्षक बहाली करने, मदरसा आलिम फाजिल डिग्री कि परीक्षा विश्वविद्यालय से कराने, मदरसा बोर्ड , उर्दू एकेडमी, वक्फ बोर्ड, हज कमेटी का गठ्न एवं नियमावली का निर्माण करने,10 जून 2022 रांची गोली कांड के दोषियों पर कार्रवाई एवं विभिन्न थानों में निर्दोष 22 नामजद लोगों का केस खुंटी पत्थर गड़ी केस के तर्ज पर हटाने, संथाल परगना के मुस्लिम को बंगलादेशी घुसपैठी कहने वालों पर कार्रवाई करने, 2024 के विधानसभा चुनाव में 15 मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर झारखंड के हर जिले से समाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में आमया संगठन के केन्द्रीय उपाध्यक्ष इमरान अंसारी, केन्द्रीय संगठन सचिव जियाउद्दीन अंसारी, केन्द्रीय सचिव नौशाद आलम, केन्द्रीय संयुक्त सचिव इमरान अंसारी, रांची जिला अध्यक्ष अफताब आलम, अंजुम खान, अब्दुल मजीद, फिरोज अंसारी, अब्दुल बारी, अब्दुल गफ्फार, अबू रेहान, अयुब अंसारी, मोबीन अंसारी, अब्दुल बसीर, मंजूर अंसारी, मोद्दसीर अहरार, सरफराज समी, आसीफ अंसारी, एकराम अंसारी, आशिक अंसारी सहित अन्य आमया संगठन के पदाधिकारी शामिल थे।

## पवित्र सावन के दूसरी सोमवारी पर आम्रेश्वर घाम में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## 50,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने आम्रेश्वर धाम में किया जलाभिषेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** पवित्र सावन के दूसरी सोमवार को जिले के अंगराबाड़ी स्थित आम्रेश्वर घाम सहित अन्य मंदिर एवं शिवालयों के पट खुलते ही शिवभक्तों ने हर-हर महादेव एवं बोल बम के उद्घोष के साथ जलाभिषेक किया। जलाभिषेक का क्रम देर शाम तक चला। आम्रेश्वर धाम प्रबंधन समिति के सत्यजीत कुंडू ने बताया कि दूसरी सोमवारी को 50,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने आम्रेश्वर धाम में जलाभिषेक किया। श्रावण माह के दूसरी सोमवार को आम्रेश्वर घाम में जलाभिषेक हेतु ना केवल खूंटी अपितु रांची, सिंहभूम सिमडेगा, गुमला सहित अन्य जिलों से आये श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं में भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। जलाभिषेक के लिए धाम परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखी गई, जो व्रत धारण कर देर रात से पंक्तिबद्ध होकर मंदिर का पट खुलने की प्रतिक्षा में खड़े थे। मंदिर का पट खुलते ही आम्रेश्वर धाम परसिर बोल बम के जयघोष से गुंजयमान हो गया। आम्रेश्वर धाम में जलाभिषेक के लिए मुख्य पथ सहित संपर्क मार्गों से होकर श्रद्धालुओं का जत्था पैदल एवं वाहनों में सवार होकर बनई नदी के तट पर पहुंचा। यहां स्नान करने के बाद नदी का पवित्र जल लेकर श्रद्धालु दो किलो मीटर पैदल चलकर आम्रेश्वर धाम परिसर पहुंचे और भोले शंकर का दर्शन कर जलाभिषेक किया।

**बाबा श्रृंगार पूजा :** रविवार की रात आम्रेश्वर घाम में भगवान शंकर का वैदिक पूजन पद्धति के अनुसार 16 विधियो से श्रृंगार पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चनामृत एवं दूध अभिषेक के पश्चात् भगवान शंकर का श्रृंगार किया गया तथा आरती का आयोजन किया गया।

**शीघ्र दर्शनम् की व्यवस्था् :** आम्रेश्वर घाम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शीघ्र दर्शनम् की व्यवस्था की गई है। भोले शंकर का शीघ्र दर्शन के अभिलाषी श्रद्धालु को आम्रेश्वर धाम के प्रबंध समिति के समक्ष 250 रुपये का सहयोग राशि जमा करना होता है।

**रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था :** अंगराबाड़ी में एक माह तक चलने वाले श्रावणी में उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा के निर्देश के आलोक में विद्युत विभाग द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनई नदी से लेकर धाम परिसर व इसके आसपास निर्बाध बिजली आपूर्ति एवं रोशनी की पर्याप्त की व्यवस्था गई है।

**सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था :** उपायुक्त के निर्देशानुसार श्रावणी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए प्रशासन और पुलिस 24 घंटे सक्रिय है। श्रद्धालुओं की सुविधा एव संरक्षा के लिए आम्रेश्वर घाम परिसर में कंट्रोल रुम स्थापित किया गया है। साथ ही धाम परिसर में पुलिस पिकेट बनाया गया है एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। मेले में लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कई सीसी टीवी कैमरे लगाये है। श्रद्धालुओं को चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित अंगराबाड़ी स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को पर्याप्त चिकित्सकीय सुविधा के साथ 24 घंटे क्रियाशील बनाया गया है। जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं की कतार एवं जलार्पण कार्य को सुव्यवस्थित करने के निमित्त प्रबंधन समिति के वोलेंटियर एवं एनसीसी कैडेट सक्रिय हैं।

**खोया- पाया केंद्र स्थापित :** मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खोया- पाया केंद्र की स्थापना की गई है। मेला में आने वाले श्रद्धालु एक दूसरे से बिछड़ जाने एवं किसी भी सामग्री के गुम हो जाने पर खोया-पाया केंद्र से संपर्क कर सहायता प्राप्त सकते हैं।

**साफ-सफाई की व्यवस्था :** उपायुक्त के निर्देशानुसार घाम परिसर में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की गई है। साफ-सफाई की व्यवस्था नगर पंचायत के सौजन्य से कराई जा रही है। आम्रेश्वर धाम परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, स्नागार, शौचालय सहित अन्य व्यवस्था का उचित प्रबंधन किया गया है।

**सज गई हैं दुकानें :** एक महीना तक चलने वाले श्रावणी मेले को लेकर आम्रेश्वर धाम परिसर में प्रसाद, फूल-माला सहित अन्य दुकानें सज गई है। मेले में खूंटी, रांची सहित अन्य जिलों से दुकानदार पहुंचे हैं।

वहीं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, खूंटी द्वारा आम्रेश्वर धाम परिसर में सूचना सहायता केन्द्र एवं प्रदर्शनी शिविर का आयोजन किया गया है। सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां श्रद्धालुओं सहित मेले में आए अन्य लोगों को दी जा रही है। प्रदर्शनी के माध्यम से आमजनों को विविध पर्यटन स्थलों की जानकारी दी जा रही है।

## घटना के 3 साल बीत जाने के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना अंतर्गत हाकेदाग निवासी स्व शंकर करमाली की पत्नी शुरू देवी,पुत्र आनंद करमाली तथा रोशन करमाली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो की वर्ष 18 सितंबर 2020 को आनंद करमाली की पत्नी उषा देवी विश्वकर्मा पूजा कर दोपहर अपने कमरे जाकर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। किस कारण वह आत्महत्या की थी। इसकी जानकारी नहीं घर वाले को भी नहीं पाया । क्योंकि मृतक के पति घर के बाहर काम करने गया हुआ था। मृतक उषा देवी के परिजनों ने मृतक की सास ,पति एवं देवर पर हत्या का आरोप लगाते हुए सिल्ली थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दिया था।इसी आलोक में109/20 धारा 302 /34भा द वी परिवर्तन धारा 306 भा वी द प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया।

## जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, खूँटी का विलय जिला परिषद, खूँटी में करने के संबंध में बैठक संपन्न

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिषद्, सभागार में अध्यक्ष, जिला परिषद्-सह-जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, खूँटी की अध्यक्षता में केन्द्र प्रायोजित डी0आर0डी0ए0 प्रशासन योजना के बंद होने तथा पंचायतीराज अधिनियम, 2001 की धारा 77 (ख) के आलोक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डी0आर0डी0ए0) का जिला परिषद् (पंचायती राज विभाग) में विलय होने से संबंधित बैठक की गई है। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, निदेशक, डी0आर0डी0ए0, खूँटी जिला परिषद के सभी सदस्यण सहित शासी निकाय के सभी अधिकारी/सदस्यण उपस्थित रहे। बैठक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, खूँटी (डी0आर0डी0ए0) का विलय जिला परिषद, खूँटी में करने का चर्चा कर सर्व सम्मिति से पारित किया गया।

## सुदेश कुमार महतो ने अनापत्ति प्रमाण-पत्र के लिए डीआरएम को लिखा पत्र

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने क्षेत्र के आम जनमानस के समस्याओं को देखते हुए रेलवे लाइन किनारे सड़क निर्माण के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची के डीआरएम को पत्र लिखकर अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की है। जिसमें अनगड़ा प्रखंड के हेंसलाबेड़ा में रेलवे लाइन किनारे एवं सिल्ली प्रखंड के बिसरिया गांव में रेलवे लाइन किनारे सड़क बनाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा सिल्ली लगाम में रेलवे क्रासिंग का निर्माण की मांग शामिल है। विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि हेंसलाबेड़ा एवं बिसरिया के रास्ते पर रेलवे के जमीन पर सड़क का निर्माण नहीं होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के किसानों, छात्र छात्राएं एवं आम जनमानस को प्रतिदिन प्रखंड मुख्यालय, एवं बजार आने जाने में लगभग 10- 12 किमी घूमकर जाना पड़ता है। समस्या को देखते हुए विधायक ने उपरोक्त गांव के रेलवे लाइन किनारे सड़क निर्माण कार्य के लिए रेलवे विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की मांग की है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संपादकीय

# कम हो राजनीतिक कड़वाहट

राजनीतिक कड़वाहट कितना भयंकर रूप धारण कर सकती है, उसका नवीनतम उदाहरण है अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमला। अमेरिका में कम्युनिस्ट धड़े ने डॉनल्ड ट्रंप को लेकर इतना अधिक नकारात्मक वातावरण बना दिया है कि बात राजनीतिक सहमति-असहमति से कहीं अधिक आगे बढ़कर नफरत की हद तक बढ़ गई है। उसी का परिणाम है कि राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के दौरान एक व्यक्ति ने उन पर राइफल से गोली चला दी। ईश्वर की कृपा रही कि डॉनल्ड ट्रंप की जान बच गई। अमेरिका में हुए इस हमले के बाद से भारत में भी एक बहस खड़ी हो गई है। दरअसल, पिछले 10 वर्ष में कांग्रेस और उसकी पीठ पर सवाल कम्युनिस्टों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के प्रति हद दर्जे का नकारात्मक विमर्श खड़ा करने का काम किया है। जेएनयू, जाधवपुर एवं हैदराबाद विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन, शाहीनबाग के प्रदर्शन, दिल्ली दंगे, तथाकथित किसान आंदोलन जैसे कई प्रसंगों में नकारात्मक विमर्श के कारण उत्पन्न नफरत खुलकर दिखायी दी है। जहाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय विचार के संगठनों की कब्र खोदने से लेकर भारत के टुकड़े-टुकड़े जैसे अतिवादी एवं हिंसक विचार अभिव्यक्त हुए। सार्वजनिक सभाओं में प्रधानमंत्री मोदी की बोटी-बोटी काटने के आह्वान किए गए। दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसा भाषण करनेवालों को कांग्रेस ने अपना नेता बनाया और उन्हें चुनाव में टिकट दिया। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने भी भारत के प्रधानमंत्री मोदी को लेकर अत्यधिक अतिवादी बयान दिए हैं। यहाँ तक कहा गया कि 'युवा प्रधानमंत्री मोदी को डंडे से मारेंगे'। इसी नफरती वातावरण के प्रभाव में आकर जब एक व्यक्ति ने काशी में प्रधानमंत्री मोदी की ओर चप्पल उछाली तब भी कांग्रेस के नेताओं की ओर से उस घटना पर प्रसन्नता जाहिर की गई। अपने प्रतिद्वंद्वी राजनेता एवं विचार के प्रति यदि इस प्रकार की घृणा, नफरत और द्वेष का वातावरण बनाया जाएगा, तब उसका प्रभाव लोगों पर भी पड़ता है। संपूर्ण देश में कांग्रेस का एक बड़ा जनाधार है। पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या है। जब पार्टी का शीर्ष नेतृत्व प्रतिद्वंद्वी नेता एवं पार्टी के विरुद्ध असहिष्णुता के विचार को बढ़ावा देता है, तब समर्पित कार्यकर्ता भी उसी लाइन पर चलता है। कहना होगा कि कार्यकर्ता और अधिक गहरायी से उस विचार का अनुसरण करता है। राजनीतक नफरत का परिणाम अमेरिका ने कई बार भोगा है। अमेरिका में चार राष्ट्रपति और एक राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी हमलों में जान गंवा चुके हैं। पिछले चार-पांच दशकों की बात करें तो रोनाल्ड रीगन, बिल क्लिंटन और जॉर्ज डब्ल्यू बुश जैसे चर्चित राष्ट्रपति हमलों का निशाना बन चुके हैं।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमला। अमेरिका में कम्युनिस्ट धड़े ने डॉनल्ड ट्रंप को लेकर इतना अधिक नकारात्मक वातावरण बना दिया है कि बात राजनीतिक सहमति-असहमति से कहीं अधिक आगे बढ़कर नफरत की हद तक बढ़ गई है। उसी का परिणाम है कि राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के दौरान एक व्यक्ति ने उन पर राइफल से गोली चला दी। ईश्वर की कृपा रही कि डॉनल्ड ट्रंप की जान बच गई। अमेरिका में हुए इस हमले के बाद से भारत में भी एक बहस खड़ी हो गई है। दरअसल, पिछले 10 वर्ष में कांग्रेस और उसकी पीठ पर सवाल कम्युनिस्टों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के प्रति हद दर्जे का नकारात्मक विमर्श खड़ा करने का काम किया है। जेएनयू, जाधवपुर एवं हैदराबाद विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन, शाहीनबाग के प्रदर्शन, दिल्ली दंगे, तथाकथित किसान आंदोलन जैसे कई प्रसंगों में नकारात्मक विमर्श के कारण उत्पन्न नफरत खुलकर दिखायी दी है। जहाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय विचार के संगठनों की कब्र खोदने से लेकर भारत के टुकड़े-टुकड़े जैसे अतिवादी एवं हिंसक विचार अभिव्यक्त हुए। सार्वजनिक सभाओं में प्रधानमंत्री मोदी की बोटी-बोटी काटने के आह्वान किए गए। दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसा भाषण करनेवालों को कांग्रेस ने अपना नेता बनाया और उन्हें चुनाव में टिकट दिया। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने भी भारत के प्रधानमंत्री मोदी को लेकर अत्यधिक अतिवादी बयान दिए हैं।

भारत ने भी अपने प्रधानमंत्रियों को खोया है। हालांकि उसका कारण राजनीतिक कड़वाहट कम अपितु अन्य मुद्दे अधिक रहे हैं। भारत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी और राजीव गांधी को हमलों में खोया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मृत्यु का प्रमुख कारण भी राजनीतिक एवं वैचारिक नफरत को ही माना जाता है। बहरहाल, अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप पर हुए हमले और वहाँ बने नकारात्मक राजनीतिक वातावरण से भारत को सबक लेना चाहिए। राजनीतिक कड़वाहट को कम करने के लिए भारत के सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं को गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। हमें अपने लोकतंत्र को 'बुलेट तंत्र' में नहीं अपितु 'बैलेट तंत्र' के रूप में ही विकसित करना है।

### उच्चतम न्यायालय ने तब शाहबानो के पति मोहम्मद अहमद खान को धारा 125 के अंतर्गत गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था

# मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता अधिकार पर न्यायालय का फैसला ऐतिहासिक

अवधेश कुमार

महिलाओं के गुजारे भत्ते के संदर्भ में दिए फैसले पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड सहित कई मुस्लिम संस्थाओं और व्यक्तियों की प्रतिक्रिया ठीक वैसी ही है जैसे एक साथ तीन तलाक संबंधी फैसला पर थी। तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत पति से गुजारा भत्ता मांग सकती हैं। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 तथा अब भारतीय न्याय संहिता धारा 144 में गुजारा भत्ता प्राप्त करने का प्रावधान है जो सभी विवाहित महिलाओं पर लागू होती है।

उच्चतम न्यायालय द्वारा मुस्लिम महिलाओं के गुजारे भत्ते के संदर्भ में दिए फैसले पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड सहित कई मुस्लिम संस्थाओं और व्यक्तियों की प्रतिक्रिया ठीक वैसी ही है जैसे एक साथ तीन तलाक संबंधी फैसला पर थी। तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत पति से गुजारा भत्ता मांग सकती हैं। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 तथा अब भारतीय न्याय संहिता धारा 144 में गुजारा भत्ता प्राप्त करने का प्रावधान है जो सभी विवाहित महिलाओं पर लागू होती है। निश्चित रूप से इस फैसले ने 1985 में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए शाहबानो मामले के फैसले की स्मृतियां ताजा कर दी है जब इसी तरह के फैसले के विरुद्ध देश भर में मुस्लिम संस्थाओं और संगठनों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। सबका एक ही स्वर था कि न्यायालय हमारे मजहबी मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। हमारे परिवार, शादी विवाह, तलाक, संपत्ति आदि मामले शरिया कानून के अनुसार चलेंगे और उसमें न्यायालय का हस्तक्षेप हमें स्वीकार नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने तब शाहबानो के पति मोहम्मद अहमद खान को धारा 125 के अंतर्गत गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। उसके बाद राजीव गांधी सरकार ने सन 1986 में मुस्लिम महिला तलाक पर (अधिकारों का संरक्षण) कानून पारित कर इस फैसले को पलट दिया। उसमें इद्दत की अवधि, जो 90 दिन की होती है, के अलावा पतियों को गुजारा भत्ता देने की कानूनी अनिवार्यता से मुक्त कर दिया गया था। अब इन संगठनों और संस्थाओं की आक्रामकता में काफी कमी है, भाव लगभग वही है। क्या यह मान लिया जाए कि ये जो प्रतिक्रिया दे रहे हैं वही सही है? बिल्कुल नहीं। वर्तमान फैसला 1986 के उसे कानून को भी कटघरे में खड़ा करने वाला है। वैसे वर्तमान फैसले में न्यायालय ने उसे कानून की भी व्याख्या की है। इस फैसले में 2019 में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा एक साथ तीन तलाक रोकने के लिए बनाए कानून मुस्लिम महिला विवाह अधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत दिए गए गैर कानूनी तलाक की पीड़िता के गुजारा भत्ते के बारे में भी



व्यवस्था दी गई है। वास्तव में इस कानून के पीछे भी धारणा यही थी कि मुस्लिम महिलाएं मजहब की आड़ में शोषित और पीड़ित न हों। न्यायालय की यह टिप्पणी ध्यान देने योग्य है कि गुजारा भत्ता खैरात नहीं है बल्कि महिलाओं का अधिकार है। वास्तव में इस फैसले से मुस्लिम विवाहित महिला विशेष कर तलाकशुदा मुस्लिम महिला के गुजारा भत्ता प्राप्त करने के कानूनी अधिकार पर इस फैसले से स्थिति स्पष्ट हो गई है। हालांकि न्यायालय ने इस संबंध में कोई पहला फैसला नहीं दिया है। मुस्लिम महिला को भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 में गुजारा भत्ता प्राप्त करने के अधिकार पर पहले भी मुहर लगाई थी। इस फैसले में धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता प्राप्त करने और शाहबानो फैसले के बाद आए 1986 के कानून पर तुलनात्मक विचार किया गया है जो पहले नहीं हुआ था। तो इसका कानूनी दृष्टि से महत्व यह है कि तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के धारा 125 में गुजारा भत्ता प्राप्त करने को लेकर मौजूद कानूनी भ्रम खत्म हो गया है। मुस्लिम पुरुष इसी धारा की आड़ लेकर अपना बचाव करते थे। वर्तमान मामले में तेलंगाना के मोहम्मद अब्दुल समद ने भी इसी धारा की आड़ लेकर अपनी तलाकशुदा पत्नी को गुजारा भत्ता देने से बचने की कानूनी रणनीति अपनाई थी। वैसे 2001 में डेनियल लतीफी बनाम भारत संघ मामले में भी उच्चतम न्यायालय ने 1986 के कानून की व्याख्या करते हुए कहा था कि महिलाओं के अधिकार इद्दत की अवधि के आगे भी रहते हैं। उस फैसले के बाद ही अधिनियम में लागू की गई रोक एक तरह से अप्रभावी हो गई। ध्यान रखिए डेनियल लतीफी ने ही उच्चतम न्यायालय में शाहबानो के पक्ष में वकालत किया था। उच्चतम न्यायालय ने शाहबानो मामले में 1985 के फैसले में कहा था कि धारा 125 में मुस्लिम महिला भी पति से भरण पोषण पाने की हकदार है। जब 2017 के सायराबानो मामलों में उच्चतम न्यायालय ने एक साथ तीन तलाक को असंवैधानिक और अवैध करार दे दिया था तो अब महिलाओं के विरुद्ध फैसला आने का कोई प्रश्न नहीं था। 2009 में भी उच्चतम न्यायालय ने मौलाना अब्दुल कादिर मदनी मामले में कहा था कि रीलिजन का पालन करने के अधिकार में दूसरों के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करने का अधिकार शामिल नहीं है। लैंगिक समानता के परिप्रेक्ष्य में उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया था कि पर्सनल लॉ संवैधानिक अधिकारों के अनुरूप होना चाहिए। 2014 के शमीम बानो बनाम अशरफ खान मामले में उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि मुस्लिम महिला तलाक के बाद भी अपने पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है और मजिस्ट्रेट के न्यायालय के समक्ष इसके लिए आवेदन कर सकती है। अब किसी महिला को तलाक के बाद मुस्लिम पति से गुजारा भत्ता लेने के लिए न्यायालय के समक्ष न इतने चक्कर काटने पड़ेंगे और न उन्हें इस तरह शरिया कानून से लेकर कानूनों की लंबी चौड़ी व्याख्या करनी होगी। 1986 के कानून के रहते हुए भी मुस्लिम महिला को अब समस्या नहीं आएगी। 2019 के तीन तलाक विरोधी कानून तथा वर्तमान फैसला आगे से ऐसे सभी मामलों में न्यायिक फैसले का आधार बनेगा। यह मामला तेलंगाना से जुड़ा हुआ था। उच्च न्यायालय ने 13 दिसंबर, 2023 को मुस्लिम महिला को धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। मोहम्मद अब्दुल समद ने उसे फैसले के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी। हालांकि अभी अब्दुल समद के पास बड़ी पीठ में जाने का रास्ता बचा हुआ है किंतु वहां भी अलग कुछ होगा यह मानने का कोई कारण नहीं है। न्यायालय ने इसमें पहले के कई कानून और फैसलों की नए सिरे से व्याख्या कर दी है।

दृष्टि कोण

# नस्लभेद व रंगभेद के विरुद्ध संघर्ष के प्रतीक नेल्सन मंडेला

आज दक्षिण अफ्रीका में पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा को जेल की सजा के विरोध में हिंसा और अशांति का माहौल है। इस अशांति का लाभ उठाकर वुछ उपद्रवियों ने भारतीयों को निशाना बनाया है। दक्षिण अफ्रीका में करीब 14 लाख भारतीय रहते हैं। उनका योगदान देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण भी है। ऐसे में नेल्सन मंडेला के देश में हम उनके विचारों के अनुवूल शांति की कामना करते हैं। नेल्सन मंडेला की जयंती पर विशेष नेल्सन मंडेला अरुण वुमार वैहरबा असमानता व भेदभाव ने दुनिया की बड़ी आबादी के आगे बढ़ने के अवसरों को अवरुद्ध किया है। वहीं से समानता व न्याय के लिए आंदोलन भी हुए हैं। कितनी ही ऐसी शख्सियतें हुई हैं, जिन्होंने भेदभाव व बुराइयों के विरुद्ध अथक संघर्ष किया। दक्षिण अफ्रीका के पहले राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला भी ऐसे ही प्रेरक व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने नस्लभेद व रंगभेद के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष किया। उन्हें ूर सत्ता का दमन सहना पड़ा। कई सालों तक उन्होंने कठोर कारावास के दौरान अनेक प्रकार की यातनाएं सही। जेल की सजा काटते हुए ही वे दुनियाभर में मानवाधिकार व रंगभेद के विरुद्ध संघर्ष के प्रतीक के रूप में प्रसिद्ध हुए। आजादी के बाद वे चुनावों में दक्षिण अफ्रीका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने। देश के पुर्ननिमाण में अपना योगदान दिया। नेल्सन रोहिल्हाला मंडेला का जन्म 18 जुलाई, 1918 को इस्टर्न केप के म्वेजो में गेडला हेनरी म्फाकेनिस्वा और उनकी तीसरी पत्नी नेक्यूफी नोसकेनी के घर हुआ था। वे अपने पिता की वुल 13 संतानों में तीसरे नंबर पर थे। मंडेला के पिता हेनरी म्वेजो कस्बे के जनजातीय सरदार थे। स्थानीय भाषा में सरदार के बेटे को मंडेला कहा जाता था, जिससे उन्हें अपना उपनाम मिला। पिता ने मंडेला को रोहिल्हाला नाम दिया। जिसका अर्थ होता है-पेड़ की डालियों को तोड़ने वाला प्यारा और शैतान बच्चा। 12 साल की उम्र में मंडेला के पिता चल बसे। मंडेला को बचपन में ही रंगभेद का सामना करना पड़ा। स्वूल में भी उन्हें काला रंग होने के कारण भेदभावकारी नियमों की पालना करने के लिए कहा जाता था। सड़क पर चलते हुए सीना तान कर चलने तक पर पाबंदी थी। यदि कोई काला व्यक्ति ऐसा करता था तो उन्हें जेल में भेजा जा सकता था। ऐसी स्थितियों में मंडेला सोचने को विवश हुए और उनके अंदर व्रांतिकारी जन्म लेने लगा, जो भेदभाव, शोषण व दमन पर आधारित व्यवस्था को बदल देना चाहता है। स्वूली शिक्षा के बाद हेल्डटाउन में मंडेला की आगामी शिक्षा हुई। यहां एक ऐसा कॉलेज था जोकि काले लोगों के लिए ही बनाया गया था। यहीं पर मंडेला की मुलाकात ऑलिवर टांबो से हुई और दोनों ने मिलकर रंगभेद के विरुद्ध व्रांतिकारी गतिविधियों की शुरुआत कर दी। कॉलेज प्रशासन को इस बात का पता चल गया तो दोनों को कॉलेज से निकाल दिया गया और परिसर में उनके प्रवेश करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। इस स्थिति में मंडेला अपने घर आ गए। उनके व्रांतिकारी विचारों को देखकर घर वाले भी परेशान हो गए। नजदीकी लोगों ने पारिवारिक जिम्मेदारियों के बोझ तले लाकर उन्हें सुधारने की कोशिश की। एक अच्छी सी लडकी देखकर शादी की तैयारियां शुरू हो गईं। लेकिन मंडेला ने अपने निजी जीवन पर सार्वजनिक जीवन को तरजीह दी। वे भाग कर जोहांसबर्ग आ गए। जोहांसबर्ग में उन्होंने एक खादान में चौकीदार की नौकरी की। वे अलेक्सेंडरा नाम की एक छोटी सी बस्ती में रहने लगे। बाद में उनकी मां भी उनके साथ आ गईं। यहां पर वॉल्टर सिसुलू और वॉल्टर एल्बरटाइन के विचारों से मंडेला खासे प्रभावित हुए। हर तरह के भेदभाव के विरुद्ध स्वतंत्रता, समानता व बंधुत्व के विचारों से जुड़ते हुए राजनीतिक सरगर्मियां भी बढ़ने लगी। मंडेला ने एक कानूनी फर्म में क्लर्व की नौकरी शुरू कर दी। अपने संघर्षों के दौरान ही वे पढ़ भी रहे थे। उन्होंने वकालत की शिक्षा पूरी की। 1944 में वे अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस में शामिल हो गए और कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे रंगभेद के विरुद्ध सांगठनिक आंदोलन से जुड़ गए। इस पाटा के अपने साथियों के साथ मिलकर उन्होंने अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस यूथ लीग की स्थापना की। 1947 में वे यूथ लीग के सचिव चुने गए। वे व्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़ गए थे। अल्जीरिया में जाकर उन्होंने सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त किया। वे रंगभेद विरोधी सरकार को अपने देश उखाड़ पेंकना चाहते थे। 1961 में उन्होंने नेशनल कांग्रेस उम्खोतों वे सिजवे नाम से सशस्त्र शाखा की शुरुआत की और वे इसके कमांडर इन चीफ थे। उन्होंने अंग्रेजी गोरों लोगों के नस्लवाद और रंगभेद की नीतियों को समाप्त करने और लोगों को संगठित करने के लिए देशभर में यात्राएं की। अश्वेतों के साथ भेदभाव करने वाले कानूनों को बदलने के लिए उन्होंने आवाज बुलंद की। वे सरकार के विरुद्ध हथियार उठाने के लिए लोगों को तैयार कर रहे थे। 12 जुलाई, 1962 को इन्हीं संघर्षों के कारण उन्हें आजीवन कारावास की सजा दे दी गई। रॉबेन द्वीप की जेल में उन्होंने 27 साल बिताए। यहां पर उन्हें अनेक प्रकार की यातनाएं दी जाती थी। जेल की सजा के दौरान उन्हें काफी वुछ पढ़ने का मौका मिला। वे गांधी जी के विचारों से खासे प्रभावित हुए। गांधी जी के सत्य और अहिसा के विचारों को उन्होंने अपना लिया। 11 फरवरी, 1990 में उनकी रिहाई हुई। जेल में रहते हुए ही वे मानवाधिकार की मुखर आवाज के रूप में पूरी दुनिया में पहचाने जाने लगे थे। जेल से रिहाई के बाद उन्होंने समझौते और संधि की नीति अपनाई और एक लोकतांत्रिक व बहुजातीय अफ्रीका की नींव रखी।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के बीच किया गया पौधों का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय गोला में सोमवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत् सैंकड़ों स्कूली छात्र छात्राओं के बीच पौधों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड के सभी विद्यालयों में चल रहा है।पेड़ की व्यवस्था अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के प्रबंधक सोनू व मोनू सेठ के द्वारा की गई।इस दौरान एजेंसी के प्रबंधक जयप्रकाश बुधिया उर्फ़ सोनू ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था। इस कार्यक्रम के जरिए लोगों से पर्यावरण सुरक्षा के लिए एक पेड़ लगाने की अपील की गई है। कार्यक्रम की पहल शिक्षक शिवप्रकास कुमार के द्वारा किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधाना अध्यापिका अनुपम पुष्पा तिर्की का निर्देश में संपन्न हुआ उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अभी चलते रहेगा सभी बच्चे अपने घरों में माता पिता के साथ पेड़ को लगाकर उसमें पानी का पटावन करें जब तक पेड़ लग न जाए तबतक स्कूल के ग्रुप में एक फोटो हर रोज व्हाट्सप करें। कार्यक्रम में ओमप्रकाश बुधिया, अक्षय कुमार, अग्रवाल, सुशील कुमार बुधिया, मोनू बुधिया, कुंवर कुमार बख्शी, संजय बक्सी, मनोज मिश्र, जीतू मास्टर, छेदी चंद्र पोद्दार, नवीन जायसवाल, हरिनारायण, हाजी जाकिर, अल्ट्राटेक सीमेंट के क्षेत्रीय प्रबंधक स्वपनिल मिश्रा, चैतन्या, द्विवेदी, सुमेर सिंह प्रवेश शाहसहित दर्जनों मौजूद थे।

## पूर्व विधायक ने सावन की दूसरी सोमवारी पर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त कीया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक ममता देवी ने गोला डीवीसी स्थित मन्दिर में सावन के दुसरी सोमवारी पर विधिवत पूजा अर्चना कर बाबा भोलेलाथ और माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त की और क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की कामना की। मौके पर पूजा अर्चना कर रहे सभी भक्तजनों को दूसरी सोमवारी की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि जो भी भक्तजन सावन माह के सोमवारी के इस पवित्र दिन बाबा भोले नाथ और माता पार्वती का सच्चे मन से अराधना करते हैं उन सभी भक्तज्जनों का हर मनोंकामना भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती पूरी करती है और उनकी सारी कष्ट भी दूर करते हैं। आगे उन्होंने कहा कि सावन माह के महत्व का जिक्र हिंदू धर्म के अनुसार, श्रावण को शिवत्व के अनुरूप वर्ष का सबसे पवित्र महिना माना जाता है, तथा सासाहिक दिन सोमवार को शिव की उपासना का दिन माना गया है। इस प्रकार श्रावण माह के सोमवार की महत्ता इस लिए और भी अधिक हो जाती है।

## अंबा प्रसाद ने आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं का मामला सदन में रखा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को बड़कागांव कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने शून्यकाल के माध्यम से आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं का मामला सदन में रखा। इस दौरान उन्होंने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2022 में आंगनबाड़ी सेवा शर्त नियमावली 2 माह के भीतर लागू करने हेतु आश्वस्त किया गया था परंतु अभी तक नियमावली लागू नहीं हुआ है। वहीं झारखंड प्रदेश के आंगनबाड़ी सेविका सहायिका कर्मचारी संघ सात सूत्री मांग को पूरा करने हेतु लगातार आंदोलनरत है।सरकार से उन्होंने मांग किया कि आंगनवाड़ी सेविका सहायिका सेवा शर्त नियमावली को लागू करते हुए सेविकाओं को प्रतिमाह 20 हजार तथा सहायिकाओं को 15 हजार प्रत्येक माह मानदेय भुगतान करने समेत 7 सूत्री मांगों को पूर्ण किया जाए।

## न्यू मार्केट से कावड़ यात्रा मां पंच बहिनी मंदिर तक निकाली गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** सोमवार को ग्राम पंचायत कटिया बस्ती अंतर्गत दूसरी सोमवारी को न्यू मार्केट शिव मंदिर से मां पंचबहिनी मंदिर तक कांवड़ यात्रा निकला। जिसमें सैकड़ो शिवभक्त भाग लिए। जिनका नेतृत्व शिव भक्त उत्तम सिंह एवं मुखिया किशोर कुमार महतो ने किया तथा उनके द्वारा कहा गया कि इस कावड़ यात्रा में भारी से भारी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे भाग लें तथा शिव भक्त कावड़ यात्रा में खूब नाचे,गाए और झूमेंकार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत समिति अनीता जैन, महावीर अग्रवाल, बाबू सिंह, निर्मल जैन, तेरूष देवी, राहुल कुमार सिंह, उमाशंकर अग्रवाल, राजीव कुमार, कनीश कुमार, शालिनी कुमारी, निशु कुमारी, नेहा सिंह, आनंद सिंह,नारायण कुमार,छोटू कुमार,राम कुमार,वैभव कुमार,प्रत्यूष कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय एनसीसी कैडेट द्वारा वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया कारगिल विजय दिवस

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में एनसीसी कैडेट द्वारा देश के वीर शहीदों को नमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर कारगिल विजय दिवस का जयंती रजत महोत्सव बड़े पैमाने पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे 200 से अधिक एनसीसी कैडेट शामिल हुए।एनसीसी कैडेट्स ने सर्वप्रथम विश्वविद्यालय कैंपस से बड़ी संख्या में रैली निकालकर बुढाखुकरा एवं चेटर गावों का भ्रमण करते हुए ( भारत माता की जय। वंदे मातरम।)जैसे देश भक्ति नारों से पूरा क्षेत्र गुंज उठा। यह दिवस भारतीय सैनिकों के गौरव और वीरता को फिर से याद करते हुए प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता हैं।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.एन. साह ने कारगिल युद्ध के बहादुरों को सम्मान करते हुए श्रद्धांजली अर्पित की और उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय इतिहास में साहस , कुलपति प्रो. (डॉ)समरेंद्र नाथ साहा, उपकुलपति प्रो. (डॉ.) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ )निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो.( डॉ )अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को शत-शत नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए।कार्यक्रम को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष एवं एनसीसी के एएनओ डॉ. अमन वर्मा,प्रदीप कुमार रजक , योतेंद मंडल , संजय राय चौधरी, राजू साव एवं अजीत महतो का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

## खुदरा सब्जी विक्रेता संघ की बैठक वेंडिंग जोन रामगढ़ न्यू बस स्टैंड स्थित कार्यालय में हुई



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुदरा सब्जी विक्रेताओं को एक साथ वेंडिंग जोन रामगढ़, न्यू बस स्टैंड में लाने हेतु एक अति आवश्यक बैठक खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ न्यू बस स्टैंड स्थित कार्यालय में की गई द्यइस बैठक अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष नीरज मंडल ओर संचालन सचिव संजय कुशवाहा वा कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी के द्वारा संयुक्त रूप से की गई द्य इस बैठक में सर्व सम्मति से सभी खुदरा सब्जी विक्रेता सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि छावनी परिषद द्वारा सब्जी मंडी में लाने के लिए जो भी हमारी मांगे थी उस समस्या का समाधान छावनी परिषद के अधिशाषी अधिकारी श्री अंनत अकाश जी के निर्देष पर करवा दी गई है द्य मौके पर किसानों के लिए अलग से एक शेड का नव निर्माण ओर बंद शौचालय को चालू करवाने हेतु बैठक में सब्जी विक्रेता के द्वारा मांग की गई । मौके पर संघ के अध्यक्ष नीरज मंडल ने कहा की छावनी परिषद के द्वारा वेंडिंग जोन में खुदरा सब्जी दुकानदारों और किसानों के हित में कार्य तो किए गए हैं लेकिन किसानों के लिए शेड निर्माण और बंद शौचालय को सुचारू रूप से चलाने के लिए हम लोग छावनी अधिशासी अधिकारी को एक मांग पत्र सौंपेंगे द्य हम सभी विषेश धन्यवाद सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ओर विधायक सुनिता चौधरी को देते है जिनके प्रयास से छावनी परिषद के द्वारा किसानों को पुनः पुराने सब्जी मंडी में फिर से बैठने की अनुमति सुबह 6ः00 बजे से 11ः00 दिन तक निर्देशित किया गया है, क्योंकि किसान कुछ ही देर के लिए अपने सब्जी लेकर आते हैं और बेचकर चले जाते हैं द्य इस तरह का निर्देष ओर निर्णय का हम सभी स्वागत करते हैं द्य लेकिन हम सभी को भी लिखित रूप में यह अस्वसत किया जाए कि पुराने सब्जी मंडी में किसानों के लिए जो समय अवधि निर्धारित की गई है, वह आदेश यथावत रहेगी ओर 11ः00 बजे दिन के बाद कोई भी किसान या खुदरा सब्जी विक्रेता वहां पर नहीं बेचेंगे द्य हम सभी को विभागीय स्तर से पता चला की 11ः00 बजे दिन के बाद पुराने सब्जी मंडी गेट मे ताला बंद कर दिया जाएगा द्य इस बैठक में इस बैठक में संघ के अध्यक्ष नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी, सचिव संजय कुशवाहा, कोषाध्यक्ष राजा सोनकर, राम प्रवेश साहू, अजय कुमार, महेन्द्र कुमार, लालेश्वर आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना एवं सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** विकास भवन सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सन्नी राज की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना एवं सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सफल क्रियान्वयन के संबंध में सभी पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। साथ ही विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में 03 अगस्त 2024 से ग्रामीण स्तर पर पंचायत भवन एवं शहरी क्षेत्र में चिन्हित किये गये स्थलों पर कैंप का आयोजन कर 21-50 वर्ष के योग्य महिला लाभुकों का आवेदन को डिजिटाईजेशन एवं ऑनलाईन करने संबंधी निर्देश दिये। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को योग्य लाभुकों को योजना से आच्छादित करने संबंधि विभागीय निर्देशों का अनुपालन करने के निर्देश दिया। बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक चतरा, सी0एस0सी0 को बैंकिंग कॉरेस्पोंडेट और वी0एल0ई0 का पंचायतवार सूची संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी को सभी डाटा का मिलान कर कैंपवार शेड्यूल प्रकाशित करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को बैठक कर 03.08.2024 से आयोजित होने वाले कैंप से संबंधित सभी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत जिन परियोजनाओं से आवेदनों की संख्या अधिक लंबित है, वहां कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। वहीं स्कूलों में कैंप कर योग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा जिला, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सिमरिया एवं चतरा, महिला पर्यवेक्षिका, एवं कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## काम छोड़ कर श्रम अधीक्षक कार्यालय पहुंची दर्जनों महिला मजदूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नव सृजित सरयु प्रखंड में प्रखंड कार्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य में लगी दर्जनों महिला मजदूर सोमवार को श्रम अधीक्षक कार्यालय पहुंची और श्रम अधीक्षक लक्ष्मी कुमारी को निर्माण कार्य में लगे संवेदक पर निर्धारित मजदूरी नहीं देने का आरोप लगाया। महिलाओं ने बताया कि वे विगत तीन महीना से वहां काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें मजदूरी मात्र 250 रूपये प्रति दिन की दर से दिया जा रहा है। वह भी नियमित नहीं मिलता है। महिलाओं ने कार्य स्थल पर कार्य करा रहे मुंशी व अन्य लोगों पर उनके साथ दुर्व्यवहार करने का भी आरोप लगाया।कहा कि कार्य के बीच में बाथरूम जाने पर उनके द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। मौके पर सुनीता देवी, अनीता देवी, राधा देवी व सीमा देवी समेंत कई दर्जन महिलायें मौजूद थी। इसकी जानकारी मिलने पर जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव श्रम अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और महिला मजदूरों की बातों को सुना। उन्होंने कहा कि मजदूरों को उनका हक मिलना चाहिए।

## पूर्व भाजपा विधायक प्रत्याशी सुजीत भारती ने किया टंडवा क्षेत्र का दौरा



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक प्रत्याशी सुजीत भारती ने सोमवार को टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धनगडा, मिश्रौल, खरीका इत्यादि कई गावों का दौरा किया। इस दौरान श्री भारती ने दारीदाग निवासी दिगेश्वर चौबे के यहां ब्रह्मभोज कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। अपने इस दौरे के के बारे में बताते हुए श्री भारती ने कहा कि पूर्व में भी हमें पूरे सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का आशीर्वाद प्राप्त था, आज भी है, और कल भी रहेगा। इस बार की चुनाव में अगर पार्टी के द्वारा टिकट दिया जाएगा तो निश्चित ही विजय प्राप्त होगा। इस मौके पर शिवप्रसाद गुप्ता, रूपेश सिंह, राजू यादव, बिगन यादव, बालमुकुंद दास समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## नल-जल चालू होने से पहले चोरों ने समरसेबुल चोरी की



**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के मरगड्डा पंचायत के पिंजनी गांव स्थित पनठिया में नल-जल योजना के तहत हर घर में पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए गए समरसेबुल को रविवार की रात चोरों द्वारा चुरा लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह मामला तब प्रकाश में आया जब सोमवार की सुबह कुछ ग्रामीण उधर टहलने गए तो देखा कि समरसेबुल गायब है और पाइप टूटा पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि नल जल चालू होने से पहले ही चोरी हो गई। समरसेबुल चोरी की घटना से ग्रामीण काफी नाराज हैं। इसी बीच रविवार की रात चोरों द्वारा बोरिग में लगभग 120 फीट नीचे लगे समरसेबुल और पाइप की चोरी चोरो ने कर ली।

## जिला निर्वाचित पदाधिकारी ने कई बूथ का किया निरीक्षण कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिला निर्वाचित पदाधिकारी संतोष कुमार ने सोमवार को बालूमाथ प्रखंड के बसिया, पीडारकोम, ओकिया, गणेशपुर, सेरेगड़ा समेत कई बूथ का निरीक्षण किया एवं उपस्थित बीएलओ से अभी तक किए गए कार्य की प्रगति का जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान यह देखने का प्रयास किया की फॉर्म 6,7,8 कितना भरा गया है उन्होंने कहा कि फार्म 6 में मतदाता सूची में नाम जोड़ना है। जबकि फार्म 7 में कोई मृत्यु हो चुके हैं या कहीं दूसरे जगह चले गए हैं उसका नाम हटाना है। जबकि फार्म 8 में त्रुटी का सुधार करना है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित बीएलओ, आंगनबाड़ी सेविका, जनसेवक एवं मतदाता सूची सुधार में लगाए गए सभी कर्मियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। इस मौके पर प्रखंड निर्वाचित पदाधिकारी मनीष पांडे, मनोज मित्रा, सुरेंद्र प्रसाद, रविंद्र प्रसाद सिंह समेत के कर्मी मौजूद थे।

# ट्रेकर एवं टीपीएफ वन कर्मियों के बीच साइकिल वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारू :** गारु प्रखंड के ब्याघ्र परियोजना के अंतर्गत गारू पूर्वी वन कार्यालय परिसर में सोमवार को विश्व बाघ दिवस के अवसर पर ट्रेकर एवं टीपीएफ वन कर्मियों के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित रेंजर उमेश कुमार दुबे ने वन कर्मियों को संबोधित करते हुए अपने कार्य को निष्ठा और ईमानदारी से करने का आग्रह किया। उन्होंने नियमित रूप से जंगल का भ्रमण कर वन्य-जीवों और जंगल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की।कार्यक्रम के दौरान गारू पूर्वी, गारू पश्चिमी, और बारेसाढ़ के 150 ट्रेकर एवं टीपीएफ कर्मियों को साइकिल वितरित की गई। बारेसाढ़ वन क्षेत्र जहां घने जंगल और कठिन इलाके हैं जैसे कि बुढ़ा पहाड़ और तिसिया जंगल जहां अब वन कर्मी आसानी से साइकिल के माध्यम से क्षेत्र भ्रमण कर सकेंगे। और जंगल की रक्षा कर सकेंगे। साइकिल मिलने से ट्रेकर एवं टीपीएफ कर्मियों में काफी उत्साह देखा गया।इस मौके पर वनपाल परमजीत तिवारी, रंजय कुमार, विवेक विशाल, वनरक्षी चन्दन पाण्डेय, शीशांत, विशाल कुमार सिंह ,भरत मिश्रा, विपिन कुमार समेत काफी संख्या में वन कर्मी उपस्थित थे।

## बालूमाथ में संघ द्वारा श्री गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर दुर्गा मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा श्री गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अरविंद भगत ने की जबकि संचालन संघ के जिला सह कार्यवाह सत्येंद्र प्रसाद ने किया द्य कार्यक्रम की शुरुआत परम पवित्र भगवा ध्वज को गुरु मान एवं भारत माता के चित्र में पुष्पांजलि करते हुए किया गया द्य इसके पश्चात उपस्थित स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज को गुरु मानते हुए अपना-अपना गुरु दक्षिणा समर्पण किया द्य वही श्री गुरु दक्षिणा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पलामू जिला लातेहार जिला संघ चालक अनिल ठाकुर ने अपने बौद्धिक संबोधन में कहा कि संघ की स्थापना सन 1925 में हुई थी द्य इसका उद्देश्य देश की एकता के साथ-साथ सनातन संस्कृति को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि आज संघ की 100 वर्ष पूरी होने वाली है द्य उन्होंने श्री गुरु दक्षिणा के प्रति प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी संस्कृति हिंदू सनातन धर्म मे गुरु का स्थान सर्वोपरि है बिना गुरु का जीवन अंधकारमय है द्य एक मात्र गुरु कृपा से ही मनुष्य का जीवन सार्थक हो सकता है द्य जिसे लेकर भगवा ध्वज को गुरु मानकर अपना गुरु दक्षिणा अर्पित करते हैं द्य कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक जितेंद्र कुमार ने कई देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया जबकि पलामू विभाग के संघ चालक ने भी अपने विचार रखते हुए सनातन धर्म में गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला मौके पर संघ के पर्यावरण प्रमुख धर्मेंद्र जायसवाल, निर्मल कुमार, प्रमोद साहू ,कान्हा कुमार, पवन कुमार, लाल देव गंजू, अखिलेश भोक्ता, अरविंद कुमार, अशोक कुमार साहू, शंभु प्रसाद सिंह, राजकुमार भगत, विनोद साहू, विजय कुमार, शशि भूषण प्रसाद, अजीत कुमार ओझा, जग नारायण पाठक, उज्जवल शुक्ला, संजय कुशवाहा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिये अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त गरिमा सिंह कि अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पदस्थापन आदि विषयों पर बिंदुवार विचार-विमर्श कर उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा अन्य जिला से योगदान किये गए शिक्षकों के पदस्थापन की जानकारी दी गई। इस संबंध में उपायुक्त ने प्राप्त सूची पर चर्चा करते हुए अन्य जिला से योगदान किये गए शिक्षकों को विद्यालय आवंटित कर पदस्थापन करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने लातेहार जिला के वैसे शिक्षक जिन्होंने अन्य जिला हेतु आवेदन किया है। उनके आवेदन को शिक्षक स्थानांतरण पोर्टल (समिति के LOGIN से) अग्रसारित करने का निर्देश दिया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कब्रिस्तान से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बिजली विभाग से ट्रांसफार्मर हटाने की रखी मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र के बरवाडीह पंचायत में स्थित ग्राम सिंघानी के कब्रिस्तान में लगे ट्रांसफार्मर को सिंघानी के मुस्लिम समुदाय के दर्जनों लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से कब्रिस्तान में लगी ट्रांसफार्मर को हटाने और दूसरी जगह शिफ्ट करने को लेकर मांग की है। वहीं उपस्थित लोगों ने बताया कि कब्रिस्तान में लगे ट्रांसफार्मर से आने जाने व अन्य कोई कार्य होने पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मौके पर वार्ड सदस्य मोहम्मद इसराइल ने बताया कि मुख्य द्वार पर ठीक सामने ट्रांसफार्मर लगी हुई है इस कारण यहां किसी भी कार्य को लेकर आने जाने वाले लोगों को हमेशा भय बना रहता है। जिससे ट्रांसफार्मर के आसपास से ही हम सभी को आना जाना होता है और कई बार हम लोग के साथ-साथ छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल रहते हैं। इससे कभी भी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। बताते चलें कि ट्रांसफार्मर के पास कई बार 11 हजार का हाई वोल्टेज तार में शॉर्ट सर्किट होने से तार भी टूट चुका है। कई बार तो राहगीर भी करंट के चपेट में आने से बाल बाल बचें हैं, यहां तक कि शॉर्ट सर्किट होने से चिंगारी व अचानक आग उत्पन्न होते रहता है। जिससे हमेशा कोई बड़ा खतरा होने का संकेत रहता है। इसके लिए यहां से ट्रांसफार्मर को हटाना अति आवश्यक है। सभी ने बिजली विभाग के कनीय अभियंता एवं जिले के अधिकारियों से आग्रह किया है कि जल्द ही कब्रिस्तान में से ट्रांसफार्मर को हटाकर कहीं दूसरे जगह पर शिफ्ट करने की पहल की जाए। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के मो. मुस्तकीम, मो. आशिक, मो. नेंजाम, मो. फारूक, मो. तबरेज, मो. जसीम, मो. नसीम, मो. तफज्जुल, मो. तालिब, अब्दुल हफीज, मोहम्मद इसमाईल सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थें।

# विश्व बाघ दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** छिपादोहर पश्चिमी वन क्षेत्र बरवाडीह रेंज के ऑफिस से स्कूली बच्चों के द्वारा विश्व बाघ दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई। जहां प्रभात फेरी की शुरुआत रेंजर अजय टोप्पो के द्व हरी झंडी दिखाकर किया गया। वहीं वन कर्मियों के साथ बच्चों का जत्था नगर भ्रमण करते बाघों के संरक्षण में सहयोग करने और वन क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर नारेबाजी करते हुए पहडतल्ली रेलवे क्लोनी भ्रमण कर रेंज ऑफिस पहुंच समापन किया गया।बाद इसके बच्चों के बीच अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन करने के साथ वन संरक्षक बाघों को संरक्षण के मद्देनजर लघु फिल्म दिखाई गई । इस दौरान रेंजर अजय टोप्पो ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व बाघ दिवस के अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि जंगल से एक भी वृक्ष की कटाई नहीं करेंगे और जंगली जानवरों का संरक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि जानवर हैं तो जंगल है और जंगल है तो हम सभी जीवित हैं। मौकेपर वनपाल रजनीश कुमार सिंह, शशि भूषण सिंह, समीर कश्यप, अविनाश एक्का, श्रवण कुमार गुप्ता, मुकेश यादव, समेत अन्य वन कर्मी मौजूद रहे।

## अबुआ आवास का सूची आने पर जबड़ा पंचायत भवन जुटे ग्रामीण, मुखिया पर भड़के



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के जबड़ा पंचायत में अबुआ आवास का सूची आते ही मुखिया ने एक बैठक बुलाई ।जिसमें पंचायत के सैकड़ो लोग जमा हो गए। और अबुआ आवास में अपना नाम ढूंढते नजर आए। हालांकि सौपे गए सूची के अनुशार कुल 106 लाभ्यार्थियों का सूची जारी किया गया है। अबुआ आवास को लेकर बैठक में प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख रोहन साहू, मुखिया बीना देवी, उप मुखिया के अलावे सभी वार्डों के सदस्य मौजूद थे। बैठक में हो हल्ला के बीच बैठक बेनतीजा निकला। ग्रामीणों का आरोप है की हमारा सूची से नाम गांव है। वहीं कितने लोगों का कहना है की हमारा नाम सूची में आया हुआ है तो मुझे आवास का लाभ मिलना चाहिए। आपको बता दें की 106 जारी सूची में कितने लोग तो सुखी संपन्न है और कितने को पीएम आवास का लाभ मिल चुका है। लेकिन कितने को अभी तक ना पीएम आवास का लाभ और ना अबुआ आवास का लाभ अभी नहीं मिला है। वैसे मामला बड़ा दिलचस्प है की कैसे सही लाभार्थियों को छ्टनी किया जाय। इधर मामला बिगड़ता देख प्रमुख रोहन साहू ने बताया की खुद लाभुको को हीं योग्य लाभुक का नाम छ्टनी करना पड़ेगा। कौन व्यक्ति पूर्व में आवास का लाभ लिया है या नहीं इसका जानकारी के तहत खुद नाम को छ्टनी करना होगा। हालांकि इसके लिए पंचायत के मुखिया या प्रखंड में पूर्व में आवास के लाभुको का सूची मौजूद है।

# मूक विधिर संदीप ठाकुर को नहीं मिल सका है अभी तक आशियाना

### आबुआ अवास से है कोषों दूर, किराए के मकान में रहने को है मजबूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के सेरनदाग पंचायत अंतर्गत बगरा के पचपोनिया टोला में एक मूक विधिर संदीप ठाकुर का मिट्टी का घर धाराशाही हो गया है। जिसे लेकर मुकविधिर संदीप अपने पत्नी और बच्चे के साथ किराए के मकान में रहने को मजबूर है। उनकी संदीप ना बोल सकता है और ना सुन सकता है। गरीबी के हालत में धाराशाही घर को मरम्मती तक नहीं करा पा रहा है। हैरत वाली बात है की संदीप को अभी तक गरीबी होने के कारण अबूआ आवास नहीं मिल पाया है। आवास के लिए प्रखंड कार्यालय के कई चक्कर लगा चुका है परंतु आज तक आवास नहीं मिल पाया है। इधर मुखिया चंदा देवी से बात करने पर उन्होंने ने कहा की हम लोग काफी प्रयास किए हैं आवास दिलाने के लिए परंतु हर बार निराशा हाथ लगा है। हम लोग पंचायत से सूची बना कर देते है किंतु प्रखंड कार्यालय से हम लोगों को सूची हटा कर अपने स्तर से सूची बना कर भेजा जाता है जिससे वैसे गरीबों का नाम सूची के सीरियल से हट जाता है और आवास का लाभ नही मिल पाता है। यही हाल जबड़ा पंचायत के हुंकार खाप का है। जहां एक विधवा एसटी महिला कविता देवी पति जितेंद्र गंझू का है। उक्त विधवा महिला का घर मिट्टी का दिवाल से बना खपरैल मकान है। जो वर्षा के कारण धाराशाही हो चुका है। किंतु अभी तक उसे भी अबुआ आवास से दूर रखा गया है। आखिर राज्य सरकार गरीबों और लाचार के लिए सर पर छत रहने के लिए यह योजना चलाई है ।परंतु यह आवास वैसे सामर्थ लोगों को मिल जा रहा है जो खुद ढलाई मकान बना कर पूर्व से रह रहा है ।साथ हैं उसे पूर्व में पीएम आवास तक मिल चुका है और पुनः अबूआ ले रखा है। वैसे में वैसे लोगों को कैसे और किस आधार पर अबूआ आवास दिया जा रहा है। यही कारण है की गरीब लाचार लोग अबूआ आवास से दूर है।

# निजी नर्सिंग होम पर कारवाई तो निजी स्कूल पर कारवाई क्यों नहीं?

**तेजतरार उपायुक्त रमेश घोलप और एसडीओ सन्नी राज को आम जनता ने सराहा,**

**चतरा डीएसी और सिमरिया बीईओ का कमाल, प्राइवेट स्कूल हो रहे हैं मालामाल**

**ए हैं मालामाल सरकारी स्कूलों का है खस्ता हाल, बच्चे के परिजन हो रहे हैं कंगाल**

**वगैर रजिस्ट्रेशन, वगैर उ डैस कोड के धड़ल्ले से चलाई जा रही है निजी स्कूल**

**निजी स्कूलों से प्रति माह डीएसी को पहुंचता है प्रसाद, नहीं होती है इन पर कोई कारवाई**

**कारवाई के नाम पर किया जाता है खानापूर्ति, आखिर क्यों नहीं, प्रसाद रूपी रुपए की होती है जो पूर्ति**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के तेजतरार उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर लगातार अवैध निजी नर्सिंग होम पर तेजतरार एसडीओ सन्नी राज का कारवाई जोरों पर किया जा रहा है। । और लगातार छापेमारी कर अवैध नर्सिंग होम पर कारवाई भी किया जा रहा है। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने उपायुक्त और एसडीओ को धन्यवाद और साबासी दिया है। किंतु उपायुक्त और एसडीओ से ग्रामीण और शिक्षा पा रहे बच्चे के अभिभावकों ने इसी तर्ज पर अवैध प्रावेट स्कूलों पर कारवाई की मांग किया है।आग्रह किया है की जिस तरह अवैध निजी नर्सिंग होम में छापेमारी कर गोरखधंधा तथा जिंदगी से खेड़वाड करने वालों को जेल के सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है।उसी तरह अवैध निजी स्कूलों को भी छापेमारी कर सरकारी कागजात की जांच कर वैसे फर्जीवाड़े करने वालों पर कारवाई क्यों नहीं की जा रही है। हैरत की बात है की वैसे निजी स्कूल जिनका आज तक रजिस्ट्रेशन और यू डाइस कोड तक नहीं मिला है। और धड़ल्ले से स्कूल चला लाखों की कमाई करने में लगे है। वहीं दूसरी ओर वैसे अवैध स्कूलों पर डीएसी और बीईओ मेहरबान है। चुकी इनको प्रतिमाह प्रसाद के रूप में चंदा रूपी रुपए जो पहुंच जाती है। वैसे में बच्चे के अभिभावकों को दोहन का शिकार होना पड़ रहा है।

**निजी स्कूलों के कारनामे अजब गजब की है**

प्रति माह बच्चे के अभिभावकों से मोटी फीस लेना, किताब कॉपी के अलावे बच्चों के जूता और ड्रेस भी निजी स्कूल से हीं लेना पड़ता है अभिभावकों को। प्रत्येक वर्ष रिएडमिशन के नाम पर हजारों रुपए लिया जाना, रजिस्ट्रेशन के लिए किसी दुसरे शहरी स्कूलों से बच्चों को रजिस्ट्रेशन कराना और इसके एवज में मोटी रकम लेना, बोर्ड के लिए फॉर्म भरने के समय भी किसी शहरी स्कूलों से भरा जाना और मोटी रकम लेकर खुद को मालामाल होना और जिला डीएसी तथा बीईओ को भी मालामाल किया जा रहा है। इस तरह बच्चे के अभिभावकों से लूट का छूट किया जाना आम सी बात हो गया है।

**आखिर क्यों बच्चे के अभिभावक सरकारी स्कूल छोड़ निजी स्कूलों में पढ़ाना पसंद करते हैं**

सरकारी स्कूलों में जहां एक सौ बच्चे हैं वहां महज दो या तीन शिक्षक दिया जाना, यानी शिक्षको का दंश झेल रहे हैं सरकारी स्कूल, सरकारी स्कूल के शिक्षक भी सरकारी के तरह बच्चों को पढ़ाना यानी पढ़ेगा खुद से तो ठीक नहीं तो खेलते रहे। जिला शिक्षा विभाग को स्कूलों पर किसी तरह का कोई कारवाई नहीं। कारवाई नहीं करने को लेकर सरकार द्वारा दिया जाना वाला विद्यालय विकास के फंड से शिक्षक द्वारा निपापोती करते हुए कुछ जिला डीएसी और कुछ प्रखंड के बीईओ को भी प्रसाद भेंट किया जाता रहा है। जिसके कारण सरकारी स्कूलों में केवल नाम एडमिशन किया जाता है ताकि सरकार द्वारा बच्चों पर खर्च किया जाने वाला रुपए बच्चों को मिलता रहे। यही कारण है की आज सरकारी स्कूलों में पढ़ाई नहीं होने के कारण निजी स्कूलों में बच्चों की संख्या ज्यादा लाख दोहन होने के बावजूद भी दिखाई देती है। वैसे में यदि निजी स्कूलों पर कारवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में सरकारी स्कूलों से बच्चे की संख्या समाप्त हो जाएगी और विद्यालय में ताले लटके नजर आएगा।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# पुलिस के भय से भागने के क्रम में कुएं में गिरकर एक युवक की मौत, एक घायल

## दोषी पुलिस कर्मी पर करवाई की मांग और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग पर अड़े ग्रामीण

**▶ आक्रोश में ग्रामीण शव को लेकर अड़े रहे कुएं के पास, डीएसपी सहित तीन थाना प्रभारी, बीडीओ, सीओ घटना स्थल पर पहुंचे**

**▶ आपसी समझोता के बाद 12 घंटे बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के नारायणपुर में रविवार रात करीब 10 बजे पुलिस के भय से भागने के दौरान दो युवकों में से एक की कुएं में डूबने से मौत हो गई है। मृतक नारायणपुर निवासी मुकेश कुमार यादव पिता रामचंद्र यादव (26 वर्ष) है। मृतक के भाई मनोज यादव और ग्रामीणों ने बताया कि नारायणपुर में नारायण महतो के दुकान में पुलिस की गश्ती दल रूकी और वहां बैठे युवकों ने जब पुलिस को देखा तो इस दौरान पुलिस के भय से दौडने लगे मुकेश कुमार यादव और एक छोटेलाल प्रसाद अंधेरे में अलग-अलग कुएं में गिर गए। छोटे लाल को पुलिस की मौजूदगी में निकाला गया। वहीं दूसरे कुएं में गिरे युवक मुकेश कुमार को जब वहां मौजूद ग्रामीणों ने बाहर निकाला तो उसकी मौत हो गई थी। मुकेश का लगभग दो वर्ष का एक बेटा और दस माह की एक बेटी है । एक बूढ़ा पिता और एक बड़ा भाई मनोज कुमार है जो की वह बाबाधाम देवघर जल चढ़ाने गया था। सूचना मिलते ही वह सोमवार सुबह 6 बजे घर पहुंचा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

**कुएं में डुबे छोटीलाल प्रसाद ने कहा**

मृतक के साथ दुसरे कुएँ में डुबे बेडमक्का निवासी छोटीलाल प्रसाद ने बताया कि हम और मुकेश कुमार यादव दोनों नारायण महतो के चौमिन दुकान में चौमिन खा रहे थे. उसी वक्त वहां पुलिस पहुंच गई पुलिस को देख दुकानदार पीछे के रास्ते से भाग गया. हमलोग भी दुकान के पीछे के रास्ते से दौडने लगे पुलिस द्वारा टार्च जलाया गया तभी हम कुएं में गिर गए.

**घटना के बाद ग्रामीणों में पुलिस के प्रति आक्रोश**

घटना से ग्रामीणों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है शव को लेकर ग्रामीणों घटना स्थल पर पड़े रहे थाना प्रभारी सुजीत कुमार का कहना है कि पुलिस की गश्ती दल को देखकर युवक भागने लगे और भागने क्रम में कुएं में गिर गया जब उन्हें जानकारी मिली की कोई एक व्यक्ति कुएं में गिर गया है तो उसे तुरंत ग्रामीणों की मदद से निकाला गया दूसरे के बारे में जानकारी नहीं मिली ,मिलती तो उसे भी निकाल देते । इधर परिजन और ग्रामीणों ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे और इसकी सूचना सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल और प्रबील प्रसाद ने कोडरमा सांसद मंत्री अन्नपूर्णा देवी और विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पांडेय ने बरकट्ठा विधायक अमित यादव को दूरभाष पर जानकारी दिया। सांसद और विधायक ने तुरंत संज्ञान लेते हुए रात को हजारीबाग पुलिस कप्तान अरविंद कुमार सिंह से बात कर जानकारी दिया , और उनके निर्देश पर घटना की सूचना मिलने पर सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार सिंह , बिशानुगढ़ एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद , विष्णुगढ़ थाना प्रभारी राम नारायण साह ,इचाक थाना प्रभारी संतोष कुमार ,दारू थाना प्रभारी सहित पुलिस कर्मी घटना स्थल पर रात को ही पहुंचे । पुलिस प्रशासन ग्रामीणों की मांग को सूचना और हर संभव मदद करने का आशवासन दिया और एसपी को अवगत करवाया।

**जनप्रतिनिधि, प्रखंड व अंचल पदाधिकारी एंव प्रशासनिक वरिय पदाधिकारी के मौजूदगी में बैठक कर सरकारी सुविधा देने की बात कही गई**

सोमवार सुबह नारायणपुर में जनप्रतिनिधि प्रखंड, अंचल पदाधिकारी एंव प्रशासनिक वरिय पदाधिकारी के मौजूदगी में बैठक की गई. जिसमें सर्वसम्मति से मुकेश कुमार यादव की पत्नी खुशबु देवी को सरकारी प्रावधान के अनुसार विभिन्न सुविधाएं देने की सहमति बनी. जिसमें मृतक की पत्नी को झरपो स्वास्थ्य केन्द्र में सफाई कर्मी पर नियुक्ति, आपदा कोष से चार लाख रुपये की सरकारी मदद, टाटीझरिया थाना में चौकीदार की नियुक्ति में प्राथमिकता देने हेतू वरिय पदाधिकारी द्वारा अनुशंसा, अंबेदकर आवास आने पर पत्नी खुशबु कुमारी को देने का आश्वासन दिया गया. इस सहमति के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस अपने साथ शव को लेकर शेख भिखारी अस्पताल हजारीबाग ले गए।

# अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के 80 मरीजों को दिया पोषण किट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने तीसरे चरण के तहत गोद लिए 80 टीबी मरीजों के बीच सोमवार को निःशुल्क पोषण किट वितरित किया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान अदाणी फाउंडेशन की ओर से वितरित किए गए प्रत्येक किट में च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग, सरसों तेल और हॉर्लिक्स जैसी आहार सामग्रियां शामिल हैं। 'प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना' के तहत छः महीने के ईलाज के दौरान रोगियों को हर माह पोषक आहार प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। इस अवसर पर हजारीबाग के जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ राजकिशोर जयसवाल ने कहा, अदाणी फॉउंडेशन टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ठ कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय और प्रेरक है। अदाणी फॉउंडेशन द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। हजारीबाग क्षेत्र के मरीजों के लिए आपात परिस्थिति में यह एम्बुलेंस सुविधा त्वरित रूप में उपलब्ध है। यह तीसरा चरण है, जिससे बहुत सहायता मिली है। हजारीबाग के जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर जयराम कुमार ने बताया, अदाणी फॉउंडेशन की ओर से अब तक 130 टीबी के मरीजों को गोद लिया जा चुका है, जो अब स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं, तीसरे दूसरे चरण के तहत अब 80 मरीजों को लगातार छह महीने तक पोषण आहार प्रदान किए जाएंगे। टीबी के ईलाज में अदाणी फॉउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों से मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार का लाभ मिल रहा है। यह नेक पहल प्रशंसनीय है। मौके पर टीबी विभाग के ट्रेनिंग सुपरवाइजर दीपक कुमार, सीएसआर विभाग के उप प्रबंधक मोहित गुप्ता, एग्जीक्यूटिव अधिकारी तारकेश्वर कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

# एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया पूजन सामग्री का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पवित्र श्रावण मास की दुसरी सोमवारी को शहर के प्राचीन बुढवा महादेव स्थित माँ वैष्णव मंदिर में पूजन समाग्री का वितरण किया गया। पूजन समाग्री वितरण कार्यक्रम सुबह सात बजे शुरूआत हुई। जिसमें श्रद्धालुओं को दुध, फुल, बेलपत्र, माचिस एवं अगरबत्ती का वितरण किया गया साथ ही श्रद्धालुओं को भस्म भी लगाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष उर्मिला देवी ने पूजन सामाग्री वितरण कर किया। मुख्य रूप से एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राकेश गुप्ता, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, सुदेश चंद्रवंशी, झील सफाई समिति के सदस्य अरुण कुमार वर्मा, पंचरतन लाल गुप्ता एवं भैया असीम कुमार सहित कई गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र देकर संस्थान के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा नेता सुदेश चंद्रवंशी ने कहा दान पुण्य करने से जीवन में चमत्कारिक बदलाव आता है। इससे बौद्धिक एवं समाजिकता की भाव का विकास होता है। मौके पर एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष उर्मिला देवी ने कहा कि श्रावन माह में दान पुण्य करना काफी सौभाग्य की बात होती है। सच्चे मन से इस तरह के दान पुण्य करें तो अभीष्ट लाभ की प्राप्ति होती है। मौके पर सुमीत सोंडिह, अमित कुमार, मनीक चक्रवर्ती, ऋषि कुमार, सुदेश कुमार, प्रिया कुमारी, कार्तिक कुमार पाण्डेय, राजन गुप्ता, प्रवीण श्रीवास्तव, ज्वाला अग्रवाल, विशाल वर्मा, गौतम कुमार, साधना कुमारी, अनुप्रिया कुमारी एवं अमरेश भारद्वाज सहित कई लोग शामिल थे।

# अंतराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में कोलघट्टी की आराध्या राय ने जीता गोल्ड, उपायुक्त ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**हजारीबाग :** अंतराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में कोलघट्टी निवासी आराध्या राय,कार्मेल स्कूल हजारीबाग की कक्षा 2 की छात्रा के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आराध्या राय ने कोलकाता इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुए 8वां कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके पूर्व भी आराध्या ने रांची में झारखंड सब जूनियर कैडेट कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। उपायुक्त आराध्या को प्रशस्ति पत्र देकर शुभकामनाएं दी तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में हजारीबाग के कराटेकारों ने जीते 42 मेडल



**हजारीबाग :** सेशिनकाई कराटे संघ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में 25 से 30 जुलाई तक चला. इस प्रतियोगिता मे हजारीबाग के 60 कराटेकारों ने भाग लिया. इसमें 42 मेडल जीतकर हजारीबाग व झारखंड का नाम रोशन किया. प्रतियोगिता में भारत देश के साथ-साथ पांच देशों के कुल सात हजार प्रतिभागी भाग लिए थे. हजारीबाग झारखंड टीम का नेतृत्व झारखंड के मुख्य प्रशिक्षक सिंहान उदय कुमार कर रहे थे. कोच के रूप में सेंसाई प्रतिमा कुमारी थी. विजयी प्रतिभागियों में गोल्ड मेडल -आदित्य कुमार, अंकित यादव, मनीता मिंज, अनुष्का राज, नमन गुप्ता, आराध्या राय, मोहम्मद अली खान, दिव्यांश सिंह, कथकली मुखर्जी, अंशिका स्नेहील, अखिल कुजूर, सिल्वर मैडल-पंकज साव, प्रियांशु शेखर, आसिफ अली, प्रिया कुमारी, अनन्या सिंह, सानवि पंडित, ध्वनि मिश्रा, निर्मल कुमार, शुभम करमाली, ब्रोंज मेडल- रोशनी कुमारी, नमिता भारती, रिशु कुमार, वर्षा भारती, अबान खान, रितिका कौर, जी निरालया, पृथ्वीराज पासवान, राजनंदनी चौधरी, ममता कुमारी, पूनम मिंज, अर्चना कुमारी, मुस्कान कुमारी, निसकान कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, प्रिया कुमारी, अंजली कुमारी, अर्पिता मुर्मू, नंदनी कुमारी, गीतांजलि कुमारी, अंजली कुमारी, रुपाली कुमारी शामिल है.

# धनवार से कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना



**बरही :** प्रखंड अंतर्गत धनवार गांव से बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए कांवरियों का जत्था रवाना हुवा। मौके पर शिव भक्तों ने बताया कि हम लोग सुल्तानगंज से जल उठाकर पैदल बाबा बैद्यनाथ पहुंचेंगे और जलाभिषेक करेंगे। वहीं हर हर महादेव का नारा लगाते हुए बोल बम के लिए रवाना हुए। शिव भक्तों में रंजीत केशरी, रवि कुमार, संजय केशरी, शंकर केशरी, दिलीप कुशवाहा, गुड़िया देवी, मुंद्रिका देवी, निशा कुमारी आदि शामिल है।

# जरबा पंचायत भवन सभागार मे अबुआ आवास योजना आयोजित



**चरही :** चुरचू प्रखंड के जरबा पंचायत भवन सभागार मे अबुआ आवास योजना का ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा का अध्यक्षता मुखिया सुनीता देवी व प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक संयुक्त रूप से किये वही संचालक पंचायत सेवक पूरण पासवान ने किया।ग्राम सभा मे कुल 42 लाभुको का चयन किया गया। वही मुखिया रूप से वर्ड सदस्य सहित सेकड़ो ग्रामीण उपस्थिति थे ।

# विष्णुगढ़ टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय मे एक दिवसीय संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित



**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ के टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय में सोमवार को एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित किया गया। संगोष्ठी का विषय वन संरक्षण था। संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रामचंद्र राम ने की। संगोष्ठी में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर, कर्मचारी गण एवम छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। भाग लिए छात्र-छात्राओं ने कहा की वन जीवन के लिए ऑक्सीजन का स्रोत हैं, जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद करते हैं, मिट्टी के क्षरण को रोकते हैं तथा जैव विविधता को बनाए रखने में मदद करते हैं।

# एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को मिला पैन इंडिया खदान सुरक्षा पुरुस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के पकरी-बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को पहले पैन इंडिया स्तर खदान सुरक्षा पुरस्कार (एमएसए-2024) में बड़े ओपनकास्ट कोयला खदान श्रेणी में तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम, खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के तहत आयोजित किया गया, का उद्देश्य कोयला, धातु, तेल और गैस क्षेत्रों में सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं को प्रदर्शित करने वाली खानों को पहचानना और पुरस्कृत करना था।

डीजीएमएस द्वारा गठित एक समिति ने विभिन्न क्षेत्रों की खानों को उनकी सुरक्षा प्रथाओं, वार्षिक मात्रा और डीजीएमएस द्वारा आयोजित खान सुरक्षा सप्ताहों में उनके पिछले प्रदर्शन के आधार पर चयनित किया। पकरी-बरवाडीह कोयला खदान की इस सूची में शामिल होना इसके उत्कृष्ट सुरक्षा मानकों और निरंतर प्रदर्शन को रेखांकित करता है। सभी चयनित खानों, जिसमें पकरी-बरवाडीह भी शामिल है, का निरीक्षण डीजीएमएस के वरिष्ठ सदस्यों, कोल इंडिया की सहायक कंपनियों के जीएम स्तर के अधिकारियों, और निजी कोयला कंपनियों के वीपी स्तर के अधिकारियों की एक टीम द्वारा किया गया। इस मूल्यांकन टीम ने 18 जुलाई, 2024 को पकरी-बरवाडीह कोयला खदान का निरीक्षण किया।

निरीक्षण और खानों के चयन के आधार पर कोलकाता के बिस्वा बांग्ला सम्मेलन केंद्र में पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष, एनटीपीसी के निदेशक (ईंधन), सीआईएल की सहायक कंपनियों के सीएमडी और निदेशक, एनएमडीसी, एमओआईएल, एचसीएल, सेल, यूसीआईएल के सीएमडी और निदेशक और टाटा स्टील और हिंडालको जैसी प्रमुख निजी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल थे।

गौरव के इस पल में प्रभात कुमार, खान महानिरीक्षक और डीजीएमएस के महानिदेशक ने एनटीपीसी के निदेशक (ईंधन) और एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव और पकरी-बरवाडीह परियोजना के प्रमुख फैज तैयब को तीसरा पुरस्कार प्रदान किया। उनके साथ चंद्र शेखर, खान एजेंट, टीएसएमपीएल के निदेशक (संचालन) और कोयला खनन मुख्यालय और टीएसएमएल के वरिष्ठ अधिकारी भी पुरस्कार ग्रहण करने में शामिल थे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के अतिरिक्त, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के प्रदर्शनी स्टॉल को कोयला क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार भी मिला, जिससे खनन संचालन में सुरक्षा और उत्कृष्टता के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता और भी उजागर हुई। खदान सुरक्षा पुरस्कार जैसी प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोहों में दोहरी पुरस्कार पाना पकरी-बरवाडीह के खनन क्षेत्र में सुरक्षा, नवाचार और परिचालन उत्कृष्टता का प्रमाण है।

# ज्वाइंट सेक्रेटरी राजेश प्रसाद ने अफ्रीका से लौटे प्रवासी मजदूरों से की मुलाकात

**▶ लाभकारी योजनाओ से वंचित प्रवासी मजदूरों को तत्काल जोड़ने का प्रयास युद्धस्तर पर जारी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** वर्त्तमान झारखण्ड सरकार प्रवासी मजदूरों के हितार्थ अब संवेदनशील दिखाई पड़ रही है। इसी संवेदनशीलता का प्रमाण है,जिसकी वजह से अफ्रीका के कैमरून से लौटे विष्णुगढ़ के पाँच श्रमिकों के उत्थान के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है।बीते करीब 8-10 दिनों के भीतर श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन का दौरा रहा,आज प्रखण्ड कार्यालय में श्रम विभाग ज्वाइंट सेक्रेटरी राजेश प्रसाद ने अफ्रीका के कैमरून से लौटे पाँच श्रमिकों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। इसके साथ हीं केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा रोजगारपरक एवं जनकल्याणकारी जैसे बिरसा कूप निर्माण,बिरसा आम बागवानी,कृषि से संबंधित कार्य हेतु सोलर पंप,पशुधन,पीएम आवास,जल-नल योजना,शौचालय, उज्वला योजना,आयुष्मान योजना में योजनाओं से वंचित योजना से तत्काल जोड़ने की बात कही गई। साथ हीं विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूरों को सूचना देकर सजग करते हुए कहा कि विष्णुगढ़ के श्रमिक मित्र राजेश्वर महतो से सम्पर्क कर प्रवासी मजदूर अपना नाम श्रम विभाग में पंजीकृत करवा लें, ताकि भगवान ना करें ऐसी स्थिति उत्पन्न हो कार्य के दौरान सामान्य मृत्यु की दशा में मृतक के आश्रितों को 2 लाख तथा आकस्मिक मृत्यु दुर्घटना की अवस्था मे मृतक के आश्रितों को चार लाख का भुगतान कल्याण विभाग के द्वारा किया जायेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देव कुमार मिश्रा, प्रमुख जैबुन निशा, बीडीओ अखिलेश कुमार, मुखिया निर्मला देवी,दुलारचंद महतो,अफ्रीका से लौटे प्रवासी मजदूर चिंतामन महतो, छत्रधारी महतो, बिसुन महतो, टेकलाल महतो, भीखन महतो समेत प्रखण्ड स्तरीय सभी विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी रही।

# द्वितीय सोमावारी में करियारपुर में दिखा भक्तों का उत्साह, किया जलाभिषेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** विहिप व बजरंग दल के बैनर तले द्वितीय सोमवारी के शुभअवसर पर करियातपुर में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। करियापुर के छठ नदी से जल भरकर पूरे विधि विधान से ब्राह्मण अशोक पांडेय के मंत्र उच्चारण से जल संकल्प कर करियातपुर के सभी शिव मंदिर में बारी-बारी से जलाभिषेक शिव भक्तों के द्वारा किया गया। बाराटांड शिव मंदिर में पूजा अर्चना व आरती के बाद प्रसाद वितरण कर यात्रा का समापन किया गया। विहिप के प्रखंड सामाजिक समरसता प्रमुख चंदन कुमार केसरी ने कहा की करियातपुर में किसी भी कार्यक्रम में सभी सनातनी बंधु का काफी उत्सव देखने को मिलता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में चंदन कुमार केसरी, कमलेश कुमार कुशवाहा, मुन्ना सोनी, शशि सोनी, धर्मेंद्र प्रजापति, संतोष प्रजापति, सनी भगत व अन्य का भरपूर सहयोग रहा। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केसरी, बजरंग दल सह संयोजक प्रदीप चंद्रवंशी, टिंकु केसरी, दीपक केसरी, संजीत सोनी, किशोर भगत, सुजीत केसरी, टिंकू भगत, राजेंद्र भगत, संतोष डीलर, सूरज, बिनोद केशरी, प्रदीप शर्मा, विक्रम भगत, चंदन शर्मा, बादल सोनी, प्रकाश केसरी, आशीष केसरी, मुकेश केसरी, अनुज केसरी, पवन केशरी, राजा केशरी, लक्की केशरी, अभिषेक सोनी, संजीत सोनी, बिक्रम भगत, कृष्णा भगत, राजेश भगत, रंजन भगत, दीना भगत, अनुज केशरी, सौरभ केशरी, आशीष केशरी, आभाष केशरी, अनीश केशरी, संदीप केशरी, अंकित सोनी, हंसराज केशरी, राज केशरी, प्रकाश केशरी, मिथुन शर्मा, सूरज शर्मा, संदीप केसरी मातृशक्ति में प्रिया रानी, किरण वर्मा, नंदिनी केसरी, रिंकी केसरी, रिद्धि केसरी, पूनम केसरी, चांदनी केसरी सहीत हजारों कि संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# कस्तूरबा विद्यालय चरही में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** सोमवार को कस्तूरबा विद्यालय चरही में चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक की व बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो अध्यक्षता मे बैठक किया गया है। जिसमें अध्यक्ष के रूप में संगीता देवी एवं उपाध्यक्ष के रूप में चैलेश्वर महतो को नियुक्त किया गया, और सदस्य के रूप में टेकनारायण कुमार, बबीता देवी, इम्तियाज अंसारी, माघ देवी, आशामुणि टुडू, उर्मिला मारंडी, पिंकी देवी, अमृत सिंह ,नीता देवी, पिंकी देवी, निरंजन प्रसाद नायक (स्थानीय प्रधिकार में सदस्य), सीमा हीरो, किरण कुमारी बाल संसद प्रधानमंत्री छात्रा मोनिका कुमारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी चुरचू को नियुक्त किया गए।

# गरजामु से हज उमराह के लिए रवाना यात्री का किया इस्तकबाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत गरजामु से स्व वाहिद अली की अहलिया मोहतरम सादिमा खातून को मक्का मदीना हज उमराह पर रवाना का इस्तकबाल ढोल ताशे के साथ किया गया। गांव के लोगों ने उन्हें माला पहनाकर इस्तकबाल कर हज उमरा यात्रा के लिए उन्हें मुबारकबाद दी। इस मौके पर मो. कयूम ने कहा कि नसीब वाले वे लोग होते हैं जिन्हें ऐसा मौका मिलता है और वे बैतूल मुकदत पहुंच पाते हैं। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्या मुनेजा खातून, अल्पसंख्यक कल्याण समिति अध्यक्ष मो कैयूम, पंचायत समिति सदस्य रमजान अंसारी सहित गांव के महिला पुरुष बच्चे मौजूद थे।

# विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर का शव पाँच दिनों से बेंगलुरु के निजी अस्पताल में, सरकार करे पहल : सी.बी. पटेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बिष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत ग्राम बलकमक्का टोला नागीटांड के प्रवासी मजदूर नारायण महतो पिता मोहन महतो का पार्थिव शरीर 24 जुलाई 2024 से बेंगलुरु के निजी अस्पताल के शव गृह में पड़ा हुआ है। शोकाकुल परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। ज्ञात हो कि महतो पिछले 4बरसो से उक्त कंपनी में कार्यरत थे। घटना की सही जानकारी अब तक प्राप्त नहीं हो सका है। इस बावत चन्द्र नाथ भाई पटेल ने साइड इंचार्ज से घटना के संदर्भ में जानकारी लेना चाहा तो इंचार्ज ने संतोष जनक ज़बाब नहीं दिया। पार्थिव शरीर भेजवाने व उचित मुआवजे की मांग पर कहा कि 15 दिनों समय लग जायेगा औपचारिकता पूरी करने में। श्री पटेल ने कहा समृद्ध शाली प्रांत होते हुए सरकार लोगों रोजगार नहीं दे पा रही है,तभी तो यहां के नौजवान देश, प्रदेश में जाकर अपनी जान गंवा रहे। उन्होंने सरकार से अबिलम्ब पार्थिव शरीर मंगवाने का अनुरोध किया है।इस मौके पर मुख्य रूप से संतोष महतो, कैलाश महतो,मनोहर महतो समेत दर्जनों की सँख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## कोतो में युवक का शव फंदे से झूलता मिला

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कोतो पंचायत में युवक का शव फंदे से झूलता मिला।मृतक का नाम रवि कुमार उम्र 23 वर्ष पिता मन्टु सिंह अपने बहन प्रीति कुमारी व बहनोई नंदवीर कुमार के साथ ग्राम पंचायत कोतो स्थित सपन दास के मकान में किराये पर रहते थे तथा पीवीयूएनएल के युनिक ट्रेडिंग कम्पनी में कार्यरत था। स्थानीय मुखिया को सुचना के बाद वरीय कांग्रेसी नेता जय प्रकाश सिंह ननकी ने स्थानीय थाना को सुचित किया तथा मुखिया तथा थाना की उपस्थित में दरवाजा तोड़ा गया। पंचायत के मुखिया के पति एवं वरिष्ठ कांग्रेसी ननकी सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टिया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। बाकी पुलिस के छान बीन के बाद ही पता चल पाएगा। शव को पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों के आग्रह पर जय प्रकाश सिंह ननकी ने उनके पैतृक घर बाढ़ उनके शव भेजने के लिए एम्बुलेंस की वयवस्था की।

## मांडू विधानसभा क्षेत्र का तूफानी दौरा कर रहे हैं डॉक्टर नजीर अंसारी

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू में एक बैठक आयोजन का किया गया बैठक की अध्यक्षता मोहम्मद कैफि अहमद ने किया वा संचालन मोहम्मद साजिद इराकी ने किया बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. नजीर अंसारी ने कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र में काफी विकास का कार्य अभी अधूरा है और यहां के नौजवान नौकरी की तलाश में प्लान कर रहे हैं झारखंड राज्य से बाहर काम करने को विवश है ?इन तमाम मुद्दों को लेकर मैं आपके समक्ष हाजिर हुआ हूं और मैं वादा करता हूं कि इस बार मांडू विधानसभा क्षेत्र से आपका प्यार और आपका साथ मुझे मिला तो मैं क्षेत्र का चौमुखी विकास करूंगा इस बैठक में मुख्य रूप से सदर मोहम्मद मुमताज कुरैशी , मोहम्मद करी मतलू रजा , मोहम्मद कमरू कुरैशी ,मोहम्मद सरफू कुरैशी ,मोहम्मद महताब कुरैशी, मोहम्मद कैफि,मोहम्मद सद्दाम ,मो.साजिद, भोली खान, मो शमीमी, सहनवाज अंसारी , शाहिद कई गण मान्य लोग मौजूद थे।

## समाजसेवी सह दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री उपाध्यक्ष द्वारा दुलमी स्कूल में खीर पूडी का वितरण किया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्राथमिक विद्यालय दुलमी में सभी बच्चों को अतिथि भोजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि प्रकाश करमाली ने कहा कि ऐसा सौभाग्य हर बार हर किसी को नहीं मिलता मैं जिस स्कूल से प्राथमिक शिक्षा ग्रहण किया था, उसी स्कूल के बच्चों को अपने हाथों से खीर पुडी बाटकर भोजन करने का काफी खुशी महसूस के साथ में एवं मेरे अंदर की आत्मा को आनंद प्राप्त हुआ हैं। अपितु मैं अपनी समाज सेवा के करियर में योगदान के साथ-साथ इनवाइट करने का जो काम किया प्राथमिक विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका गणों को पुनः आभार धन्यवाद करता हूं खासकर के शिक्षक उमेश कुमार मुंडा को जिन्होंने वितरण कर सौभाग्य प्राप्त करने का अवसर प्रदान करवाया एवं उपस्थित दशरथ कुशवाहा गोपाल महतो समेत कई अन्य गणमान्यजन मौजूद थे।

## झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज की बैठक संपन्न

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज रामगढ़ की मासिक बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई। अध्यक्ष आशुतोष सिंह की अनुपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता सचिव छोटू लाल मोदी नें की। सर्वप्रथम गत बैठक की संपुष्ठि की गई। प्रखंड स्तर के अध्यक्ष एवं सचिव के साथ मिल कर संगठन के विस्तार पर जोर दिया गया। आर्थिक स्थिति की चर्चा के साथ साथ आगामी 15 अगस्त स्वाधीनता दिवस को झंडोत्तोलन कार्य-कर्म पर चर्चा की गई।आज की बैठक में सचिव छोटू लाल मोदी कोषाध्यक्ष छुन्नू साहू,संरक्षक पन्ना लाल राम, शिवशंकर मोदी, दिलीप साहा, शिवनंदन सिंह,अशोक गुप्ता,तुला राम महतो, नागेश्वर प्रसाद,देशरण महतो, भुनेश्वर ठाकुर, रामनंदन सिंह, रामप्रसाद महतो, कुमेश्वर महतो, भुनेश्वर मोदी आदि उपास्थि थे।

## विश्व ब्राह्मण संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजीव पांडेये राजस्थान महामहिम से मिले

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व ब्राह्मण संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने राजस्थान के राज्यपाल महामहिम कलराज मिश्र से एक शिष्टाचार मुलाकात की, उनका स्वागत एवं सम्मानित करते हुए विश्व ब्राह्मण संघ पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई , महामहिम कल राज मिश्र, 2019 में विश्व ब्राह्मण के संरक्षक थे एवं महामहिम ने 10 फरवरी 2019 को गुरुग्राम स्थित क्रिमड्रम ऑफ ड्रीम्स में राष्ट्रीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शिकस्त की थी, उक्त अधिवेशन में अनेकों केंद्र मंत्रियों व राज्य मंत्रियों ने शिकस्त की थी, उस महाधिवेशन में झारखंड से अनेकों पदाधिकारियों ने भाग लिया था, उसमें झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराए थी द्य उस प्रोग्राम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी आने वाले थे, लेकिन अचानक उन्हें बिहार जाना पड़ा ओर वो उपस्थित नहीं हो सके तथा रक्षा मंत्री ने अपने मेसेंजर से अपना पत्र भेजा था उसे चेयरमैन मांगे राम शर्मा, बाबु जी ने सदन में पकड़कर सुनाये थे, उन्होंने विश्व ब्राह्मण संघ के पूर्व चेयरमैन मांगे राम शर्मा, बाबु जी ने निधन पर गहरा शोक प्रकट किये थे उनके परिवार वालों के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं वर्तमान चेयरमैन शशिकांत शर्मा के बारे तथा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सी पांडेय के बारे में जानकारी ली एवं उनका आशीर्वाद लिया। हम ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते है।

## भाकपा-माले ने कामरेड चारु मजूमदार के शहादत की 52 वीं वर्षगांठ मनाई

**रामगढ :** भाकपा-माले के संस्थापक महासचिव कामरेड चारु मजूमदार के शहादत की 52 वीं वर्षी और पार्टी की 50वीं वर्षगांठ पर रामगढ़ प्रखंड के ग्राम लोदरो- बेड़ा पार्टी ब्रांच के द्वारा शहादत दिवस मनाया गया। पार्टी के सामने आए विभिन्न चुनौतियों को सामना करते हुए पार्टी को सुदृढीकरण करने के लिए संकल्प को दोहराया गया।÷पार्टी को विकास और विस्तार के नये दौर के लिए तैयार करो÷कांग्रेस चारु मजूमदार के शहादत दिवस पर भाकपा- माले के जिला सह राज्य कमेटी सदस्य एवं आदिवासी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक कामरेड चारु मजूमदार के चित्र पर पुष्पांजलि की शुरुआत की एवं उपस्थित सभी साथियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर 1 मिनट का मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जोरदार नारे लगाए गए इंकलाब जिंदाबाद, भाकपा माले जिंदाबाद , कामरेड चारों मजूमदार अमर रहे, नक्सलबाड़ी नहीं मारा है, नहीं मरेगा, आदि नारेबाजी की गई। इसके तत्पश्चात भाकपा माले केंद्रीय कमेटी द्वारा अहवान पत्र सह संकल्प पत्र का पाठ किया गया।उक्त कार्यक्रम में सरयू बेदिया, फूलचंद बेदिया, चेतलाल बेदिया, पटेल बेदिया, खिलेश्वर बेदिया, हीरालाल बेदिया, पवन बेदिया, दिनेश बेदिया, रामकिशन बेदिया, संजय बेदिया, बिंदिया बेदिया, नितेश बेदिया, डमरलाल बेदिया,विवेक बेदिया अन्य दर्जनों सदस्य, समर्थक साथी गण उपस्थित थे।

## रामगढ़ पुलिस कार्यालय में नए एसपी ने की पदाधिकारियों के साथ बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** जिला के छत्तर मांडू स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सोमवार को नए पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने पुलिस अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रामगढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,पतरातु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी , मुख्यालय डीएसपी, पुलिस निरीक्षक सह अंचल अधिकारी, सभी थाना और ओ पी प्रभारी के साथ ने एसपी अजय कुमार ने बैठक किया । बैठक में अजय कुमार ने सक्रिय संगठित अपराध पर अंकुश लगाने का कड़ा संदेश दिया। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को रामगढ़ जिला को भय मुक्त बनाने हेतु जिले में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोह के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करने एवं अपराधियों के विरुद्ध सीसी एक्ट के तहत उचित कार्रवाई करने का भी सख्त निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ जिला में आपराधिक गतिविधि को रोकने के लिए रणनीति बनाया है। जिला के नए पुलिस अधीक्षक रामगढ़ जिले में अपराध को रोकने के लिए पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ अपराधियों को भी सख्त संदेश दे दिया है।

## रामगढ़ जिले के आयुष्मान आरोग्य मदिंर मारंगमर्चा को मिली एनक्यूएएस की उपाधि

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मत्रांलय नई दिल्ली के एनएचआरएससी ( NHRSC) के पत्र के आलोक में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, मारंगमर्चा जिला रामगढ़ ने देश भर के राष्ट्रीय गुनवत्ता आश्वासन मानक को पुरा करते हुए पुरे देश भर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने उच्च श्रेणी में 88.6 अंक के साथ अपना नाम दर्ज कर लिया है।दिनांक 29.06.2024 को रामगढ़ जिले के आयुष्मान आरोग्य मदिंर, मारंगमर्चा को एनक्यूएएस NQAS (National Quality Assurance Standards) के लिए आकलन किया गया था जिसमें की मारंगमर्चा में उपलब्ध कराने वाली सेवाओं को 7 पैकेज के अधार पर आकलन किया गया जैसे की केन्द्र में गर्भा-अवस्था, परिवार नियोजन, किशोरा अवस्था, संचारी रोग एवं गैर संचारी रोग के साथ साथ सामान्य बीमारियों के ईलाज की सुविधाओं की उपलब्धता। दिनांक 26.07.2024 को आयुष्मान आरोग्य मंदिर मारंगमर्चा को झारखण्ड में सबसे अधिक अंक 88.6 प्रतिशत के साथ एनक्यूएएस के सभी मानको को पुरा करते हुए एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ।इस उपलब्धि के साथ सरकार की ओर से आयुष्मान आरोग्य मंदिर मारंगमर्चा को तीन साल तक प्रतिवर्ष 1.5 लाख की राशि पुरस्कार के रूप में प्राप्त होगी जिसके उपयोग से स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से आम जनता को दी जाने वाले सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जा सकेगा।सिविल सर्जन, महालक्ष्मी प्रसाद रामगढ़, के द्वारा बताया गया की यह हर्ष की बात है कि रामगढ जिलान्तर्गत पहला आयुष्मान आरोग्य मदिंर, मारंगमर्चा को एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन उपलब्धि प्राप्त हुई है एवं आने वाले समय में गुनवत्ता कोषांग एवं सारे स्वास्थ्य विभाग का ये प्रयास है ।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
**JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND**
Ph. No.: +91-651-2225878, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752,

**e-Procurement Notice**
**Tender Notice**

NIT No:. JUIDCO/NIT/Jamtara/UWSS/24/623 Date:27.07.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Jamtara Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering –http:/ / jharkhandtenders.gov.in |
| 3. | Estimated Cost | Rs. 118,75,89,093 /- (Rupees One Hundred Eighteen Crore Seventy Five Lakh and Eighty Nine Thousand ninety three only) |
| 4. | Tender Fee and Bid Security | Tender Document Fee – Rs. 25,000/- (Rupees Twenty Five thousand only) Bid Security – Rs. 1,18,75,890 /- (Rupees One Crore Eighteen Lakh Seventy Five Thousand Eight Hundred Ninety only) |
| 5. | Date & Time of Publication of Tender on Website | 29.07.2024; 17:00 hours |
| 6. | Last Date & Time of submission of pre-bid queries | 05.08.2024; 13:00 hours |
| 7. | Date & Time of pre-bid meeting | 05.08.2024; 15:00 hours |
| 8. | Last Date &Time of Bid Submission | 20.08.2024; 17:00 hours |
| 10. | Date & Time of Bid Opening | 21.08.2024; 17:00 hours |
| 11. | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Pin–834001. |
| 12. | Helpline No.of e-Procurement Cell | +91 651 2225878/ 9973768183 |

**Note: Only e-tenders will be accepted.**

Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website *http//:jharkhandtenders.gov.in*

Sd/-
**Project Director (Technical)**
**JUIDCO Ltd., Ranchi**

PR.NO.331046 Urban Development and Housing(24-25):D


## सिल्वर मेडल जितने वाली ज्योति को विस्थापित एवं स्थानीय संवेदक संघ ने किया सहयोग



**उरीमारी :** उरीमारी के विस्थापित एवं स्थानीय संवेदक संघ ने सोमवार को जरजरा चौक स्थित गरसुल्ला निवासी श्रमिक नेता स्व जयनारायण बेदिया कि पुत्री ज्योति कुमारी को देवघर में आयोजित राज्यस्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जितने कि खुशी पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन राशि भेंट कर जीत कि बधाई दी गई। विस्थापित एवं स्थानीय संवेदक संघ ने कहा कि गांव कि बेटी ज्योति कुमारी ने गरसुल्ला सहित पुरे उरीमारी का नाम रौशन किया है। हम सभी ज्योति कुमारी से उम्मीद करते हैं कि वह राज्यस्तरीय से बढ़कर देशस्तरीय खेल में खेले। और अपने राज्य को राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर पुरे देश में परचम लहराये। विस्थापित एवं स्थानीय संवेदक संघ ने ज्योति कुमारी के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मौके पर संघ के अध्यक्ष सुरज बेसरा, सचिव महावीर साव, बिनोद हेम्ब्रोम, रविन्द्र सोरेन,जय कुमार,राजपति कुमार, आनंद बेसरा,चुरामण ठाकुर, कुलदीप साव, सुरेश मांझी, सहाबीर हेम्ब्रोम, लालधारी साव,शंकर साव आदि लोग मौजूद थे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के दूसरे दिन गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रकृति मां के प्रति श्रद्धाभाव अर्पित की

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ 27 जुलाई से एक पेड़ मां के नाम अभियान को चलाया जा रहा। इस अभियान को मां से जोड़ा गया है। साथ ही लक्ष्य रखा गया है कि हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाए। भावनात्मक जुड़ाव के बाद हर व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाएगा।यह हमारी माँ और माँ प्रकृति के प्रति एक श्रद्धांजलि है।आज इस कार्यक्रम के दूसरे दिन भी गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रकृति मां के प्रति श्रद्धाभाव अर्पित किया।कार्यक्रम में आए विशेष अतिथि नितिश कुमार डीएफओ रामगढ़, प्रसून कुमार रीजनल मैनेजर एसबीआई रामगढ़, एवं पूना मैनेजर रामगढ़ मेन? ब्रांच एसबीआई ,को पुष्प गुच्छ भेंट कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में कक्षा 6 और 12 साइंस बी.के सभी बच्चे उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि नीतीश कुमार ने यह बताया कि हमें पौधे की कैसे देखभाल करनी चाहिए ।उन्होंने यह कहा कि जिस प्रकार हमारी मां हमें प्यार ,दुलार एवं हमारी सुरक्षा करती हैं उसी प्रकार हमें पेड़ों की भी सुरक्षा एवं देखभाल करनी चाहिए । स्कूल के बच्चों ने अतिथियों के स्वागत में एक स्वागत गीत, कविता,एवं भाषण भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार परंदीप सिंह कालरा विद्यालय प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन आदि मौजूद थे।

## प्रेस क्लब रामगढ़ का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रेस क्लब रामगढ़ के सत्र 2024-25 का चुनाव रविवार की देर शाम परिणाम घोषणा के साथ संपन्न हो गया। चुनाव प्रेस क्लब रामगढ़ के सभागार में सुबह 9.30 बजे से प्रक्रिया प्रारंभ हुई। इस दौरान कुल 201 मत डाले गए। जिसकी मतगणना प्रेस परिसर में देर रात सभी पदों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा मुख्य चुनाव पदाधिकारी आनंद अग्रवाल एवं उनकी टीम के द्वारा की गई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए वीरेंद्र कुमार वीरू, उपाध्यक्ष पद के लिए प्रदीप कुमार बबलू, सचिव पद के लिए धनेश्वर प्रसाद, सह सचिव पद के लिए नारायण दत्त व्यास, कोषाध्यक्ष के लिए दुर्वेश आलम, कार्यकारिणी सदस्य में दिलीप कुमार सिंह, दीपक कुमार, सौरभ नारायण सिंह, सुरेंद्र कुमार पासवान, सुरेंद्र सिंह, नीरज कुमार, रितेश कुमार, राजकुमार रविदास, शंकर कुमार देवघरिया एवं मनोहर लहरी विजय घोषित किये गए। चुनाव संपन्न कराने में मुख्य रूप से जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष ऋषि कुमार महतो महासचिव सीताराम संयुक्त सचिव शंभू प्रसाद कोषाध्यक्ष हरखनाथ महतो सम्मानित सदस्य प्रणब मुखर्जी, रामजी, अखौरी कृष्ण बिहारी, जितेंद्र कुमार, लोकेश कुमार, अभिषेक दराद सूरज नायक, संजय घोष के द्वारा कराया गया।

**टीम भावना के साथ पत्रकार हित में लिए जाएंगे बड़े फैसले : बीरू**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बीरू ने प्रेस क्लब के सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टीम भावना के साथ क्लब के साथ-साथ पत्रकारों के हितों के सम्मान के लिए कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान से जुड़े पत्रकार एक पत्रकार ही कहलाते हैं। जिनकी भावना को भी प्रेस क्लब में रखा जाएगा। साथ ही पत्रकार हित के लिए कई बड़े फैसले लिए जायंगे, उन्होंने पत्रकारों के लिए मोबाइल नंबर संख्या 8409261529 जारी किया है। कहा कि प्रेस क्लब रामगढ़ के साथी किसी भी समय उनसे संपर्क कर सकते है।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development and Housing Department**
**Directorate of Municipal Administration**
Telephone: 0651&2401955. Fax: 2401182, E-mail: director.ma.goj@gmail.com

**Letter No.:- 1101** **Date: 29-07-2024**

**Very Urgent Tender Call Notice on Open Tendering Method**

Sealed tender is invited from registered travel agencies for **providing different types of vehicles on monthly/daily hiring basis** for local and out-station tours for Directorate of Municipal Administration, UD&HD, GoJ initially for a period of one year. The detailed terms and conditions and prescribed formats for submission of tender is available on the website https://udhd.jharkhand.gov.in which can be downloaded for use. Interested travel agencies may submit their tender in sealed cover super-scribing as **"Tender for Hiring of Travel Agencies for DMA"** to the undersigned on before **15.30 hours of 13th August, 2024.**

Sd/
Director

PR.NO.331055 Urban Development and Housing(24-25):D



**झारखण्ड सरकार,**
**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग),**
**जिला कृषि कार्यालय, सिमडेगा।**

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**
**उर्वर कों में डी0बी0टी0**

जिले के सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि राज्य में उर्वरक (खाद) की बिक्री में (प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण) पूर्ण रूपेण लागु होने के पश्चात् सभी पंजीकृत खुदरा उर्वर कविकताओं Retailer) द्वारा अपने बिक्री केन्द्रों में उर्वरकों की बिक्री Point Of Sale (POS) मशीन, एंड्रायड फोन, डेस्कटॉप/लैपटॉप के माध्यम से हो रही है। किसान भाई उर्वरक खरीदते समय आधार कार्ड एवं मोबाईल अवश्यक लेकर जाएं। संपर्क रहित ¼Contactless½ खरीदारी हेतु आधार कार्ड से लिंक मोबाईल OTP प्रणाली एवं भुगतान हेतु दुकान मे लगे UPI-QR Code/Online Payment System का उपयोग करें। इस प्रणाली से भी किसानों को उर्वरक पूर्व की भांति सब्सिडी मूल्य में ही मिलेगी।

**मुख्य लक्ष्य :–**
1. किसानों को सूचना के साथ पारदर्शिता जिसमें वे System Generated Receipt मोबाईल पर SMS द्वारा प्राप्त करते है।
2. किसानों द्वारारिटेलर्स (खुदरा विक्रेता) से Point Of Sale (POS)मशीन, एंड्रायड, फोन, डेस्कटॉप/लैपटॉप के माध्यम से उर्वरक की वास्तविक बिक्री होने के पश्चात ही सब्सिडी संबंधित उर्वरक निर्माताओं को निर्गत करना।
3. उर्वरक–बिक्री प्रणाली की बेहतर निगरानी एवं योजना प्रबंधन।

नोटः– किसान भाई अफवाहों से बचें। **POS** मशीन से आधारकार्ड के माध्यम से खाद खरीदने से न ही आपके बैंक एकाउन्ट से पैसेकटेगें और न हीदूसरी सरकारी योजनाओं के लाभ से आप वंचित होगें।

" आधार कार्ड और मोबाईल ले जाना है जरूरी, तभी होगी किसान के रूप में पहचान पूरी "

।। अब **POS** से खाद बिकेगी, पारदर्शिता बढ़ेगी ।।

PR.NO.331115 Agriculture(24-25):D जिला कृषि पदाधिकारी, सिमडेगा।



कार्यालय : जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग
(सदर अस्पताल कैम्पस, हजारीबाग)
**Email – cs.hazaribagh5@gmail.com**

**अति अल्पकालीन निविदा संख्या –01/DHS/HZB/2024–25**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत हजारीबाग जिलान्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के तहत आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षणों एवं समीक्षात्मक/मासिक बैठकों में नास्ता/अल्पाहार/भोजनादि, आवासन तथा टेंट आदि से संबंधित दर निर्धारण हेतु इच्छुक स्थानीय निविदा दाताओं (होटल/कैटरर/रेस्तरॉ/टेंट हाउस आदि–जिनका कार्यस्थल हजारीबाग जिले में हो एवं जिनका झारखण्ड राज्य में जी0एस0टी0 पंजीकरण हो) से अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा से संबंधित निविदा प्रपत्र (Tender Document) अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से 1000रू (एक हजार रू) का भुगतान बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक **(DRHS, Malaria (NVBDCP), Hazaribagh** के नाम से निर्गत) के माध्यम से करते हुए दिनांक 02.08.2024 तक प्राप्त किया जा सकता है।(निविदा प्राप्त करने कि अंतिम तिथि 08.08.2024 है।)

सिविल सर्जन सह मुख्य कार्य0 पदा0,
जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग

PR 331137 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D



उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, राँची
(जिला योजना)

**ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**
**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**
**(Very Short term Tender Notice)**

राँची जिले के विभिन्न प्रखंडों के कुल बारह (12) मध्य/उच्च विद्यालयों में Open GYM के अधिष्ठापन के लिए Turnkey आधार पर सर्वेक्षण, डिजाईन, आपूर्ति, अधिष्ठापन, पर्यवेक्षण और सामान्य रख–रखाव गतिविधियों से संबंधित समेकित परियोजना हेतु निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठन /आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/संस्थानों/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **08/08/2024** के **11:30** बजे पूर्वा0 तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है। Open Gym की निर्धारित संख्या में कमी या बढ़ोत्तरी का अधिकार जिला प्रशासन/क्रय एवं मूल्यांकन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

"ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश राँची जिला के वेबसाईट **www.ranchi.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक **08/08/2024** के **12:30** बजे (अपराह्न) जिलास्तरीय कय एंव मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। इसके पश्चात् प्रस्ताव का Power Point Presentation प्रस्तावकों द्वारा कय समिति/मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 9608135911/9110113099 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,राँची

PR 331105 (Ranchi)24-25*D



**झारखण्ड सरकार,**
**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग),**
**जिला कृषि कार्यालय, सिमडेगा।**

**आवश्यक सूचना**

जिले के कृषकोंकोसूचित कियाजाता हैकि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रतिबोरी अधिकतम खुदरामूल्य (MRP)निम्न प्रकार हैः–

| Company | UREA | DAP | MOP | SSP | Complex | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Ind./Imp. | Ind./Imp. | | | 20:20:0:13 (Ind) | 20:20:0:13 (Imp) | 16:16:16 | 14:28 | 14:28:14 | 28:28:00 | 12:32:16 | 10:26:26 |
| IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | 1200.00 | - | - | - | - | - | - | - |
| NFL | 266.50 | 1350.00 | 1625.00 | - | - | | | | | - | - | - |
| YARA | 266.50 | - | - | - | - | | | | | - | - | - |
| KFL/KRIBHCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | - | | | | | - | - | - |
| INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | 1625.00 | 600.00 | 1225.00 | 1200.00 | 0.00 | 1350.00 | 1650.00 | 1700.00 | 1470.00 | 1470.00 |
| IPL | 266.50 | 1350.00 | 1655.00 | - | - | 1320.00 | 1375.00 | - | - | - | - | - |
| MATRIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| PPL | - | 1350.00 | 1655.00 | - | 1225.00 | - | - | - | - | - | - | - |
| SAI | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| BVFCL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| BEC | - | - | - | 580.00 | - | - | - | - | - | - | - | - |

नोटः– 1. यूरिया की प्रतिबोरी 45 किलों के पैक में होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 किलों के पैकमेंहोतीहै।

2. यदि किसी भी खुदरा उर्वरक विकेता द्वारा उक्त निर्धारितमूल्य से अधिकमूल्य परउर्वरकों की बिकी की जाती हैत ो ऐसी स्थिति मेंसंबंधितप्रखण्ड के प्रखण्ड कृषिपदाधिकारी, प्रखण्डत कनीकी प्रबंधक, जिला कृषिकार्यालय में इसकी शिकायत की जासकतीहै।

1. यदि किसी विकेत्ता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथगैर–अनुदानित उर्वरकों की बिकी की जाती है तो ऐसी स्थितिमें संबंधितविकेता की अनुज्ञप्ति रद्दकरते हुए उनके उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 331119 (Agriculture) 24-25 (D)

हाथी न घोड़ा न कौनो सवारी हे भोलेनाथ हम अईबउ तोर दुवारी हे भोलेनाथ बोलबम-बोलबम कि ध्वनि से शिवमय हुआ माहौल

# श्रावण मास की दुसरी सोमवारी पर शिवजलाभिषेक को लेकर दिखाई दिया श्रृद्धालुओं में उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 29 जुलाई सोमवार को सनातन धर्म की पवित्र महीना श्रावण,की दुसरी सोमवारी पर शिवजलाभिषेक को लेकर दिखाई पड़ा सुबह से ही उत्साह। कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित नर्मदेश्वर शिव मन्दिर, खरता स्थित मनोकामना भोलेनाथ मंदिर,गजनी पंचायत के वनखंडि शिवधाम, इत्यादि शिवालयों मे सुबह से ही श्रद्धालुओं का जलाभिषेक को लेकर लगा रहा ताँता,वही शिवालयों में हाथी न घोड़ा न कौनौ सवारी, हे भोलेनाथ हम अईबउ तोर दुवारी, बोल बम के नारा बा तूहे एक सहारा बा,बोल बम- बोल बम के ध्वनि से चहूँ और शिवमय हो गया था वातावरण। पवित्र महीना पर प्रखंड से कांवरियो का एक जतथा अमरनाथ, भोलेनाथ के 12 ज्योतिर्लिंगों मे एक देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम, तो युवाओं की एक टोली मथुरा वृंदावन के लिये भी रवाना हो गये हैं। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर होकर बाल-टाल के रास्ते बाबा अमरनाथ के दर्शन करने में कमलेश प्रसाद ग्रुप के टोली मे युवाओं की टीम,बाबा बैद्यनाथ धाम में दर्शनार्थ कैरो सढ़ाबे से पंकज साहु, राहुल यादव, वही मथुरा वृंदावन मे पप्पू गुप्ता, रिंकु प्रसाद के ग्रुप मे युवाओं की टोली भी प्रखंड से अन्यत्र बाबा के दर्शनार्थ भी गई हूई है। इस प्रकार कैरो पुरा प्रखंड पवित्र महीना श्रावण मे माहौल शिवमय हो गया है।

## गुफा में अवस्थित शिवलिंग पर जल अर्पण कर भक्तों ने किया पूजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में सावन माह के दूसरे सोमवार को सुबह से ही देवों के देव महादेव शंकर जी पूजा अर्चना करने विभिन्न मन्दिरों और देवालयों में भक्तों की भीड़ लगी हुई थी। प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में भी महिलाएं पुरुष और बच्चे पूजा में लीन थे। भगवान शंकर और माता पार्वती का पूजा अर्चना के लिये सभी मन मे उमंग व उत्साह भरा हुआ था। जिसे भक्तों द्वारा भक्तिभाव और श्रद्धा से पूजा अर्चना किया गया। वही जगह जगह पर डीजे से भक्ति गाना बज रहा था जिसे माहौल भक्तिमय लग रहा था। साथ ही बोल बम और हर हर महादेव के उद्घोष से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गांव में 12 सौ फिट ऊँचाई पर पहाड़ के ऊपर स्थित गुफा में देवों के देव महादेव का भक्तों ने फूल, अक्षत, बेलपत्र, नारियल, सिन्दूर, रोली, प्रसाद व जल अर्पण कर पूजा अर्चना किया गया। गुफा में स्थित महादेव शंकर जी का पूजन के लिये



महिला पुरुष और बच्चे बच्चियाँ सुबह से ही लाइन में खड़े थे। जिसे बारी बारी से भगवान महादेव शंकर का विधिवत पूजन कर सुख समृद्धि और वैभव के लिये भक्तों द्वारा मङ्गल कामना किया गया। वही स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बताया जाता हैं की यहाँ सचे मन से पूजन कर श्रद्धाभाव से मांगे गए वरदान अवश्य पूर्ण होता है.साथ ही स्थानीय ग्रामीणों का कहना है की यहाँ सच्चे मन से आने पर भगवान शंकर का दर्शन नाग रूप में भक्तों को होता है। तथा बताया जाता है कि गुफा में विद्यमान भगवान शंकर का आराधना कर भक्तों को अपने मनोवांक्षित फल प्राप्त हुआ है। यहाँ सावन माह के प्रत्येक सोमवार को पूजा अर्चना के लिये भक्तों की भीड़ लगी रहती है।

## सूरज अग्रवाल ने पुरी से अयोध्या साइकिल यात्रा के माध्यम से जा रहे युवक का हौसला बढ़ाया



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आइए मिलिए उड़ीसा पुरी के रहने वाले वासुदेव प्रधान जी से जो भगवान राम से मिलने के लिए पवित्र सावन माह के शुभारंभ के साथ ही दिनांक 22/7/24 को पुरी से साइकिल यात्रा करते हुए 561 किलोमीटर तय कर आज लोहरदगा पहुंचे। केंद्रीय महावीर मंडल संरक्षक सूरज अग्रवाल की मुलाकात शंख नदी के समीप हुई उनके इस भक्ति को देख थोड़ा समय उनके साथ बिताया उनके इस यात्रा में हो रहे समस्याओं के बारे में चर्चा हुई उनको एक छोटा सा आर्थिक सहयोग करते हुए औरंगाबाद तक का रूट के बारे उनको जानकारी दी उसके बाद वह चांपी,चंदवा, लातेहार, डाल्टनगंज, छतरपुर होते हुए औरंगाबाद पहुंचेंगे। लोहरदगा से अयोध्या 610 किलोमीटर का सफर तय करेंगे पूरी से अयोध्या की दूरी 1171 किलोमीटर है साइकिल यात्रा कर भगवान राम से मिलने का या अटूट प्रेम विश्वास सनातनियों को ऊर्जा प्रदान करती है मैं चंदवा, लातेहार, डाल्टनगंज, छतरपुर, औरंगाबाद के सभी सनातनियों से निवेदन पूर्वक आग्रह करता हूं कि रास्ते में अगर आपकी मुलाकात वासुदेव प्रधान से होती है तो आप इनसे मिले इनका ऊर्जा को बढ़ाएं और अगर आप कुछ सहयोग कर सकते हैं तो सहयोग अवश्य करें ताकि इनको भगवान राम से मिलने में किसी भी तरह की कठिनाई न हो।

## बजरंग दल अमला टोली के नेतृत्व में हर हर महादेव के जय घोष के साथ निकाला गया भव्य कांवड़ शोभा यात्रा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को पवित्र सावन माह के द्वितीय सप्ताह में बजरंग दल अमला टोली के द्वारा शंख नदी से बड़ा तालाब शिव मंदिर तक कावड़ यात्रा निकाली गई। सैकड़ो महिलाएं एवं युवाओं ने इस यात्रा में शामिल होकर हर-हर महादेव के जय घोष के साथ कावड़ शोभा यात्रा को संपन्न कराया। मंदिर समिति के संरक्षक राजेंद्र खत्री एवं उनके परिवार के द्वारा कावड़ यात्रा में आए सभी शिव भक्तों के बीच खीर, केला एवं पानी का वितरण कराया। आचार्य देवेंद्र तिवारी एवं शशि तिवारी ने पूजा संपन्न कराकर कावड़ यात्रा की शुभारंभ कराया। शोभा यात्रा में आजसू पार्टी के नेत्री नीरू शांति भगत, सूरज अग्रवाल, केंद्रीय महावीर मंडल के रोहित साहू, चंदन अग्रवाल मुक्ति धाम समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता उर्फ मन्ना, ओमप्रकाश गुप्ता उर्फ मुन्ना, मंदिर कमेटी के विजय खत्री, संजय खत्री, नीरज खत्री सभी अपने परिवार के साथ शामिल थे। बजरंग दल अमला टोली के अध्यक्ष राजकुमार साहू, सचिव गोपाल प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष सनी कुमार साहू, कोषाध्यक्ष गुड्डू साहू, संरक्षक लालू साहू, बजरंग दल परिवार के बजरंग साहू, रंजीत विश्वकर्मा, कार्तिक विश्वकर्मा, सूरज साहू, आशीष साहू, बैजू साहू, रामजी प्रसाद साहू, निखिल साहू, कुणाल साहू, परमानंद साहू, सचिन कुमार साहू, सहित महिला एवं पुरुष शामिल थे।

## कृषि कार्य हेतु किसानों को नि-शुल्क में बिजली कनेक्शन एवं अनुदान पर दें इलेक्ट्रॉनिक पंप सेट : विधायक भूषण बाड़ा

विधायक भूषण बाड़ा ने मानसून सत्र में किसानों के हित में जोरदार तरीके से उठाई मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने मानसून सत्र के शून्यकाल में किसानों के हीत में जोरदार तरीके से आवाज उठाई है। सत्र के माध्यम से विधायक ने किसानों को कृषि कार्य हेतु निशुल्क में बिजली कनेक्शन देने एवं अनुदान पर इलेक्ट्रॉनिक पंप सेट देने की मांग की है। विधायक ने सत्र के माध्?यम से कहा कि मानसून की बेरुखी से हर साल किसानों को रबी एवं खरीफ फसल की खेती करना काफी मुश्किल हो गया है। समय पर बारिश नहीं होने अथवा गर्मी में खेतों तक पानी पहुंचाने की सुविधा नहीं रहने के कारण कई बार फसल पानी के आभाव में सूखकर बर्बाद हो जाती है। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। विधायक ने कहा कि



खेती ठीक से नहीं होने के कारण फसल की उपज तो कम होती ही है, साथ मे मवेशियों के लिए चारा भी मिलना मुश्किल हो जाता है। विधायक ने कहा कि कई बार किसान इलेक्ट्रॉनिक से चलने वाले पम्प सेट के माध्यम से खेती करने की योजना बनाते हैं। लेकिन खेती कार्य हेतु अलग से बिजली कनेक्शन लेने के लिए लगभग 25 हजार रुपये तक खर्च लगते हैं। जबकि इलेक्ट्रॉनिक पम्प सेट भी बाजार में काफी महंगे दामों पर बेचे जाते हैं। कृषि कार्य हेतु बिजली कनेक्शन लेने एवं इलेक्ट्रॉनिक पंप सेट खरीदना किसानों के पहुंच से काफी दूर है। विधायक ने बिहार सरकार के तर्ज पर कृषि कार्य हेतु किसानों को नि:शुल्क में बिजली कनेक्शन देने एवं हर किसानों को अनुदान पर इलेक्ट्रॉनिक पम्प सेट वितरण करने की मांग की है। ताकि हर किसान दोहरी खेती का लाभ ले सके। साथ ही बारिश न होने की स्थिति में भी खेतों तक पानी पहुंचाने की वैकल्पिक व्यवस्था कर सके।

# भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के द्वारा किया गया पुतला दहन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री बसंत नारायण माँझी जी के अगुवाई में शुक्रवार की रात पाकुड़ में पुलिस के द्वारा आदिवासी छात्रों पर बर्बरता पुर्ण पिटाई के विरोध में विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया।पुतला दहन के पश्चात लोगों को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री बसंत नारायण माँझी ने कहा कि झ्रूरू और कॉंग्रेस अपने को आदिवासियों का हितैसी बताती है और आदिवासी मुख्यमंत्री के राज्य में आदिवासी छात्रों पर अपने पुलिस के द्वारा पिटाई करवाना बहुत ही शर्म की बात है जिसकी निंदा जितना भी किया जाय कम है। कार्यक्रम को सिमडेगा के पूर्व



प्रत्याशी श्री श्रधानन्द बेसरा जी ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि आज झारखण्ड में आदिवासी मुख्यमंत्री के रहते हुए भी आज आदिवासी सुरक्षित नहीं है।आज बंग्लादेशी घुसपैठियों के द्वारा आदिवासी बहनों को बहला फुसला कर शादी करके जमीन पर कब्जा करने का सडयन्त्र हो रहा है और झारखंड की सरकार कान में तेल डाल कर सोयी हूई है। कार्यक्रम में अजय कुमार सिंह, अनुप केशरी, रविन्द्र कुमार बड़ाईक,नवीन सिंह, रवि वर्मा, करन सिंह , मनोज कुमार, नीरज बड़ाईक, मनोज कुमार, मनोज केशरी, वरुण सिंह, सुदर्शन सिंह, दिलिप सिंह एवं सुमित सिंह उपस्थित थे।

## जय श्री राम समिति के नेतृत्व में निकाला गया भव्य बाइक रैली कांवर यात्रा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर परिसर से सावन मास की दूसरी सोमवारी पर जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में भव्य बाइक रैली कांवर यात्रा निकाला गया। कांवर यात्रा मे हजारों की संख्या में शिव भक्त भगवा वस्त्र पहने शामिल हुए। यह कांवर यात्रा नगर भ्रमण करते हुए 25 किलोमीटर तय कर भंडरा प्रखंड मे भगवान विश्वकर्मा के द्वारा निर्मित अखिलेश्वर धाम में पहुंच कर भगवान शिव को जल अभिषेक किए। बाइक रैली कांवर यात्रा मे जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव,जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता, जय श्रीराम समिति मुख्य संरक्षक रमेश उरांव,सुषमा सिंह,रमेश साहू, गुप्तेश्वर प्रसाद,अजय सोनी, ओम महतो पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन, सुनील अग्रवाल, नगर अध्यक्ष दीपक साहू महामंत्री सुशील पटनायक समेत अन्य ने भगवा झंडा दिखाकर बाइक रैली कांवर यात्रा को रवाना किया। बता दे की कांवर यात्रा में शिव भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था, गाजे-बाजे के साथ निकली शिव भक्तों की टोली भगवान भोलेनाथ के जयकारे से गुंजायमान थी। लोहरदगा से पूरे रास्ते सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे जगह-जगह पर शिव भक्तों की टोली का स्वागत किया गया। बाइक रैली कांवड़ यात्रा में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ0 आशा लकड़ा शामिल हुई जिसे समिति के पदाधिकारीयो ने चुन्द्री पहनाकर भव्य स्वागत किया साथ ही इस यात्रा से काफी उत्साहित शामिल होकर सभी कार्यकर्ताओं का हौसला अब्जाई की। सभी कांवरिया जमकर नाचते गाते अखिलेश्वर धाम पहुंचे जहां समिति के द्वारा प्रखंड अध्यक्ष सूरज ठाकुर की अगुवाई में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तगण शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर जिला पदाधिकारी नगर पदाधिकारी प्रखंड पदाधिकारी समेत सदस्यगण मौजूद थे।

## अल्पसंख्यक आयोग सदस्य वारिस कुरैशी ने उर्दू शिक्षक की कमी को लेकर जिला अधीक्षक से किया मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी को लोहरदगा के कई अल्पसंख्यकों संगठनों ने शिकायत किया कि लोहरदगा जिला के उर्दू स्कूलों में उर्दू शिक्षकों की भारी कमी है साथ ही अभी प्रमोशन हुआ है इस क्रम में भी स्कूलों से शिक्षकों का पदस्थापन दूसरे स्कूलों में कर दिया गया है जिससे उर्दू की पढ़ाई बाधित हो रही है। इन्ही सब शिकायतों को लेकर लोहरदगा जिला शिक्षा अधीक्षक से मुलाकात कर वस्तु स्तिथि कि जानकारी लिया। जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि जिन शिक्षकों का प्रमोशन हुआ है उनको दूसरे स्कूल में पदस्थापन किया गया है ये रुटीन ट्रांसफर नहीं है उन्होंने असवस्त किया कि उर्दू शिक्षक, उर्दू जानकार टीचरों को उर्दू स्कूलों में भेजेंगे ताकि उर्दू की पढ़ाई बाधित न हो। मैने जब जानना चाहा कि 107 उर्दू पद जो लोहरदगा मिला था उसका क्या हुआ? तो जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि 107 में से सिर्फ 2 शिक्षकों की बहाली हमारे यहां,और 105 उर्दू पद को 2022 में जिला शिक्षा विभाग द्वारा झारखंड राज्य शिक्षा विभाग को सरेंडर कर दिया गया था। जिला शिक्षा विभाग द्वारा 105 उर्दू पद को सरेंडर करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण कार्य है जबकि लोहरदगा जिला में 22त्न मुस्लिम अल्पसंख्यक आबादी है और इस 22त्न आबादी में 95त्न जनसंख्या कि मातृभाषा उर्दू है फिर भी 105 उर्दू पद शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा सरेंडर करना भेदभावपूर्ण रवैया है।

## सावन की दूसरी सोमवारी में भी शिवालयों में रही भक्तो को भीड़, लगे बोल बम के नारे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले भर में सावन की दूसरी सोमवारी के लेकर जिले के सभी शिवालयों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान सभी मंदिर तथा शिवालय में भक्तों की लंबी कतार सुबह 5 बजे से ही पूजा पाठ के लिए लगनी शुरू हो गई थी।वही मंदिर परिसर में पूजा पाठ सामग्री के लिए तरह-तरह के फूल, प्रसाद, रोड़ी, चंदन, बेल इत्यादि की दुकान सजी हुई थी। इस दौरान भक्तों के द्वारा हर हर महादेव और बोल बम के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।इस दौरान मंदिरों में प्रशासनिक तौर तरीकों से पूजा अर्चना के लिए विधि व्यवस्था भी की गई थी। वहीं जिले भर के कई पौराणिक मंदिर जैसे खखपरता धाम, अखिलेश्वर धाम, स्वयंभू शिव मंदिर छत्तर बगीचा कूडू प्रखंड स्थित महादेव मंडा, शहरी क्षेत्रों के ब्लॉक परिसर अंतर्गत शिव मंदिर, शास्त्री चौक अंतर्गत शिवालय मंदिर, बड़ा तालाब के समीप शिव मंदिर, बुढ़वा महादेव शिव मंदिर, छतर बगीचा शिव मंदिर के अलावे लोहरदगा जिला के अन्य शिव मंदिरों में भक्तों ने भक्ति भाव से की पूजा अर्चना की गई। तथा गांव शहर के सभी मंदिरों में लोगों की लंबी कतारे ही लोगों की आस्था का परिचय दे रहा था। इस दौरान होने वाले कार्यक्रम में कई मंदिरों में भंडारे का भी आयोजन किया गया था। जहां लोगों ने सावन की दूसरी सोमवारी पर प्रसाद ग्रहण कर गौरव्वंतित महसूस किया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक में सर्वसम्मति से मामलों को किया गया पारित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज वनाधिकार अधिनियम से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अनुमण्डल स्तरीय समिति से अग्रसारित कुल 31 सामुदायिक वनाधिकार पट्टा और शेष व्यक्तिगत वनाधिकार पट्टा के मामलों पर चर्चा की गई और जिला स्तरीय समिति की बैठक में सर्वसम्मतिसे मामलों को पारित किया गया। आज की बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उरांव व समिति के अन्य सदस्यगण बार-बार जक्षउपस्थित थे।

लोहरदगा युवा कांग्रेस ने हर घर खटाखट कार्यक्रम का किया शुभारंभ

## गठबंधन सरकार के लोक कल्याणकारी कार्यो को घर-घर तक पहुंचाएगी युवा कांग्रेस : विशाल डुंगडुंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को प्रखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार हर घर खटाखट एवं पंचायत चलो वार्ड चलो कार्यक्रम की जिला स्तरीय शुरुआत लोहरदगा युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग के नेतृत्व एवं आईवाईसी (iyc) कॉर्डिनेटर सत्यव्रता दास की उपस्थिति में की गई। कार्यक्रम में झारखंड गठबंधन सरकार द्वारा साढ़े चार सालों में किए गए कल्याणकारी कार्यों के संकलन पोस्टर एवं फॉर्म को विमोचित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए द्व4ष कॉर्डिनेटर सत्यव्रता दास ने कहा की हर घर खटाखट कार्यक्रम के माध्यम से युवा कांग्रेस के साथी गण बीते साढ़े चार सालों में झारखंड सरकार द्वारा जनता के कल्याण के लिए किए गए कार्यों को लेकर वार्ड में, पंचायत में ग्रामीणों के द्वार तक पहुंच कर दस्तक देगी और आमजनों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा की वर्तमान गठबंधन सरकार के द्वारा सभी वर्गो युवा, महिला, बुजुर्ग किसान, मजदूर, पिछड़े सभी के विकास के लिए बेहतर कार्य किया गया है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास कार्य पहुंचा कर मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया है जिसे युवा कांग्रेस हर घर खटाखट कार्यक्रम के तहत युद्ध स्तर गांव में पहुंचेगी और नागरिकों को बताने का कार्य करेगी। इस मौके पर कवीस जयसवाल, दुर्गा उरांव, आफताब आलम, निश्चय वर्मा, फारुख हुसैन, आसिफ कुरैशी, तौसीफ आलम, राजा अंसारी, मखदूम अंसारी, इमरोज अंसारी, अराफात अंसारी, जसीम अंसारी, अरसद अयुब, अनिमा कुजूर, मोहसिन अंसारी, मुशर्रफ रजा, ओम प्रकाश पांडेय, जसीम अंसारी, अनीम अंसारी, सद्दाब राजा, साहबुल राय, सृष्टि सौरभ, हस्बुल खान, बिहारी उरांव, अमित उरांव, अनुज कुमार, दिनकर भगत, कृष्णा महतो, तनिश यादव, रेहान अंसारी, एजाज अंसारी, प्रवीण उरांव, सैफ अली, आदि उपस्थित थे।

## उदय शेखर सर्वसम्मति से चुने गए क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष

## शहीद ठाकुर जगन्नाथ शाहदेव की धर्मपत्नी सती रूपन कुंवर के नाम पर ट्रस्ट बनाने का हैं प्रस्ताव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला क्षत्रिय महासभा की बैठक पुराने जिला परिषद सभागार में 28 जुलाई को अजय चौहान की अध्यक्षता में हुई। इसमें महासभा जिला इकाई का पुनर्गठन करते हुए उदय शेखर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह, डॉ अजय शाहदेव और सत्यजीत सिंह संरक्षक चुने गए। अजय चौहान कार्यकारी अध्यक्ष, पप्पू सिंह, लाल जितेंद्र नाथ शाहदेव (मंटू), और जयंत सिंह उपाध्यक्ष चुने गए। अमित सिंह, मुकेश देव, लाल जितेंद्र नाथ शाहदेव,दिलीप सिंह और अमित कुमार सिंह सचिव चुने गए। कन्हैया सिंह कोषाध्यक्ष बनाए गए। कार्यकारिणी के सदस्यों का भी चुनाव हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष उदय शेखर ने कहा कि समाज ने जो दायित्व उन्हें सौंपा है उसे निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरा करते हुए क्षत्रिय समाज का गौरव बढ़ाना और मजबूती देना ही



उनका लक्ष्य है। समाज द्वारा रक्तदान शिविर के आयोजन की बात कही। बैठक में सामाजिक जनगणना का निर्णय लिया गया। क्षत्रिय महासभा का ट्रस्ट सती रूपन कुंवर के नाम पर बनाने का प्रस्ताव रखा गया। रूपन कुंवर स्वतंत्रता सेनानी बाबू कुंवर सिंह की बहन थीं, और लोहरदगा के क्रांतिकारी शहीद ठाकुर जगन्नाथ शाहदेव की धर्मपत्नी थीं। ठाकुर जगन्नाथ शाहदेव जब अंग्रेजों से लड़ते हुए केकरांग घाटी में जब शहीद हो गए थे, तो रूपन कुंवर आज मौजूद ठकुराइन तालाब के पास सती हो गई थी। डॉ अजय शाहदेव ने कहा कि महासंघ की नई टीम ऊर्जावान हैं। संगठन मजबूत होगा। समाज के जो लोग जिले से बाहर शिफ्ट हो गए हैं, उनका भावनात्मक लगाव लोहरदगा से बना रहे और कार्यक्रमों में भागीदारी रहे। क्षत्रिय समाज के गौरव शहीद ठाकुर जगन्नाथ शाहदेव की धर्मपत्नी सती रूपन कुंवर की स्मृति में मौजूद सती मंदिर को धरोहर के रूप में संरक्षित करने पर बल दिया। पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज ने हमेशा से दूसरे समाज के लोगों को छतरी की तरह बचाया। इस भाव को कायम रखना है। ईश्वर को अवतार लेना पड़ा तो उन्हें क्षत्राणी के गर्भ से जन्म लेना पड़ा। जन्मभूमि,धर्म और समाज के लिए हमारे समाज के लोगों ने हमेशा बलिदान दिया। महाराणा प्रताप के परिवार ने एक हजार साल तक आजादी की लड़ाई लड़ी। समाज को एकजुट और मजबूत बनाने के लिए आत्मीयता और सहयोग को बढाने की जरुरत है। बलवीर देव ने कहा कि समाज का सदस्य कोई परेशानी में हो तो मिलकर उसकी मदद करने की सोच के साथ काम हो। अमित कुमार सिंह ने कहा कि महापुरुषों-शहीदों को उचित सम्मान मिले। प्रशासनिक अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने संगठन को सशक्त बनाने, एकजुटता की भावना मजबूत करने और संगठन के कार्य में पारदर्शिता व समर्पण पर जोर दिया। प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और कार्यक्रमों को बढावा देने की बात कही। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। इसके पूर्व सभी ने महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित किया। मौके पर त्रिलोकी सिंह, विवेक चौहान, लाल प्रकाश शाहदेव, अमरेंद्र सिंह, शिव सिंह, लाल मनीष नाथ शाहदेव, मुरारी सिंह, भोला सिंह, दिनेश कुमार सिंह, वीके बालन्जिनप्पा, मृत्युंजय चौहान, विकास शाहदेव, सतीश शाहदेव, रोशन शाहदेव, सचिन शाहदेव, लाल अविनाश नाथ शाहदेव, पहलवान सिंह,लाल अनूप नाथ शाहदेव, लाल दीपक नाथ शाहदेव, डॉ श्याम किशोर सिंह, अशोक सिंह,ओम प्रकाश सिंह, अजय सिंह, मनीष सिंह, अनिल देव, प्रकाश चौहान, नवनीत चौहान, शुभम शाहदेव सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### चारधाम यात्रा में 174 तीर्थयात्रियों ने गंवाई जान



**देहरादून :** आपदा संभावित राज्य उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरू होने से लेकर अब तक 243 लोगों की मौत हुई है। इसमें सबसे अधिक चारधाम यात्रा पर आए 174 तीर्थयात्रियों ने जान गवाई है। वहीं दैवीय आपदा में 29 तो सड़क हादसों में 40 लोगों की मौत हुई है।राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार गत 10 मई से शुरू हुई चारधाम यात्रा को लेकर बद्रीनाथ में 43, हेमकुंड में चार, गंगोत्री में 14, यमुनोत्री में 30 तो केदारनाथ में सबसे अधिक 83 समेत कुल 174 तीर्थयात्रियों की मौत हुई है। वहीं गत 15 जून से लेकर अब तक दैवीय आपदा में अब तक जनपद अल्मोड़ा में दो, चमोली में चार, चंपावत में दो, हरिद्वार में एक, नैनीताल में तीन, पौड़ी में दो, रुद्रप्रयाग में तीन, टिहरी में दो, उत्तरकाशी में एक तो उधमसिंह नगर में सबसे अधिक नौ समेत कुल 29 लोगों की मौत हुई है जबकि 17 लोग घायल हुए हैं। भारी बारिश के चलते कहीं सड़क धंसने तो कहीं चट्टान गिरने की घटना सामने आई हैं। इससे कई हादसे भी हुए हैं। इन हादसों में गत 15 जून से अब तक अल्मोड़ा में एक, चमोली में दो, चंपावत में एक, देहरादून में दो, पौड़ी में छह, टिहरी में पांच, उत्तरकाशी में दो तो रुद्रप्रयाग में सबसे अधिक 21 समेत कुल 40 लोगों ने जान गंवाई है जबकि 151 लोग घायल हुए हैं।

### राजेश ठाकुर ने दिया विस चुनाव को लेकर प्रखंड स्तर की बैठक आयोजित करने का निर्देश

**रांची :** विधानसभा चुनाव को देखते हुए पूरे राज्य में कांग्रेस की ओर से चुनावी तैयारी के लिए जनसंवाद कार्यक्रम प्रस्तावित है। समय से पूर्व आसन्न विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आगामी दो अगस्त 2024 तक सभी जिला अध्यक्षों को प्रखंड स्तर की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस पूरे राज्य में समय पूर्व चुनाव को देखते हुए सांगठनिक तैयारी को लेकर प्रतिबद्ध है। विगत 24 जुलाई को कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर की उपस्थिति तथा राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में प्रदेश के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में चुनावी यात्रा, जन संवाद कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। इसकी रूपरेखा प्रदेश स्तर पर तैयार की जा रही है। इस कार्यक्रम के अगस्त के प्रथम सप्ताह में शुभारंभ के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आमंत्रित किया गया है जिसके निमित्त राहुल गांधी द्वारा विधानसभा वार यात्रा के शुभारंभ के लिए प्रदेश के जिला,प्रखंड,पंचायत स्तर के पदाधिकारी एवं जिला, प्रखंड 20 सूत्री सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने की कार्य योजना तैयार की जा रही है।

# व्यवसाईयों ने बैठक कर अरुणा शंकर के लिए मांगा टिकट

## विजन युक्त काम की क्षमता और यूथ, व्यवसाईयों, बुद्धिजीवियों एवं महिलाओं में लोकप्रियता होगी जीत की गारंटी





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर शहर के व्यवसाईयों ने होटल शिवाय ब्लू में बैठक कर झारखंड भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हेमंत विश्व शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं भाजपा प्रदेश कमेटी से मेदिनीनगर की प्रथम महापौर श्रीमती अरुणा शंकर को डाल्टनगंज विधान सभा से टिकट देने की मांग की। बैठक में कहा गया कि महापौर के रूप में अरूणा शंकर का कार्य काफी सराहनीय रहा है।

2 वर्ष कोरोना के बावजूद चंद समय में शहर का समुचित विकास के साथ शहर को सुसज्जित व सुव्यवस्थित कर शहर को एक नई छवि गढ़ने में वे कामयाब रही हैं। जिनके विजन को विरोधी भी स्वीकार करते हैं। अगर इन्हें पार्टी डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा से चुनाव लड़ाती है तो निश्चित रूप से पूरे विधानसभा में एक नया बदलाव नजर आएगा। क्योंकि उनके पास विजन है। व्यवसाईयों ने कहा कि अरुण शंकर के पास जहां विजन युक्त काम करने की धुन है, वहीं यूथ, महिलाओं व बुद्धिजीवी वर्ग में उनकी लोकप्रियता चुनाव को कोई भी मोड़ दे सकता है। व्यवसाईयों ने कहा कि कोरोना काल में जब घर से लोग बाहर नहीं निकल पा रहे थे, उस वक्त भी प्रथम महापौर बाहर निकलते हुए चेंबर की देखरेख में अपने निजी खर्च से निशुल्क ऑक्सीजन बैंक खोलते हुए हजारों लोगों की जान बचाई। जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रथम महापौर शहर की पहली ऐसी नेत्री है जो अपने कार्यकाल खत्म होने के बाद भी जनहित में कई कार्य अपने निजी स्तर से कर रही हैं। आज भी चौक चौराहे, गांधी उद्यान व मरीन ड्राइव में जो हरियाली और सुंदर-सुंदर लाइट नजर आ रही है, वह उनके बदौलत है। उन्होंने अपने निजी खर्चे से फॉगिंग मशीन मंगवा कर हर मोहल्ले टोलों में चलवाते रहती। जिसकी सराहना हर जगह होती है। व्यवसायों ने जोरदार ढंग से भाजपा से मांग की है कि व्यवसाईयों को नजरअंदाज न करते हुए श्रीमती अरुणा शंकर को भाजपा से डालटेनगंज भंडारिया का प्रत्याशी बनाए। अप्रत्याशित वोट से जिताकर हम व्यवसायई भाजपा के झोली में पहली महिला विधायक देंगे। सभी लोगों ने निर्णय लिया कि जरूरत पड़ी तो हम व्यवसाय चुनाव समिति से भी रांची जाकर मिलेंगे। सभा की अध्यक्षता कृष्ण अग्रवाल और संचालन इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। सभा मे शहर के जाने-माने कई बड़े व्यवसायई भारी संख्या में मौजूद थे।

### अरूणा शंकर से अच्छा प्रत्याशी कोई नहीं : कृष्णा अग्रवाल

बैठक में सैकड़ों की संख्या में व्यवसाई वर्ग के लोग मौजूद थे। सभी ने एक स्वर से डाल्टनगंज विधानसभा से मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरूणा शंकर को टिकट देने की मांग की। बैठक में उपस्थित कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सिर्फ एक बार अरूणा शंकर को टिकट देकर देखे। उन्होंने कहा कि झारखंड में सबसे ज्यादा वोट से हम सभी व्यवसाई अरूणा शंकर को जीता कर विधानसभा में भेजने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अरूणा शंकर को सभी जात, वर्ग और धर्म के लोगों का समर्थन प्राप्त है। कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर रहते अरूणा शंकर ने विकास की ऐसी लकीर खींची है, जिसकी चर्चा हर जगह होती है। कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि बतौर महापौर अरूणा शंकर ने जिस तरह से मेदिनीनगर नगर निगम का विकास किया है, ठीक उसी तरह विधायक बनने पर वे पूरे डाल्टनगंज विधानसभा का विकास करेंगी। अंत में उन्होंने कहा कि भाजपा आलाकमान सिर्फ एक बार अरूणा शंकर पर विश्वास करके देखे।

### एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर से प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कमल ठाकुर के नेतृत्व मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को ठाकुर को बताया कि एचईसी के पास आज भी 1200 करोड रुपए का कार्यादेश है लेकिन कार्यशील पूंजी के अभाव में उत्पादन ठप्प है तथा बंदी के कगार पर है, 1600 ठेका कर्मियों को सितंबर 2023 से काम से हटा दिया गया है।

कर्मियों का 24 महीना का वेतन बकाया चल रहा है। वेतन नहीं मिलने के कारण पीएफ तथा पेंशन का पैसा नहीं मिल रहा है। एचईसी कर्मियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बच्चों की शिक्षा पर बुरा असर पड़ रहा है। एचईसी से जुड़े अगल-बगल के गांवो के जनजीवन पर भी गहरा असर पड़ा है।

प्रतिनिधिमंडल ने ठाकुर से इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह करते हुए कहा कि इस मामले को लोकसभा में उठाने के साथ-साथ किसी भी पीएसयू में मर्ज करने की मांग भी उठाई जाए।

राजेश ठाकुर ने प्रतिनिधि मंडल को आस्वस्त करते हुए कहा कि एचईसी से कांग्रेस का भावनात्मक लगाव है इसे बचाने की हर संभव कोशिश की जायेगी।

प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से प्रकाश कुमार, विमल महली,एमपी रामचंद्रन सनी सिंह एस जे मुखर्जी उपस्थित थे।

### फसलों की क्षमता के लिए नवीनतम तकनीकों का इस्तेमाल हो : टीआर शर्मा

**प्रभाम मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के उप महानिदेशक डॉ टीआर शर्मा ने कहा कि विभिन्न फसलों की क्षमता और वास्तविक उपज के बीच की खाई को पाटने के लिए कृषि अनुसंधान में जैवप्रौद्योगिकी, जीनोम एडिटिंग, मार्कर असिस्टेड ब्रीडिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन आदि नवीनतम तकनीको का इस्तेमाल करने की जरूरत है। शर्मा ने सोमवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में खरीफ अनुसंधान की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न फसल किस्मों की क्षमता और वास्तविक उपज के बीच 30-40 प्रतिशत का गैप है।

# पकरी-बरवाडीह कोयला खदान ने प्रथम अखिल भारतीय स्तर के खान सुरक्षा पुरस्कार में हासिल किया शीर्ष सम्मान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची:** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी-बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को 28,204 जुलाई को कोलकाता के बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रथम पैन इंडिया लेवल माइन सेफ्टी अवार्ड (ख्र-2024) में बड़ी ओपनकास्ट कोयला खदान श्रेणी में तीसरे पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के तत्वावधान में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य कोयला, धातु, तेल और गैस क्षेत्रों में सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं का प्रदर्शन करने वाली खानों को पहचानना और पुरस्कृत करना था। डीजीएमएस द्वारा गठित एक समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों की खदानों को उनकी सुरक्षा प्रथाओं, संभाली गई वार्षिक मात्रा और डीजीएमएस द्वारा आयोजित खान सुरक्षा सप्ताहों में पिछले प्रदर्शन के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया था। पकरी-बरवाडीह कोयला खदान को इस सूची में शामिल किया जाना इसके अनुकरणीय सुरक्षा मानकों और लगातार प्रदर्शन को रेखांकित करता है। अत्यंत गौरव के क्षण में, खान के मुख्य निरीक्षक और डीजीएमएस के महानिदेशक प्रभात कुमार ने एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (ईंधन) और एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव और फैज़ तैयब को पुरस्कार प्रदान किया। , चंद्र शेखर, खान एजेंट, टीएसएमपीएल के निदेशक (संचालन) और कोयला खनन मुख्यालय और टीएसएमएल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पकरी-बरवाडीह में परियोजना प्रमुख। अपने संबोधन में, प्रभात कुमार ने एक मजबूत सुरक्षा संस्कृति को बनाए रखने और सर्वोत्तम श्रेणी की सुरक्षा प्रथाओं को लागू करने के लिए एनटीपीसी की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की।इस विशेष अवसर पर बोलते हुए, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के निदेशक (ईंधन) और अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव ने कहा, खनन उद्योग में सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के आयोजन बहुत महत्वपूर्ण हैं। खनन समाज और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। देश की प्रगति में खनन समुदाय सीधे तौर पर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे रहा है।इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के अलावा, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) प्रदर्शनी स्टॉल को कोयला क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल घोषित किया गया, जो खनन कार्यों में सुरक्षा और उत्कृष्टता के प्रति एनटीपीसी के समर्पण को उजागर करता है। यह पुरस्कार खनन क्षेत्र में सुरक्षा, नवाचार और परिचालन उत्कृष्टता के लिए एनटीपीसी की निरंतर खोज का एक प्रमाण है।इस कार्यक्रम में कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष, सीआईएल सहायक कंपनियों के सीएमडी और निदेशक, एनएमडीसी, एमओआईएल, एचसीएल, सेल, यूसीआईएल के सीएमडी और निदेशक और टाटा स्टील और हिंडाल्को जैसी प्रमुख निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों सहित उद्योग जगत के नेताओं ने भाग लिया।

### राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन के निधन पर जदयू प्रदेश कार्यालय में शोक सभा आयोजित

**रांची :** जदयू के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता राजीव रंजन के निधन पर प्रदेश जदयू नेताओं ने सोमवार को शोक प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश जदयू कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर जदयू नेता डॉ आफ़ताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, संतोष सोनी, सागर कुमार, लालचन महतो, आशा शर्मा, रत्ना शर्मा, अखिलेश राय, अशोक शर्मा, रामजी प्रसाद, अनुराधा शर्मा, शोमनाथ कुमार, राहुल कुमार, उमेश मुण्डा एवं अजय चौधरी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौक़े पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आफ़ताब जमिल ने कहा कि राजीव रंजन का निधन पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है। प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार ने कहा कि राजीव रंजन का झारखंड से भी जुड़ाव रहा है। यहां बिजली बोर्ड के अध्यक्ष पद को उन्होंने सुशोभित किया है।

# सौभाग्य है कि देश में सर्वाधिक बाघ मध्यप्रदेश में हैं : मुख्यमंत्री



**एजेंसी**

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर बाघ प्रेमियों को बधाई देते हुए कहा है कि यह हमारा सौभाग्य है कि देश में सर्वाधिक बाघ मध्यप्रदेश में पाए जाते हैं। भोपाल देश की एकमात्र ऐसी राजधानी है जिसकी नगर निगम सीमा के आसपास बाघ निर्बाध रूप से विचरण करते हैं। गर्व का विषय है कि प्रदेश में चीता परियोजना भी गतिशील है, जबकि संपूर्ण एशिया में कहीं चीता नहीं पाया जाता। पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को दृष्टिगत कर राज्य सरकार विभिन्न वन्य जीवों के सह अस्तित्व को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहित करती रहेगी। प्रदेश के जिन क्षेत्रों में टाइगर नहीं है वहां नए टाइगर रिजर्व विकसित किए जाएंगे। टाइगर राष्ट्रीय पशु है, सभी राज्यों में टाइगर के अस्तित्व मध्यप्रदेश अन्य राज्यों को भी टाइगर उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर लगाई प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन विभाग की तीन पुस्तकों क्रमशः वॉलेंट्री विलेज रिलोकेशन : द सतपुड़ा मॉडल, पेंच टाइगर बिहेवियर एक्टिविटीज किट-3 और कान्हा की कहानियाँ का विमोचन किया। इस अवसर पर टाइगर वॉरियर्स, पेंच लेंड आफ टाइगर और गौर के पुनर्स्थापन पर केंद्रित लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन और वन्य प्राणियों के संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए वन कर्मियों और अधिकारियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर वन मंत्री रामनिवास रावत, वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर विशेष रूप से उपस्थिति थीं।

# 10 वर्षों के नकामी को छुपाने हेतु शिलान्यास कर रहे भाजपा विधायक : रूचिर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने सदर प्रखंड के ग्राम सुआ के टोला भुषही में जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि 10 साल के कार्यकाल में भाजपा विधायक ने गांवों में जाकर काम तो दूर की बात है ग्रामीणों से मिलना भी मुनासिब नहीं समझा और आज जब चुनाव नजदीक आ गया है तो शिलान्यास करके राज्य सरकार के पैसा से प्रधानमंत्री मोदी का प्रचार करवा रहे हैं। वहीं भाजपा के पूर्व मेंयर अरुणा शंकर मेदिनीनगर नगर निगम में 5 वर्षों तक पीने का पानी भी आम जनता को उपलब्ध नहीं करा पाई। जनता इन सबको पहचान चुकी है।सुआ पंचायत के भुषही टोला विकास से कोसों दूर है। बिजली के तार और पोल की स्थिति जर्जर हो चुकी है।

कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लेकिन अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। सुआ रेलवे अंडरब्रिज नहीं बनने से यहां के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वे प्रतिदिन हादसे का शिकार हो जाते हैं। भाकपा भाजपा के 10 वर्षों के बिधायक के नकामी को आम जनता तक पहुंचाएंगी।अंत में अपना बुथ सबसे मजबूत का नारा लगाकर लोगों ने इस बार भाजपा को हराने का संकल्प लिया। जनसंपर्क अभियान में अखिल भारतीय नौजवान संघ के उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी, ननहक तिवारी,राजीव कुमार चौधरी, सुरेन्द्र चौधरी, धर्मेन्द्र चौधरी, जितेंद्र चौधरी, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का निधन अपूरणीय क्षति कांग्रेस

**रांची :** पूर्व मंत्री बच्चा सिंह के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सोमवार को शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ठाकुर ने कहा कि बच्चा सिंह का निधन ना सिर्फ बोकारो, बल्कि पूरे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। ठाकुर ने कहा कि बच्चा सिंह ने झारखंड निर्माण के साथ अपने कार्यकाल में नागरीय विकास के लिए योजना तैयार की। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कई कार्य किया। आम जनता के साथ उनके व्यवहार ने हीं उन्हें लोकप्रिय बनाकर रखा। अपने राजनीतिक विरोधियों की भी मदद करने में वह पीछे नहीं रहते थे, जिसके कारण आम लोगों के साथ समाज के हर दायरे में वह लोकप्रिय थे। मजदूर और युवाओं के हितैषी सिंह का जाना एक कालखंड का अंत है। दूसरी ओर, राज्य के पूर्व मंत्री और जदयू नेता रहे बच्चा सिंह के निधन पर जदयू ने शोक प्रकट किया।

# पारिवारिक विवाद में बेटा-बेटी को गोद में लेकर मां कुएं में कूदी, तीनों की मौत



**एजेंसी**

**भीलवाड़ा :** भीलवाड़ा शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र के सालरा गांव में पति से पारिवारिक कलह के चलते विवाहिता ने नौ माह के नवजात बेटे और सात साल की मासूम बेटी के साथ कुएं में कूद कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने अथक प्रयास के बाद मां-बेटे व बेटी के शवों को कुएं से निकलवा लिया।

सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से तीनों के शव को बाहर निकलवा कर हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। मामला सुभाष नगर थाना क्षेत्र के सालरा गांव का है, जहां सुबह करीब सात बजे घटना हुई। मृतका के तीन बच्चे थे, जिनमें चार साल की बेटी कविता घटना के समय उसके पिता के घर पर ही थी। वो जिंदा बची है। सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि सालरा में रहने वाली राजू देवी गाडरी (30) और उसके पति उदय लाल गाडरी के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी के चलते राजू देवी आज सुबह अपनी 7 साल की बेटी राधिका और 5 माह के बेटे हिमांशु को साथ लेकर घर से निकल गई। घर से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित अपने खेत में बने कुएं में उसने बेटा और बेटी को लेकर छलांग लगा दी। महिला के घर से निकल जाने के बाद परिजन उसकी तलाश में निकले। इस दौरान उन्हें तीनों के कुएं में कूदने का पता चला।मृतका के भाई भगवान गाडरी ने बताया कि करीब 12 साल पहले दोनों की शादी हुई थी। दोनों पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसके कारण परेशान महिला ने सुबह अपने दो बच्चों के साथ सुसाइड कर लिया। सूचना पर जब हम उदय लाल गाडरी के परिवार के पास पहुंचे तो उन्होंने हमसे अभद्रता की। ऐसे में पुलिस में मामला दर्ज करवाकर हत्या के एंगल को लेकर भी जांच का आग्रह किया है।